फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 97 प्रभात जयपुर, सोमवार 6 नवम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Making of Cyclic

I joined NDA as an IAF cadet because of the fear of a Dr / Capt Sharma who did Army medical and insisted on checking all cadets for piles, using an unusually large hollow pipe

Best Diwali Outfit Ideas

Considering the needs of the modern generation, we have collaborated the traditional styles with a modern touch, that are sure to buzz up this Diwali!



*क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के 37वें मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को एकतरफा मुकाबले में 243 रन से हराया दिया। इसके साथ ही भारत ने लगातार आठवीं जीत दर्ज की। साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रवींद्र जडेजा को पांच विकेट मिले। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। रोहित शर्मा ने 24 गेंद पर 40 रन बनाकर भारत को तेज शुरुआत दी। इसके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर ने भारतीय पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच 139 रन की साझेदारी हुई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने वनडे करियर का 49वां शतक जड़ा। विराट कोहली ने 121 गेंदों का सामना करते हुए 101 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली। उन्होंने इस दौरान सचिन तेंदुलकर के वनडे में सबसे ज्यादा शतक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी का सामना नहीं कर सके। अफ्रीका के सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं पार कर पाए। रवींद्र जडेजा ने 9 ओवर में 33 रन देकर 5 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल के बाद रवींद्र जड़ेजा दूसरे भारतीय स्पिनर बने, जिन्होंने वर्ल्ड कप में पांच विकेट लिए हैं। इस मैच में मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव दो-दो विकेट मिले। भारतीय टीम ने 20 साल बाद वर्ल्ड कप में लगातार आठवीं जीत हासिल की है। इससे पहले टीम इंडिया ने साल 2003 विश्व कप में 8 मैच में लगातार 8 मैच जीते थे। इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई टीम सबसे टॉप पर है, जिन्होंने साल2003, 2007 में लगातार 11 मैच जीते हैं।*

# सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी के मुँह पर तमाचा जड़ते हुए, कांग्रेस ने धारीवाल को कोटा से टिकट दिया

## धारीवाल ने राजस्थान में 25 सितम्बर की सोनिया गाँधी व हाई कमान के खिलाफ बगावत में प्रमुख भूमिका निभाई थी

- **बगावत के बाद, इसी घटनाक्रम में, धारीवाल का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने कहा था कि, कौन सा हाई कमान, राजस्थान में तो एक ही हाई कमान है, अशोक गहलोत।**
- **प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को दिन में धारीवाल मल्लिाकार्जुन खड़गे से मिले थे तथा उसके बाद, गहलोत ने तर्क दिया कि, धारीवाल ही पार्टी के फण्ड की व्यवस्था करते थे, अतः अगर धारीवाल को टिकट नहीं मिला तो, वे (गहलोत) आर्थिक संसाधनों की व्यवस्था करने में असमर्थ होंगे।**

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 5 नवम्बर। सोनिया और राहुल गाँधी के मुँह पर तमाचा जड़ते हुए कांग्रेस ने शांति धारीवाल को टिकट दिया है, जिनकी तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी के खिलाफ विद्रोह में प्रमुख भूमिका थी।

सूत्रों का कहना है कि, धारीवाल आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले, जिसके बाद उनका टिकट फाइनल हुआ।

जैसी कि चर्चा है कि, शांति धारीवाल अशोक गहलोत के लिए पैसे का प्रबंधन करते थे। इस बात को लेकर भी भारी अटकलबाजियाँ लगाई जा रही हैं कि, शायद धारीवाल, गहलोत व कम्पनी ने खड़गे जी को धारीवाल के टिकिट के लिए अपनी सहमति देने के लिए राजी किया है।

सूत्रों ने कहा कि, इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में बहुत गलत संदेश गया है तथा धारीवाल को टिकट देने के निर्णय से पार्टी को बहुत नुकसान होगा, जो कि पहले से ही काफी क्षतिग्रस्त है।

गहलोत ने यह कह दिया था कि, धारीवाल के पास पार्टी का कोष है तथा यदि उन्हें टिकट नहीं दिया गया, तो वे

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

### कांग्रेस उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट

| | विधानसभा क्षेत्र | प्रत्याशी का नाम | | विधानसभा क्षेत्र | प्रत्याशी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उदयपुरवाटी | भगवान राम सैनी | 12. | सुमेरपुर | हरि शंकर मेवाड़ |
| 2. | खेतड़ी | मनीषा गुर्जर | 13. | गुढ़ामालानी | सोना राम चौधरी |
| 3. | धोद (एस.सी.) | जगदीश दनोडिया | 14. | चित्तौड़गढ़ | सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत |
| 4. | झोटवाड़ा | अभिषेक चौधरी | 15. | शाहपुरा (एस.सी.) | नरेन्द्र कुमार रैगर |
| 5. | चाकसू | वेद प्रकाश सोलंकी | 16. | पीपलदा | चेतन पटेल |
| 6. | कामां | जाहिदा खान | 17. | कोटा (उत्तर) | शांति धारीवाल |
| 7. | बाड़ी | प्रशांत सिंह परमार | 18. | कोटा (दक्षिण) | राखी गौतम |
| 8. | टोडाभीम (एस.टी.) | घनश्याम मेहर | 19. | रामगंज मंडी | महेन्द्र राजोरिया |
| 9. | अजमेर (उत्तर) | महेन्द्र सिंह रालावत | 20. | किशनगंज (एस.टी.) | निर्मला सहरिया |
| 10. | नागौर | हरेन्द्र मिर्धा | | | |
| 11. | खींवसर | तेजपाल मिर्धा | 21. | झालरापाटन | राम लाल चौहान |

FEW SEATS LEFT (Co-Ed.)
MJMC
B.Arch.
BA-LL.B.
B.Pharm.
D.Pharm.
Helpline : +91-8696218218
BIYANI GROUP OF COLLEGES




# भाजपा के दो पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, परनामी व अरूण चतुर्वेदी का टिकट कटा

## भाजपा ने 18 प्रत्याशियों की घोषणा की

जयपुर, 5 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी ने अपने दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अशोक परनामी और अरूण चतुर्वेदी का टिकिट काट के सबको चौंका दिया। दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नज़दीक माने जाते है। आदर्श नगर सीट से परनामी की जगह रवि नैय्यर को तथा सी-स्कीम में अरूण चतुर्वेदी के स्थान पर पत्रकार गोपाल शर्मा को टिकिट दिया गया है।

भाजपा की रविवार को जारी 18 प्रत्याशियों की सूची में एक उल्लेखनीय नाम शाहपुरा से उपेन यादव का है, जो राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष है। हाल ही कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाली जयपुर की पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल को टिकिट नहीं मिला है। अभी भी भाजपा के तीन सीट बाड़ी, बाड़मेर व पचपदरा के प्रत्याशी की घोषणा बाकी है।

### भाजपा उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट

| | विधानसभा क्षेत्र | प्रत्याशी का नाम | | विधानसभा क्षेत्र | प्रत्याशी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हनुमानगढ़ | अमित चौधरी | 10. | मसूदा | अभिषेक सिंह |
| 2. | कोलायत | अंशुमान सिंह भाटी | 11. | शेरगढ़ | बाबू सिंह राठौड़ |
| 3. | सरदारशहर | राजकुमार रिणवा | 12. | मावली | डॉ.के.जी.पालीवाल |
| 4. | शाहपुरा | उपेन यादव | 13. | पिपल्दा | प्रेमचन्द गोचर |
| 5. | सिविल लाइन्स | गोपाल शर्मा | 14. | कोटा उत्तर | प्रहलाद गुंजल |
| 6. | किशनपल | चन्द्रमोहन बटवाड़ा | 15. | बांरा अटरू (अजा) | राधेश्याम बैरवा |
| 7. | आदर्श नगर | रवि नय्यर | 16. | बाड़ी | गिर्राज सिंह मलिंगा |
| 8. | भरतपुर | विजय बंसल | 17. | बाड़मेर | दीपक कड़वासरा |
| 9. | राजखेरा | नीरजा अशोक शर्मा | 18. | पचपदरा | अरुण अमराराम चौधरी |

## शरणार्थी कैम्प पर इज़राइल का हमला

तेल अवीव, 5 नवंबर (वार्ता)। इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच शनिवार देर रात मध्य गाजा में एक शरणार्थी शिविर पर इजरायली बमबारी में 30 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में यह जानकारी दी।

- **इस हमले में 30 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है।**

हमास ने टेलीग्राम पर अपने पोस्ट में कहा , इजरायल ने नागरिकों के घरों पर सीधे बमबारी की गयी। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। तुर्क अनादोलु एजेंसी के लिए काम करने वाले 37 वर्षीय पत्रकार मोहम्मद अलालौल ने कहा, इजरायली हवाई हमले में अल-मगाज़ी शिविर में मेरे

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# महादेव बेटिंग ऐप के मामले में मु.मंत्री बघेल बड़ी मुसीबत में फंसे

## महादेव बेटिंग ऐप के मालिक एवं आरोपी ने दावा किया कि, मु.मंत्री बघेल ने ही यू.ए.ई जाकर बिजनैस बढ़ाने की सलाह दी थी

नई दिल्ली, 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कथित महादेव ऐप मामले में फंसते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कथित महादेव ऐप मामले में एक आरोपी ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उसे यूएई जाने की सलाह दी थी। इस मामले में सीएम बघेल के खिलाफ चुनाव के दौरान मनी लॉण्डरिंग और अवैध धन के इस्तेमाल का आरोप लगा है।

- **आरोपी शुभम सोनी (जो मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ई.डी. द्वारा वांछित है) ने दुबई से एक वीडियो बनाया है। वीडियो में उसने मु.मंत्री बघेल पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वीडियो में सोनी ने दावा किया है कि, वह भूपेश बघेल के कहने पर दुबई गया था।**

सूत्रों ने कहा कि आरोपी शुभम सोनी (जो मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ई.डी. द्वारा वांछित है) ने दुबई से एक वीडियो बनाया है। वीडियो में उसने सीएम बघेल पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वीडियो में सोनी ने दावा किया है कि वह भूपेश बघेल के कहने पर दुबई गया।

सोनी ने यह भी दावा किया कि वह महादेव एप का असली मालिक है। हाल ही में ई.डी. ने असीम दास से 5.39 करोड़ रुपये नकद जब्त किए थे। एजेंसी के मुताबिक असीम दास ने दावा किया कि इसे दुबई से शुभम सोनी ने भूपेश बघेल के लिए भेजा था।

सट्टेबाजी ऐप से जुड़े कुछ बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उनमें मौजूद 15.59 करोड़ रुपये की रकम जब्त कर ली गई है। सूत्रों के अनुसार असीम दास से पूछताछ के बाद उसके सेलफोन की फोरेंसिक जांच और शुभम सोनी द्वारा भेजे गए ई-मेल से पता चला है कि अतीत में भी नियमित भुगतान किया गया है और अब तक महादेव ऐप प्रमोटर्स द्वारा लगभग 508 करोड़ का भुगतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को किया गया है।

## केदारनाथ धाम पहुँचे राहुल गांधी

नया टिहरी (उत्तराखंड)/नयी दिल्ली, 5 नवंबर (वार्ता)। पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनावों की गहमा गहमी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए रविवार को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम पहुंचे जहां वह भव्य आरती में भी शामिल हुए।

कांग्रेस संचार विभाग के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि गांधी दिन में हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे और विधि विधान से बाबा केदारनाथ की पूजा

- **कांग्रेस नेता राहुल गांधी भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए रविवार को उत्तराखण्ड के केदारनाथ धाम पहुंचे जहां वे भव्य आरती में भी शामिल हुए।**

अर्चना कर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि शाम को गांधी बाबा की भव्य सांध्य आरती में शामिल हुए और आरती पूरी होने तक बाबा का ध्यान करते रहे। आरती पूरी होने के बाद वह मंदिर सेवा के कार्यों में भी शामिल हुए।

गांधी सोमवार को केदारनाथ में विश्राम कर बाबा की पूजा अर्चना करेंगे और आरती में शामिल होंगे। शिवभक्त गांधी इससे पहले गौरीकुंड से केदार धाम

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# अखिलेश यादव ने कांग्रेस को धोखेबाज और चालू पार्टी बताया

## कांग्रेस के खिलाफ खुलकर हमलावर हुये अखिलेश यादव

इंदौर, 5 नवम्बर। इंडिया गठबंधन में बिखराव की स्थिति साफ नज़र आ रही है, इस गठबंधन में खींचतान काफी बढ़ गई है। अखिलेश यादव ने एक बार फिर कांग्रेस को निशाने पर ले लिया है तथा इस पार्टी को धोखेबाज की संज्ञा दी है। मध्य प्रदेश चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, प्रचार भी उतना ही तेज होता जा रहा है। अब ये चुनाव विधानसभा के लिहाज से तो अहम है ही, इंडिया गठबंधन के लिए तो 2024 की नजर से भी मायने रखता है। ऐसे समय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस के खिलाफ खुलकर हमलावर हो गये हैं। इंडिया गठबंधन में एक-दूसरे के पर इस तरह से निशाना साधा जा रहा है कि आगे चलकर इंडिया गठबंधन के लिए भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

असल में टिकमगढ़ में अखिलेश यादव रविवार को एक रैली संबोधित कर रहे थे। उस रैली में कांग्रेस को चालू बता दिया, यहां तक कहा कि पार्टी धोखा देती है। अखिलेश ने कहा कि मुझे पता है कि यहां पर आप लोगों को राशन नहीं मिलता है। जब राशन नहीं तो बीजेपी को वोट क्यों दोगे। मैं तो बोलूंगा कि कांग्रेस को भी वोट मत देना, ये बहुत चालू पार्टी है। कांग्रेस से भी सावधान रहोगे या नहीं?

रैली में अखिलेश ने जातिगत जनगणना को लेकर भी कांग्रेस पर वार किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सिर्फ वोट की वजह से जातिगत

- **टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश) की रैली में अखिलेश ने जातिगत जनगणना को लेकर भी कांग्रेस पर वार किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सिर्फ वोट की वजह से जातिगत जनगणना की मांग कर रही है। इस समय क्योंकि वो वोट बीजेपी के पास जा चुका है, ऐसे में उसी वो वापस पाने के लिए जातिगत जनगणना की मांग हो रही है।**

जनगणना की मांग कर रही है। इस समय क्योंकि वो वोट बीजेपी के पास जा चुका है, ऐसे में उसी वो वापस पाने के लिए जातिगत जनगणना की मांग हो रही है। सपा तो हमेशा से ही इस समाज के अधिकारों के लिए खड़ी रही है। अब अखिलेश का यूं ही कांग्रेस पर गुस्सा नहीं निकल रहा है, असल में एमप की राजनीति में कुछ दिन पहले ऐसा खेल हुआ जिसकी वजह से सपा ने खुद को ठगा हुआ महसूस किया।

मध्यप्रदेश चुनाव में पहले सपा, कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली थी। सीट शेयरिंग की कई बैठकें भी साथ हुई थीं, सपा को उम्मीद थी कि कांग्रेस कुछ सीटें तो दे ही देगी, लेकिन जब लिस्ट सामने आई, एक भी जगह सपा को टिकट नहीं दिया गया जिस वजह से विवाद बढ़ गया और अखिलेश यादव ने कांग्रेस पर ही निशाना साधना शुरू कर दिया। सबसे खास बात यह है कि, अखिलेश यादव की नाराजगी का मोल कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में चुकाना पड़ सकता है।

इसी दौरान उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जिनकी उम्र 80 साल हो, वो कैसे पहचानेंगे। उन्होंने कहा कि हमें किसी से कोई नाराजगी नहीं है, पर हम ये मानते हैं कि जिनकी उम्र 80 साल हो, वो कभी-कभी पहचानेंगे नहीं। ये गलती हमारी है कि जिनकी उम्र 80 साल है, उन पर ये भरोसा कर लिया कि वो हमें पहचान रहे होंगे। समझा जा रहा है कि यादव का ये बयान कमलनाथ के संदर्भ में आया है।

अखिलेश यादव के इस बयान पर तंज कसते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने एक्स पर पोस्ट किया, अखिलेश यादव ने खोली कांग्रेस की पोल , नाथ साहब की उम्र पर कसा तंज...इंडी गठबंधन की यह है हालत... कभी चिरकुट , कभी धोखेबाज़ , कभी चालू पार्टी...।

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच तनातनी की खबरें पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रहीं थीं। कई खबरों के अनुसार इंडिया गठबंधन

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## दिल्ली में 10 नवम्बर तक प्राइमरी स्कूल बंद

नयी दिल्ली, 5 नवम्बर (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को 10 नवम्बर तक बंद रखने का निर्णय लिया। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने एक्स पर स्कूलों को बंद रखने की जानकारी दी। उन्होंने कहा चूंकि प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ा

- **दिल्ली में सरकार ने प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को 10 नवम्बर तक बंद रखने का निर्णय लिया।**

हुआ है इसलिए दिल्ली में प्राथमिक स्कूल 10 नवंबर तक बंद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि कक्षा छह से बारहवीं तक के लिए स्कूलों को ऑनलाइन में शिफ्ट होने का विकल्प दिया जा रहा है। ग़ौरतलब है कि प्रदूषण बढ़ने के कारण दिल्ली सरकार ने

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## विचार बिन्दु

वृक्ष खुद गर्मी सहन कर शरण में आये राहगीर को गर्मी से बचाता है।
–कालिदास

# उच्च शिक्षा के बजट में कटौती और विश्वगुरु बनने के सपने

नवम्बर का महीना न केवल देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू के जन्म का महीना है, यह महीना दुनिया भर के अकादमिक क्षेत्रों में भारत का परचम लहराने वाले अपने देश के अग्रणी विश्वविद्यालय जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की स्थापना का भी महीना है। भारतीय संसद द्वारा 22 दिसंबर 1966 को इसके निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया और 14 नवंबर, 1969 को जेएनयू अधिनियम 1966 (1966 का 53) के तहत इसकी स्थापना हुई। पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने 13 दिसंबर 1947 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एक भाषण देते हुए कहा था, "किसी भी विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानवता, सहनशीलता, तर्कशीलता, चिंतन प्रक्रिया और सत्य की खोज की भावना को स्थापित करना होता है।" यह बहुत उपयुक्त है कि पण्डित नेहरू आजीवन जिन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे, यह विश्वविद्यालय उन्हीं मूल्यों से संचालित होता है। राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, जीवन का लोकतांत्रिक तरीका, अंतरराष्ट्रीय समझ और समाज की समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण इसके मूल में हैं। इसका उद्देश्य है "अध्ययन, अनुसंधान और अपने समस्त जीवन के प्रभाव द्वारा ज्ञान का प्रसार करना।"

यद्यपि आयु की दृष्टि से यह विश्वविद्यालय देश के अनेक विश्वविद्यालयों से छोटा है, अपने अस्तित्व के इतने कम वर्षों में ही इसने अपनी उत्कृष्टता को स्थापित व प्रमाणित किया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) ने इसे चार के पैमाने पर 3.91 का ग्रेड पॉइण्ट दिया है जो अब तक देश के किसी भी विश्वविद्यालय को दिया गया सर्वोच्च ग्रेड पॉइण्ट है। भारत सरकार के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा वर्ष 2016 में इस विश्वविद्यालय को देश के सभी विश्वविद्यालयों में तीसरा और वर्ष 2017 में दूसरा स्थान प्रदान किया गया था। वर्ष 2017 में इस विश्वविद्यालय को भारत के राष्ट्रपति ने देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का पुरस्कार प्रदान किया। इससे पहले सन 2012 में जेएनयू को समस्त मानकों पर देश का सबसे अच्छा विश्वविद्यालय घोषित किया जा चुका था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस विश्वविद्यालय के कई शैक्षिक केंद्रों को उत्कृष्टता केंद्र घोषित कर रखा है।

यहीं यह बात ग़ौर तलब है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार 31 मार्च, 2023 तक भारत में कुल 1078 विश्वविद्यालय हैं। इनमें 54 केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। यहीं यह बात भी विचारणीय है कि अमरीका में कुल 3216 विश्वविद्यालय ही हैं लेकिन अगर प्रतिष्ठा की बात की जाए, तो मुंह से यही निकलता है कि कहां वे और कहां हम। आखिर क्या वजह है कि हमारे विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर वैसी प्रतिष्ठा अर्जित नहीं कर सके हैं? इस सवाल पर विचार करने के साथ ही इस बात पर भी ध्यान जाना चाहिए कि अगर हमारा एक विश्वविद्यालय भी दुनिया में अपनी जगह बना सका है तो हम ऐसा क्या करें और क्या न करें कि वह विश्वविद्यालय तो अपनी उत्कृष्टता बनाए रखे ही, अन्य संस्थान भी अपने प्रदर्शन को बेहतर कर सकें।

ये सब बातें हमारे मन में आती हैं लेकिन उसी के साथ यह बात भी हमारा ध्यान खींचती है कि पिछले कुछ बरसों में इस विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने के संगठित प्रयास किए गए हैं। यह बात बहुत कष्टप्रद लगती है कि हम श्रेष्ठ का निर्माण करने की बजाय जो श्रेष्ठ है उसे ध्वस्त करने में अपनी सारी ऊर्जा लगाए जा रहे हैं। समाज का एक बड़ा तबका ऐसा है जो सकारात्मकता की बजाय नकारात्मकता को बहुत आसानी से स्वीकार करता है। उनके सामने अगर आप किसी की प्रशंसा करें तो उस पर उन्हें भरपूर संदेह होगा, लेकिन अगर किसी की बुराई करें तो वे उसे एक सौ दस फीसदी सही मान कर उसके प्रचार प्रसार में जुट जाएंगे। इसी तबके की इस मानसिकता के कंधों पर सवार होकर जेएनयू को बदनाम करने का सुनियोजित अभियान चलाया गया और इसे टुकड़े-टुकड़े गैंग की नर्सरी के रूप में स्थापित करने के कामयाबी हासिल की गई। बड़े ज़ोर-शोर से इस बात को प्रचारित किया गया कि यहां निकम्मे और देशद्रोही किस्म के युवा जनता के खून पसीने से अर्जित गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग करके ऐश-ओ-आराम का जीवन व्यतीत करते हैं। टुकड़े-टुकड़े गैंग वाली बात कहीं भी और कभी भी प्रमाणित नहीं हुई, लेकिन एक झूठ को हज़ार बार दुहरा कर सच के रूप में स्थापित कर देने के कौशल को इसने एक बार फिर से सही साबित कर दिया। बेशक यह विश्वविद्यालय महंगा नहीं है। लेकिन यह भी याद रखा जाना चाहिए कि इसके और देश के अन्य शिक्षण संस्थानों की स्थापना के मूल में भी यह बात रही है कि देश का वंचित और विपन्न तबका भी बेहतर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। मेरी पीढ़ी के अधिकांश लोग सरकार द्वारा वित्त पोषित और बहुत कम फीस वाले ऐसे ही संस्थानों में पढ़कर अपने जीवन में आगे बढ़ सके हैं। असल में आज़ादी के बाद हमारे विचारवान नेताओं ने जन कल्याणकारी योजनाओं को तरजीह दी और उनके अठागामी सोच की ही यह सुखद परिणति है कि आज देश के पास एक मज़बूत ढांचा है। लेकिन इधर के वर्षों में एक नया सोच सामने लाया जाने लगा है जिसके तहत सरकारों द्वारा जनता के कल्याण के लिए किए जाने वाले कामों को मुफ्तखोरी बता कर अपमानित किया जाता है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आहिस्ता-आहिस्ता कमज़ोर और विफल करके निजीकरण को अपने पंख फैलाने के अवसर दिये जा रहे हैं। पहले आप बजट में कटौती कीजिए, संबद्ध संस्थान को ठीक से काम मत करने दीजिए, फिर उस पर निकम्मेपन की तोहमत लगा दीजिए। ऐसा बहुत सारे क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसके पीछे के सोच को सहज ही समझा जा सकता है।

> **मेरा बहुत स्पष्ट मत है कि अगर आप अपनी नई पीढ़ी को उसकी आकांक्षाओं के अनुरूप शिक्षा सुलभ नहीं करवा पाते हैं तो यह आपकी असफलता है। अच्छी शिक्षा पर सबका हक़ होना चाहिए और साधनों की कमी इसमें बाधक नहीं बननी चाहिए। जिनके पास साधन नहीं हैं, उन्हें शिक्षा से, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रखकर हम अपने ही देश के भविष्य को अंधकारमय बनाते हैं।**

यही प्रवृत्ति अब देश के इस बेहतरीन विश्वविद्यालय को भी अपना शिकार बना रही है। एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र में छपी रिपोर्ट बताती है कि सरकार ने पिछले छह बरसों में इस विश्वविद्यालय को शोध और अकादमिक कामों के लिए दिये जाने वाले अनुदान की राशि में लगभग 90 प्रतिशत की कटौती कर दी है। जी हां, आपने सही पढ़ा है नब्बे प्रतिशत की कटौती कर दी है। इन कामों के लिए जहां सन 2015-16 में कुल 21.83 करोड़ की राशि दी गई थी, सन 2021-22 में इस राशि को घटाकर मात्र 2.82 करोड़ कर दिया गया है। अगर इस कटौती के विस्तार में जाए तो हम पाते हैं कि प्रयोगशालाओं के लिए दी जाने वाली 3.16 करोड़ की राशि को घटाकर मात्र 36 लाख, सेमिनारों और वर्कशॉप्स के लिए दी जाने वाली राशि को 1.79 करोड़ से घटाकर मात्र 38 लाख, और छात्रवृत्ति आदि के लिए दी जाने वाली 15.8 करोड़ की राशि को घटाकर केवल दो लाख कर दिया गया है। इन कटौतियों का प्रभाव क्या होगा? एक तो यह कि विश्वविद्यालय को अपनी गतिविधियों में कमी करनी होगी। प्रयोगशालाएं आर्थिक अभाव के चलते उतनी अच्छी सुविधाएं नहीं दे सकेंगी, सेमिनार और वर्कशॉप्स कम हो जाएंगे, और दूसरा यह कि वंचित विपन्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए यहां पढ़ना मुश्क़िल हो जाएगा। और यह दूसरी बात इस विश्वविद्यालय की आधारभूत संकल्पना के ही खिलाफ़ है। यहां की एडमिशनपॉलिसी पिछड़े इलाके से आने वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक देकर उन्हें पिछड़ेपन से निकाल कर मुख्यधारा में लाना चाहती है लेकिन इस तरह की कटौती उनका यहां रहना कठिन बना देगी। और इस तरह यह विश्वविद्यालय आहिस्ता-आहिस्ता अपनी श्रेष्ठता और विशिष्टता को खो देगा। भले ही हमने कोई नया और बेहतर विश्वविद्यालय न बनाया हो, हम इस बात पर ज़रूर अपनी पीठ थपथपा लेंगे कि एक अच्छे ख़ासे उत्कृष्ट संस्थान को हमने बर्बाद कर दिया।

वैसे यह सोच कि शिक्षा जैसी चीज़ पर अपने संसाधन लगाना बेमानी है, देश के अन्य शिक्षण संस्थानों तक भी फैलता जा रहा है। हाल में आई एक ख़बर के अनुसार दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग ने पी-एचडी की फीस में 1100 फीसदी की वृद्धि कर दी है। पहले यह फीस 1,932 रुपये थी, जिसे अब बढ़ाकर 23, 968 रुपये कर दिया गया है। कुछ समय पहले भारतीय प्रौद्योगिक संस्थानों (आईआईटी) से भी इसी तरह की फ़ीस वृद्धि की खबरें आई थीं। राज्यों के विश्वविद्यालय बदहाली के जिस दौर से गुज़र रहे हैं, उनकी बात करना ही बेकार है। सरकारों के पास उन्हें देने के लिए बजट नहीं हैं। बिना शिक्षकों के विश्वविद्यालय चलाए जा रहे हैं। ऐसे में यह बात और भी अधिक कष्टप्रद लगती है कि एक तरफ तो हम विश्वगुरु होने का सपना देखते-दिखाते हैं और दूसरी तरफ ले देकर हमारे पास जो एक विश्वविद्यालय ऐसा है जिस पर हम गर्व कर सकते हैं, हम उसे भी वैसा नहीं रहने देने के लिए हर मुमकिन प्रयास कर रहे हैं। मेरा बहुत स्पष्ट मत है कि अगर आप अपनी नई पीढ़ी को उसकी आकांक्षाओं के अनुरूप शिक्षा सुलभ नहीं करवा पाते हैं तो यह आपकी असफलता है। अच्छी शिक्षा पर सबका हक़ होना चाहिए और साधनों की कमी इसमें बाधक नहीं बननी चाहिए। जिनके पास साधन नहीं हैं, उन्हें शिक्षा से, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रखकर हम अपने ही देश के भविष्य को अंधकारमय बनाते हैं। और अगर हम ऐसा करते हैं तो हमें बड़ी-बड़ी बातें करने का कोई हक़ नहीं है। अच्छा तो यह हो कि हम अपने बहुत सारे फिज़ूल के खर्चों में कटौती करके जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर मज़बूती प्रदान करें, लेकिन हो यह रहा है कि हम ऐसी तमाम योजनाओं की जड़ों को ही कमजोर करने पर तुले हुए हैं।

–अतिथि संपादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

# वाहन प्रदूषण में सुधार बड़ी चुनौती है



अविनाश जोशी

**महानगरों** में बढ़ते वायु प्रदूषण और उससे पैदा होने वाली परेशानियों के मद्देनजर वाहनों के संचालन को नियंत्रित करने की सलाह लंबे समय से दी जाती रही है। अब तो जलवायु संकट से पार पाने के लिए तमाम देशों पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती का दबाव है। इसलिए भी पेट्रोल-डीजल जेसे जीवाश्म ईंधन की जगह बिजली और सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहनों को प्रोत्साहन देने पर जोर है।

जब वाहन प्रदूषण को कम करने की बात आती है तो आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का अनुमान लगाने वाले अच्छे नियम बनाना इसे कम करने में बहुत मददगार हो सकता है। कानून निर्माताओं को ऐसे कानूनों का मसौदा तैयार करना चाहिए जो लोगों को वाहन प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने में मदद करें। ऐसे कानूनों में आयात किए जा सकने वाले वाहनों की आयु पर एक सीमा लगाना, सड़क पर चलने योग्य वाहनों की स्थितियों पर दिशानिर्देश निर्धारित करना और ऐसी एजेंसियां बनाना शामिल हो सकता है जो हरित ऊर्जा जैसे वैकल्पिक ईंधन पर ध्यान देंगी। वैश्विक मोर्चे पर, विश्व नेताओं को एक साथ आना चाहिए और प्रदूषण को खत्म करने या कम करने के लिए मानक प्रथाओं पर सहमत होना चाहिए। इन्हें अपनाया जाना चाहिए ताकि प्रत्येक राष्ट्र वांछित परिणाम प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभा सके। भारतीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने सुझाव दिया है कि दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में डीजल से चलने वाले वाहनों पर रोक लगा देनी चाहिए। अगले बारह सालों में आंतरिक दहन वाले इंजन से चलने वाले दुपहिया और तिपहिया वाहनों को भी बंद कर देना चाहिए। अगले दस सालों में शहरी क्षेत्रों में एक भी डीजल चालित वाहन नहीं होना चाहिए। अगर इन पर नियंत्रण कर लिया गया, तो निस्संदेह काफी हद तक कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है।

शहरों में डीजल से चलने वाले निजी वाहनों पर रोक लगाने का सुझाव पुराना है। मगर हकीकत यह है कि आजकल जिस तरह बड़े वाहनों का आकर्षण बढ़ रहा है, उसमें डीजल से चलने वाली गाड़ियों का निर्माण भारी संख्या में होने लगा है। फिर सार्वजनिक वाहनों के रूप में बसों और माल ढुलाई के लिए उपयोग होने वाले भारी ट्रकों की वजह से भी वायु प्रदूषण की दर पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। हालांकि महानगरों में मालवाहक वाहनों का प्रवेश निश्चित समय के लिए ही खुला रखा जाता है, फिर बाहर से आने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश करने के बजाय बाहरी मार्गों से निकाल दिया जाता है, फिर भी वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज नहीं हो पाता। भारत के कुछ शहर दुनिया के कुछ सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार हैं। ऐसे में विद्युत चालित वाहनों के चलन पर जोर दिया जा रहा है। पेट्रोल और डीजल में एथेनाल आदि मिला कर कार्बन उत्सर्जन पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। मगर इन उपायों का भी कोई उल्लेखनीय प्रभाव नजर नहीं आता।

वायु गुणवत्ता में सुधार बड़ी चुनौती है और इससे पार पाने के लिए कुछ कठोर कदम उठाने को बुरा नहीं कहा जा सकता। मगर पहले वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करना बहुत जरूरी है। आजकल वाहन हर किसी की जरूरत बन चुके हैं। दुपहिया वाहन सामान्य आयवर्ग के लोगों के लिए जरूरी साधन हैं। ऐसे में उन्हें एकदम से खत्म करना बड़ी असुविधा पैदा कर सकता है। हालांकि बैट्री से चलने वाले दुपहिया वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है, मगर अभी उनके लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और उनका उपयोग उस तरह लंबी दूरी के लिए नहीं किया जा सकता, जिस तरह जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों का किया जाता है। अब कारें भी विद्युत चालित आने लगी हैं, पर उनके सामने भी वही समस्या है। सार्वजनिक वाहन और मालवाहकों में डीजल की जगह कैसा इंजन लगाया जाएगा, जो भारी वजन उठा सके, यह देखने की बात है। मोटर वाहनों द्वारा पर्यावरण में हानिकारक सामग्री का प्रवेश वाहन प्रदूषण है। प्रदूषक के रूप में जानी जाने वाली ये सामग्रियां मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र पर कई बुरे प्रभाव डालती हैं। आज सड़कों पर बड़ी संख्या में उपलब्ध वाहनों के कारण दुनिया भर के कई देशों में परिवहन वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्त्रोत है। क्रय शक्ति में वृद्धि का मतलब है कि अधिक लोग अब कार खरीद सकते हैं और यह पर्यावरण के लिए बुरा है। भारत में बढ़ते शहरीकरण के कारण वाहन प्रदूषण चिंताजनक दर से बढ़ा है। शहरी क्षेत्रों, विशेषकर बड़े शहरों में वाहनों से होने वाला वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गया है। वाहनों से होने वाला प्रदूषण खांसी, सिरदर्द, मतली, आंखों में जलन, विभिन्न ब्रोन्कियल और दृश्यता समस्याओं जैसे लक्षणों के माध्यम से दिखना शुरू हो गया है।

वाहन प्रदूषण का मुख्य कारण वाहनों की तेजी से बढ़ती संख्या है। वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से ओजोन परत का ह्रास होता है और यह ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनता है। इसका परिणाम प्रतिकूल मौसम होता है जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जान-माल की हानि होती है। ग्लोबल वार्मिंग दुनिया की कई प्रमुख सरकारों के लिए चिंता का विषय है और इसे कम करने के लिए जानबूझकर प्रयास किए गए हैं। ओजोन परत के ख़त्म होने से, सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणें पृथ्वी की निचली सतह तक पहुँच सकती हैं और ग्रह पर मनुष्यों और अन्य जीवित जीवों को नुकसान पहुँचा सकती है।

यदि आपके पास कार है तो भी परिवहन के वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। कोई व्यक्ति काम पर जाने के लिए बाइक, ट्रेन या बस की सवारी कर सकता है। जब आपका कार्यस्थल आपके निवास स्थान से अधिक दूर न हो तो पैदल चलना भी एक विकल्प है। बाइक चलाना, साथ ही पैदल चलना, व्यायाम और फिटनेस आहार के बेहतरीन विकल्प प्रदान करता है। बहुत से लोग तब काम छोड़ देते हैं जब वे पहले से ही थके हुए होते हैं और उनके पास फिटनेस दिनचर्या के लिए समय नहीं होता है, इसलिए यह स्वस्थ रहने का एक मजेदार विकल्प होगा। यह आपकी कार का उपयोग करने की तुलना में सस्ता भी है, जिसमें अभी भी ईंधन भरने, रखरखाव की आवश्यकता होगी और आपको पार्किंग शुल्क के रूप में कुछ रुपये खर्च करने होंगे। परिवहन के इन वैकल्पिक साधनों का उपयोग करना स्मार्ट विकल्प है।

यह अक्सर कहा जाता है कि हमारे पास केवल एक ही पृथ्वी है और हमें इसकी रक्षा के लिए सब कुछ करना चाहिए। कोई भी किनारे बैठकर देखने का जोखिम नहीं उठा सकता क्योंकि जब प्रदूषण की बात आती है, तो हर कोई प्रभावित होता है, यहां तक कि वे भी जिन्होंने इसमें योगदान नहीं दिया। वाहन परिवहन दुनिया भर में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में से एक है। अच्छी बात यह है कि इसके बारे में वास्तव में कुछ किया जा सकता है। इसकी शुरुआत स्वच्छ ग्रह के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी से होती है। जब लोग अपनी मानसिकता बदलते हैं और अधिक सक्रिय हो जाते हैं, तो बहुत सी अच्छी चीजें हासिल की जा सकती हैं। इसी प्रकार वाहन प्रदूषण को भी कम एवं प्रबंधित किया जा सकता है।

–अविनाश जोशी,
स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक

# वन विभाग की टीम ने 15 टन लकड़ियों से भरा ट्रक जब्त किया

**खेतड़ी,** (निसं)। अवैध लकड़ियों के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए रविवार को वन विभाग की टीम ने लकड़ियों से भरे ट्रक को जब्त किया है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 15 टन लकड़ियां बरामद की है।

वन विभाग के रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि अवैध लकड़ियों के परिवहन को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि एक ट्रक में अवैध रूप से लकड़ियां भरकर हरियाणा की ओर ले जाए जा रही हैं। जिस पर वन विभाग की ओर से सिंघाना थाना क्षेत्र के सागा गांव के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया, जिसको रुकवा कर तलाशी ली गई तो उसमें अवैध रूप से रोहिड़ा की लकड़ियां भरी हुई थी। इस संबंध में जब ट्रक चालक से पूछताछ की गई तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। जिस पर वन विभाग की टीम ने लकड़ियों से भरे ट्रक को जब्त कर भंडाडर तन सीकर निवासी हनुमान पुत्र भोलाराम को गिरफ्तार कर लिया।

रेंजर ने बताया कि आरोपी द्वारा प्रथम पूछताछ में सामने आया कि ट्रक में राज्य वृक्ष रोहिड़ा की लकड़ियां भरी हुई थी, जिनके परिवहन को लेकर चालक के पास कोई वैद्य कागजात नहीं पाए गए। ट्रक में भारी लकड़ियों को प्रतिबंधित क्षेत्र से हरियाणा में ले जाने की बात सामने आई है, जिस पर ट्रक को जब्त कर रेंज कार्यालय में लाया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध लकड़ियों व अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग की ओर से अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है और इन पर रोक लगाने को लेकर विभाग की टीमों की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान टीम में वनपाल शाहरुख खान, सहायक वनपाल सत्यवान, मनोज, ओम प्रकाश, वनरक्षक साधु राम, अरुण सैनी, ईश्वर सिंह, महिपाल रिणंवा आदि शामिल थे।




सागा गांव के पास नाकाबंदी में रोहिड़ा की लकड़ियों से भरा ट्रक जब्त का एक जने को गिरफ्तार किया।

# "मोमासर उत्सव" ने कला प्रेमियों का दिल जीता

**जयपुर।** बीकानेर के मोमासर कस्बे में आयोजित "मोमासर उत्सव" कई मायनों में एक अनूठा और अलग तरह का कल्चरल फेस्टिवल है।

देश के इस सबसे बड़े ग्रामीण लोक संगीत आयोजन में ना कोई छोटा है, ना कोई बड़ा और ना ही कोई वीआईपी। यहां दर्शक ज़मीन पर बैठकर देश-दुनिया के नामी लोक कलाकारों को देखते सुनते हैं और उनकी अद्भुत कला को देखकर तालियां नहीं थमती। ऐसे दुर्लभ गीत-संगीत और कलाओं से रूबरू होने की कोई फीस या कोई टिकट नहीं। यह आयोजन सबके लिए फ्री है। हर साल देश-दुनिया से हज़ारों दर्शक कला की इस अनूठी दुनिया से आत्मसात करने आते हैं।

- **देश का सबसे बड़ा ग्रामीण लोक संगीत उत्सव जो सबके लिए फ्री, कोई टिकट या फीस नहीं**





बीकानेर के मोमासर कस्बे में आयोजित "मोमासर उत्सव" में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

उत्सव अनूठा इसलिए भी है क्योंकि इसका आयोजन गांव की हवेलियों में, खुले रेगिस्तानी मैदान में, गांव के जोहड़ जैसी सहज और सुंदर जगहों पर होता है। उत्सव की सबसे बड़ी बात है कि आयोजन में चाहे सजावट हो, आगंतुकों का खान-पान हो, रहने की व्यवस्था हो सब स्थानीय रूप से मौजूद संसाधनों से ही होता है।

उत्सव के दूसरे दिन सुबह द सैंड्स में सुमित्रा दास के भक्ति गीतों ने रेगिस्तान की मिट्टी में भक्ति का अमृत रस घोल दिया। दोपहर को हवेली चौक में पतासी देवी-संतरा देवी भोपी द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। इसके बाद इस्माइल खां लंगा ने सारंगी पर लंगा समुदाय के लोक गीतों से दर्शकों को रिझाया। रात को ताल मैदान में हज़ारों दर्शकों की मौजूदगी के बीच संगीता सिंघल और समूह ने घूमर और नोरंग लाल व समूह ने चंग नृत्य की प्रस्तुति दी।

इटेलिअन लोक संगीत ग्रुप गाई साबेर की राजस्थानी कलाकारों के साथ जुगलबंदी ने एहसास कराया कि संगीत को सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता है। शिवम डांस अकेडमी के मंजीरा नृत्य और मांगीलाल-पवन कुमार और साथियों के ढोल-थाली नृत्य ने राजस्थान की संस्कृति को साकार किया। श्रीचंद्र मोहन भट्ट के निर्देशन में महिला कलाकारों ने डिवाइन स्ट्रिंग्स में सितार पर सुरों की मनमोहक तान छेड़ी। देर रात तक चले कार्यक्रम में रामगोपाल सपेरा और साथियों ने संगीतमय बीन नृत्य किया। इसके बाद कथक-लोक संगीत जुगलबंदी और लंगा-मांगणियार संगीत जुगलबंदी को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध होकर कह उठे "भई वाह !ऐसा गीत संगीत अब तक नहीं देखा"। दिनभर दर्शकों को 'धुंधलाती धुनें' में लोक वाद्य निर्माण और कलाकारों की अनसुनी कहानियाँ सुनने का अवसर मिला। मोमासर हाट बाज़ार के उत्पादों में भी दर्शकों ने खासा रुचि दिखाई।

उत्सव का समापन तीसरे दिन राजू देवी, राकेश भोपा और साथियों के भक्ति संगीत से हुई। 'मोमासर उत्सव' का इस बार यह 11वां संस्करण है। यह उत्सव राजस्थान की संस्कृति, अद्भुत कला और दुर्लभ लोक संगीत को बरसों से सहेजता आ रहा है। यह राजस्थान का एकमात्र ऐसा आयोजन है जिसमें इतने बड़े स्तर पर समुदाय और आमजन की सहभागिता रहती है।

गौरतलब है कि मोमासर उत्सव का आयोजन "जाजम फाउंडेशन" के द्वारा किया जाता है। इसके मुख्य प्रायोजक सुरवि चैरिटेबल ट्रस्ट है। इसके सह-प्रायोजक संचेती ग्रुप हैं। नागपाल इवेंट्स-जयपुर, विश-मेकर्स-दिल्ली, लोक-धुनी फाउंडेशन, डांसिंग पिकॉक और मर्करी कम्यूनिकेशन इस उत्सव के आयोजन सहयोगी हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 6 नवम्बर, 2023**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, अश्लेषा नक्षत्र दिन 1:22 तक, शुक्ल योग दिन 2:25 तक, तैतिल करण सांय 4:35 तक, चन्द्रमा आज दिन 1:22 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-मेष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज बुध वृश्चिक राशि में सांय 4:26 पर प्रवेश करेगा। आज महापात योग सांय 7:55 से रात्रि 12:50 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:05 तक, शुभ 9:27 से 10:49 तक, चर 1:32 से 2:54 तक, लाभ-अमृत 2:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:43, सूर्यास्त 5:37

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों का विस्ता हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**सिंह**
व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों को दिन के मध्यान्ह पूर्व करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में उचित सफलता मिलेगी।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्रमा शुभ नहीं है।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित मामलों में आर्थिक परेशानी हो सकती है। आज आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

# चार बार हारने वालों को ही टिकट देना था, तो फिर इतने दिन क्यों लगाए

## कांग्रेस की छठी सूची आने के बाद कांग्रेस जन उठा रहे हैं सवाल

- मुख्यमंत्री के घर में पूर्व महापौर दाधीच ने उठाया बगावत का झंडा
- लगातार हारते रहने के बावजूद गुड्डू को फिर लाडपुरा से टिकट, लगातार हार रहे भगोरा पर भी मेहरबानी
- सिर्फ दो विधायकों के काटे टिकट

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस ने अपनी छठी सूची में जो 22 नाम दिए हैं, उन्हें देखने के बाद स्पष्ट हो गया है कि पिछले 3 महीने से कांग्रेस के नेताओं ने जिस कवायद की बात की थी ,वैसा कुछ भी नहीं किया गया। बल्कि कांग्रेस नेताओं ने बैठक-बैठक खेलते हुए कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं और टिकट के दावेदारों को सिर्फ गुमराह करने का सा काम किया। पूरी सूची देखने के बाद कहीं नहीं लगता कि कहीं सर्वे, पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट या प्रदेश चुनाव समिति के नेताओं ने कहीं भी कोई थोड़ी बहुत गंभीरता के साथ उम्मीदवारों का चयन किया है।

छठी सूची में कुछ नाम तो ऐसे हैं जिन्हें क्यों टिकट दिया गया है, खुद देने वालों को नहीं पता होगा कि ऐसी क्या मजबूरी है। कोटा की लाडपुरा सीट का मामला ही ले लीजिए यहां से नईमुद्दीन गुड्डू को फिर कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बना दिया। 2008 से लेकर 2018 तक गुड्डू ही उस क्षेत्र से चुनाव में हार रहे हैं। दरअसल दो बार तो गुड्डू को पार्टी ने टिकट दिया और 2018 में जब दो बार हारने वालों के टिकट काटे तो गुड्डू की पत्नी को टिकट दे दिया गया। अब वह नियम नहीं है तो फिर से गुड्डू को दे दिया गया। ऐसे में कांग्रेस जन पूछ रहे हैं कि क्या कोटा की यह लाडपुरा सीट गुड्डू परिवार के नाम लिख दी गई है। यदि ऐसा है तो फिर बाकी कांग्रेसजन यहां से कहीं और चले जाए। पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा को पार्टी ने चौरासी से मौका दिया है। ताराचंद भगोरा पूर्व सांसद हैं और लगातार चुनाव हारते रहे रहे हैं। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें भी फिर से विधानसभा का उम्मीदवार बनाया है।

ऐसा ही हाल जोधपुर की सूरसागर सीट का है। इस सीट को अल्पसंख्यकों के नाम पर हर बार दिया जाता है और इस बार भी शहजाद खान को उम्मीदवार बनाया गया है। मजेदार बात यह है कि शहजाद खान के पिता अयूब खान 2018 में इस सीट से हारे थे और चुनाव हारने के बाद उन्हें पुरस्कार देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरपीएससी का मेंबर बना दिया। अब उनके बेटे को टिकट दे दिया गया। ऐसे में यहां अब बगावत हो रही है और बगावत करने वाला कोई और नहीं बल्कि मुख्यमंत्री का बेहद खास पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच का नाम है, जो अब बागी के तौर पर निर्दलीय लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।

यही स्थिति चौमूं विधानसभा क्षेत्र की है जहां से पार्टी ने शिखा मील बराला को उम्मीदवार बनाया है। शिखा मील बराला को कांग्रेस के अधिकांश लोग नहीं जानते और बमुश्किल 1 साल पहले से वे कांग्रेस में नजर आने लगी हैं और उनके होर्डिंग चौमूं में दिखते थे। बड़े नेता की सिफारिश के चलते शिखा मील बराला पहले तो प्रदेश पदाधिकारी बनी और 6 महीने बाद ही कांग्रेस की उम्मीदवार बनने में सफल हो गई। कांग्रेस की इस छठी सूची में हालांकि दो विधायकों के टिकट काटे गए हैं। एक पिलानी से जेपी चंदेलिया को पार्टी ने घर रवाना करके उनके स्थान पर पीतराम काला को टिकट दिया है। वहीं जयपुर की हवा महल विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री के खास मंत्री महेश जोशी का टिकट काटकर पार्टी ने आरआर तिवारी को अधिकृत उम्मीदवार बनाया है।

कांग्रेस ने आमेर से एक बार फिर प्रशांत सहदेव शर्मा को ही मौका दिया है। यह भी सचिन पायलट नजदीकी नेता है। पार्टी ने संगरिया में भी नया उम्मीदवार उतारने हुए एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और युवा कांग्रेस के चुनाव में सर्वाधिक वोट लेने वाले अभिमन्यु पूनिया को उम्मीदवार बनाया है। पूनिया को युवा कांग्रेस कोटे में टिकट मिला है क्योंकि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवासन ने राजस्थान में 6 टिकट मांगे थे जिनमें से सिर्फ पूनिया को ही टिकट मिल पाया है वैसे राजस्थान में पूनिया सचिन पायलट खेमे के माने जाते हैं और बगावत के समय पद से इस्तीफा दिया था।

# आर.के.रस्तोगी आल इंडिया मैमोरियल एसोसियेशन प्रतियोगिता सम्पन्न



दो बार राजस्थान के एडवोकेट जनरल रहे स्व.राधाकृष्ण रस्तोगी की याद में आयोजित ऑल इण्डिया मैमोरियल प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ।

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और दो बार राजस्थान के एडवोकेट जनरल रहे स्व.राधाकृष्ण रस्तोगी आल इण्डिया मैमोरियल प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ। विवेकानन्द ग्लोवल यूनीवर्सिटी जयपुर में इसका आयोजन राजदीपक रस्तोगी एडीशनल सोलिसिटर जनरल आफ इण्डिया इन्चार्ज राजस्थान उच्च न्यायालय ने किया।

राधाकृष्ण रस्तोगी राजस्थान के गिने चुने अत्यन्त प्रतिष्ठित एडवोकेट में से एक थे जिन्हे बार का पितामह भी कहा जाता है। 4 नवम्बर को इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया था जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधिपति और वर्तमान में पूर्व मनीलान्ड्रिंग ट्रिब्यूनल दिल्ली के चेयरमैन न्यायाधीश मुनीश्वर नाथ भण्डारी, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह, अनूप ढंड और पूर्व न्यायाधिपति अशोक कुमार गौड, राजदीपक रस्तोग ऐडीशनल सोलीसिटर जनरल, विश्वविद्यालय की और से डा.के.राम बगडिया, ओंकार बगडिया और ललित पंवार पूर्व आई.ए.एस.उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष के प्रतिष्ठित 32 लॉ विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल हुये।

5 नवम्बर को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन, पूर्व न्यायाधिपति जितेन्द्र राम गोयल, राजस्थान बार काउन्सिल के वाइस चैयरमैन एडवोकेट कपिल प्रकाश माथुर, राजदीपक रस्तोगी, ललित पंवार, ओमकार बगडिया, अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता, ला प्रोफेसर, एवं अन्य बहुत से अधिवक्ता उपस्थित रहे।

न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपमन ने निगोशिएशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुये। आज के समय में इसकी विशेष आवश्यकता बतायी क्योंकि करोड़ों मामले न्यायालय में लम्बित है। उन्होंने विद्यार्थियों को वकालत के पेशे को अपनाने पर बल दिया और विद्यार्थियों को वकालत के पेशे के महत्व को बताया। पूर्व न्यायाधीश जितेन्द्र राम गोयल ने कहा कि निगोशिएशन से ना केवल पारिवारिक, सिविल, कर्मर्शियल विवाद ही तय हो सकते हैं, अपितु अन्तर्राष्ट्रीय विवाद भी आसानी से हल हो सकते है।

ऐडीशनल सोलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी ने अपने नानाजी स्व. राधाकृष्ण रस्तोगी के जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह दी और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये विवेकानन्द विश्वविद्यालय प्रबन्धन, लॉ विभाग की हैड डॉ.शिल्पा राव रस्तोगी और अन्य सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# इतना आसान नहीं सनातन को मिटाना, 2024 में पता चल जाएगा : तुहिन

**जयपुर**, (का.सं.)। 2014 से पहले घोटाले, धमाके व भ्रष्टाचार अखबारों व चैनलों की हैडलाइन होती थी। कालचक्र का पहिया घूमा तो देश की दशा व दिशा बदलती चली गई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा सहित तमाम राजनीतिक विश्लेषक, लेखक व जाने माने साहित्यकारों ने जयपुर डायलाग्स के दूसरे दिन रविवार को

- तीखे सवाल मीठे जवाबों के बीच जयपुर डॉयलाग्स-2023 संपन्न
- गुलाबी नगरी में राष्ट्रवादियों के महाकुंभ में रही धर्म और सनातन की गूंज




'जयपुर डायलॉग' के रविवार को अंतिम दिन साहित्यकारों ने विभिन्न सत्रों में राष्ट्रधर्म, सभ्यता, भारतीय शिक्षा नीति, भू-राजनीति आदि कई मुद्दों पर चर्चा की।

विभिन्न सत्रों में राष्ट्रधर्म, सभ्यता, इंडिया अलायंस, भारतीय शिक्षा नीति, भू-राजनीति और भू-अर्थव्यवस्था व इंडियन मिलिट्री समेत विभिन्न मुद्दों पर विचारों को धार दी। ज्ञानव्यापी प्रकरण से जुड़े नामचीन वकील विष्णु शंकर जैन ने राममंदिर और ज्ञानव्यापी जैसे मामलों का खुलासा करते हुए श्रोताओं में जोश भर दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कहा कि देश में चेतना का संचार हो चुका है। सनातन को डेंगू और वायरस बताने वालों का 2024 में क्या हाल होगा, सब जानते हैं। सनातन को मिटा देना इतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश की पहचान घोटाले, भ्रष्टाचार व आए दिन के धमाकों से होती थी। लेकिन मिशन के साथ एक व्यक्ति आया और तो देश सर्व वर्ग के उत्थान व उत्कर्ष के मार्ग पर चल पड़ा। अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार आया तो आज हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। सीमाएं सुरक्षित हैं और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाने लगा है। लाल किले से लाल चौक पर तिरंगा शान से लहरा रहा है। नए दौर में प्रवेश कर चुका भारत में अब सनातन का स्वर्णिम काल है। सनातन सभ्यता के लिए संघर्षरत है।

प्रारंभिक सत्र में वक्ता हर्षवर्धन त्रिपाठी ने कांग्रेस पर तंज कसते कहा कि देश में ओबीसी का हक गांधी परिवार ने मारा है। नेहरू, इंदिरा, राजीव व सोनिया क्या कहते रहे हैं सब जानते हैं। मोदी सरकार में सबको सम्मान मिला है। देश में 85 सांसद ओबीसी से हैं।

प्रदीप भंडारी ने कहा, देश भर में लोगों को राशन, पैसा व सम्मान मिला है। वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक भाउ तोरषेकर ने कहा, कांग्रेस ओपीएस पर लोगों को भरमा रही है। वक्ता औंकार चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार में यूपी की बडी भूमिका है। आगामी सत्र में वरिष्ठ लेखक सीके राजू ने देश में वर्तमान शिक्षा की स्थिति को लेकर कहा कि शिक्षा का भारतीयकरण नहीं होकर बेहतरीकरण होना चाहिए। इसमें भारतीय कालगणना में वैज्ञानिक पहलुओं को शामिल करने की जरूरत बताई। वक्ता स्वरूप संपत ने शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षा-शिक्षक व इतिहास के महत्व को जानने पर बल दिया। वक्ता नीरज अत्री ने कहा कि नीचे से सुधार करते हुए खराब सिस्टम को हटा सकते हैं। इसी तरह वक्ता आदित्य सत्संगी ने भारतीय विश्वविद्यालयों को पश्चिमी प्रभाव से दूर करने की बात कही। इस मौके पर आदित्य सत्संगी की पुस्तक द ऑरिजनल एटलस, संदीप बालाकृष्णन की पुस्तक इनवेडर्स एंड इनफीडल्स तथा पत्रकार प्रखर श्रीवास्तक की पुस्तक हे राम का विमोचन जयपुर डायलाग्स के चेयरपर्सन संजय दीक्षित ने किया। रिक्लेमिंग अवर सिविलाइजेशन विषयक तीसरे सत्र में वक्ता पंकज सक्सेना ने कहा कि अंग्रेजों ने संस्था और संस्थानों से हमारा धर्मांतरण किया। भाषायी आक्रमण, शिक्षा को शस्त्र की तरह प्रयोग कर सनातन तथा अपने धर्म को पढ़ाने पर प्रतिबंध लगाया। वक्ता भरत गुप्त ने कहा कि एतिहासिक सत्य को बदलने का प्रयास किया गया। हमें कला, धर्म और मूल्यों की रक्षा करनी होगी। पूर्व आईएएस अविनाश धर्माधिकारी ने कहा कि हम सबको धर्म की संकल्पना को लेकर चलना होगा। डिजिटल डिवाइड और एआई विषय पर संक्रांत सानु, सुनिल शर्मा, डॉ. अभय जेरे व सुमित पीर ने भी विचार रखे। इस सत्र का संचालन डा अजय डाटा ने किया। मंच संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया।

## भजनलाल शर्मा का अभियान जारी

**जयपुर**। सांगानेर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भजनलाल शर्मा का विजय अभियान लगातार जारी है। भजनलाल शर्मा रोजाना अलग-अलग मंडल और वार्ड को सूचीबद्ध कर सुबह से रात तक जनता से और कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं जिसके दौरान कई जगह मंच कार्यक्रम, पुष्प वर्षा और माला पहनकर स्वागत कर कई स्थानों पर जनता और कार्यकर्ताओं द्वारा शर्मा को भारी जन समर्थन मिल रहा है।

# जयपुर शहर की आठ में से भाजपा ने सात सीटों पर चेहरे बदले

- दो टिकट बदले तो दो पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के टिकट काटे
- बाड़ी, बाड़मेर और पचपदरा से उम्मीदवार घोषित नहीं

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि से 1 दिन पहले रविवार को भाजपा ने 15 प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी की है। हालांकि सूची में दो पुराने टिकट बदले गए हैं। वहीं जयपुर की किशनपोल से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा में हाल ही में शामिल हुई ज्योति खण्डेवाल को संघ व भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद टिकट बदला। वही सिविल लाइन व हवामहल विधानसभा से चुनाव लड़ने की आस में भाजपा में शामिल हुए सुरेश मिश्रा को भी टिकट नहीं मिला। ऐसे में नए नाम 13 ही हैं और तीन सीटों पर अभी भी प्रत्याशी घोषित होने का इंतजार बना हुआ है। पार्टी की सूची में दो पूर्व प्रदेश अध्यक्षों अरुण चतुर्वेदी और अशोक परनामी के टिकट काट दिए गए हैं, वही राजस्थान में बेरोजगारों के आंदोलन करने वाले राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव को शाहपुरा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी की प्रत्याशियों की पांचवी सूची कई मायनों में चौंकाने वाली सूची मानी जा रही है, क्योंकि इस चुनाव में पहला मौका है जब पार्टी ने दो सीटों पर पहले घोषित प्रत्याशियों के टिकट बदले हैं। इसके अलावा कुछ चौंकाने वाले नाम भी सूची में दिख रहे हैं और रिश्तेदारों के नाम भी पार्टी प्रत्याशियों के रूप में इस सूची में नजर आ रहे हैं।

वैसे तो इस चुनाव में देखने में आया कि भाजपा में दूसरे दलों से जो भी नेता आ रहा है उसे तुरंत टिकट मिल रहा है लेकिन पिछले दिनों कांग्रेस से भाजपा में आई जयपुर की पूर्व महापौर और कांग्रेस की बड़ी नेता मानी जाने वाली ज्योति खंडेलवाल को पार्टी का टिकट नहीं मिल पाया है। कांग्रेस में ज्योति खंडेलवाल किशनपोल विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रही थी और जब भाजपा में आई थी तभी माना गया था कि उन्हें यहां से टिकट मिल जाएगा लेकिन इस सीट से भाजपा ने चंद्र मोहन बटवाड़ा को उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है।

भाजपा ने जयपुर शहर को भाजपा का गढ़ माना जाता है और यह लंबे समय बाद हुआ है कि पार्टी ने शहर की 8 सीटों में से सात पर इस बार चेहरे बदल दिए हैं। जयपुर शहर की 8 सीटों में सिर्फ मालवीय नगर की सीट ऐसी है जहां से लंबे समय से चुनाव लड़ रहे कालीचरण सराफ को रिपीट किया गया है। बाकी सभी सीटों पर नए चेहरे मैदान में हैं। इनमें सांगानेर से अशोक लाहोटी की जगह भजनलाल शर्मा है, आदर्श नगर में अशोक परनामी की जगह रवि नायर को मौका दिया गया है। इसी तरह सिविल लाइंस में अरुण चतुर्वेदी की जगह पत्रकार गोपाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। विद्याधर नगर में नरपत सिंह राजवी की जगह दीया कुमारी को टिकट दिया गया है। हवामहल सीट पर सुरेंद्र पारीक की जगह बालमुकुंद आचार्य को उम्मीदवार बनाया गया है। किशनपोल में मोहनलाल गुप्ता की जगह चंद्रमोहन बटवाडा को टिकट दिया गया है। वही झोटवाड़ा सीट पर राजपाल सिंह शेखावत की जगह कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को उम्मीदवार बनाया गया है।

कोलायत (बीकानेर) से भाजपा के दिग्गज नेता देवीसिंह भाटी के परिवार में पहले से दिए गए टिकट को बदला गया है। उनकी बहू पूनम कंवर की जगह उनके पोते अंशुमान सिंह को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। वहीं, बारां-अटरू से सारिका चौधरी की जगह राधेश्याम बैरवा को मैदान में उतारा है। यह अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है और बताया जा रहा है कि सारिका चौधरी के साथ प्रमाण पत्र के संबंध में कोई दिक्कत है इस वजह से टिकट बदल गया है। इसके अलावा बाड़ी, बाड़मेर और पचपदरा से उम्मीदवार घोषित नहीं हुए हैं।

पार्टी की पांचवी सूची में भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कुछ समर्थक जगह पाने में सफल रहे हैं हालांकि उनके बेहद नजदीकी माने जाने वाले अशोक परनामी का टिकट कट गया है।

# कांग्रेस विधायक मलिंगा भाजपा में शामिल

**जयपुर**। विश्व की सबसे बडी पार्टी भाजपा का राजस्थान में कुनबा बढ़ता ही जा रहा है। कांग्रेस सरकार की नीतियों और झूठे वादों से परेशान होकर कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेता भाजपा का दामन थाम रहे है। इस कड़ी में रविवार को जयपुर में भाजपा मीडिया सेंटर पर धौलपुर के बाडी से कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा सहित कई कांग्रेसी पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए। इनमें धौलपुर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष मुस्ताक अहमद खान, बाल कल्याण समिति धौलपुर के रवि पचौरी, जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के सचिव दीप सिंह कुशवाह, यूथ कांग्रेस धौलपुर के सचिव मांगीलाल शर्मा, जिला महामंत्री रामवरण शर्मा भाजपा में शामिल हुए। वहीं आम आदमी पार्टी के युवा विंग राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अनुराग सिंह बराड भी ने भी भाजपा का दामन थामा।

इस मौके पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने सभी को पार्टी का दुपट्टा ओढाकर व मिठाई खिलाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा स्थापना के समय से एक लक्ष्य को लेकर तय मार्ग पर काम कर रही है। अगर देश में कोई पार्टी देश में एक विचारधारा को लेकर काम कर रही है तो वह भारतीय जनता पार्टी ही है। एक विचारधारा, एक लक्ष्य के साथ निरन्तर प्रगति के साथ आगे बढ़ने की सोच के चलते ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर सामने आई है। हमारा लक्ष्य सबका साथ और सबका विकास है। इस लिए मोदी की नीति और सोच के साथ चलने वालों का पार्टी सदैव स्वागत करती है।

भाजपा की सदस्यता गृहण करने के बाद गिर्राज सिंह मलिंगा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में मुझे परेशान किया जा रहा है।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# दीया कुमारी को समर्थन

**जयपुर**। दीया कुमारी का चुनाव प्रचार जोरों पर है। जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत दीया कुमारी ने घर-घर जाकर कमल को विजयी बनाने का आव्हान किया। दिन के कार्यक्रम की शुरुआत दीया कुमारी ने टीम प्रयास द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में शिरकत करके की। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण किया और जनता से वातावरण के प्रति सजगता बरतने तथा प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करने की बात कही।

## खोया पाया

मेरी विकाश नगर समिती के रजिस्ट्रेशन नं. 1115/2002 के ओरिजनल पेपर दिनांक 20.10.2023 को गनेश नगर मैन से दादी के फाटक के बीच में गिर गये है। मिलने पर सूचित करें। संस्था सचिव (हरीप्रसाद शर्मा) मो.-931440738

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम आदित्य सिंह से बदल कर आदित्य सिंह जादौन पुत्र श्री धर्मेन्द्र सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता-ई-28-बी, जगदम्बा कालोनी, नया खेडा, विद्याधर नगर, अम्बाबाडी, जयपुर

I have changed my name from Alkesh Agarwal to Alkesh Kumar Agarwal. In future known me Alkesh Kumar Agarwal S/o Kapoor Chand Agarwal R/o 55, Shyampuri Colony Jhotawara Jaipur Rajasthan.

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला श्रीमती ताहेरा बानो पत्नी श्री अब्दुल हफीज निवासी- 3494, हाण्डीपुरा, चौकडी रामचन्द्र जी, जयपुर की पुत्री शुमायला बानो आयु 21 वर्ष उनके कहे में नहीं है और वह पिछले कुछ समय से अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रही हैं और वह गलत लोगों की संगत में है तथा वह आए दिन मेरी मुवक्किला व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बदसलूकी व झगडा करती है जिस कारण मेरी मुवक्किला ने अपनी उक्त पुत्री शुमायला बानो को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है जो कोई व्यक्ति शुमायला बानो से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। कृपया सूचित रहे।
दिनांक-05/11/23 (फारूक अहमद) एडवोकेट मो.-9829277089

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रं.: DHC-II/2171 **जाहिर आम सूचना** दि.: 31.10.23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 10/128, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री महेश चन्द्र दीक्षित पुत्र श्री ठाकुर दत्त दीक्षित को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3571 दिनांक 29.11.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्ज़ा दिनांक 09.01.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2602 दिनांक 30.09.2005 के द्वारा श्री महेश चन्द्र दीक्षित पुत्र श्री ठाकुर दत्त दीक्षित के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 23.03.2006 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री महेश चन्द्र दीक्षित की मृत्यु दिनांक 21.10.2015 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री शशांक शेखर दीक्षित पुत्र स्व. श्री महेश चन्द्र दीक्षित ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री शशांक शेखर दीक्षित पुत्र स्व. श्री महेश चन्द्र दीक्षित के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
**सम्पदा प्रबंधक, वृत द्वितीय, जयपुर**

**आम सूचना**
सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे प्लाट नम्बर 9/बीआई/89, रिंग रोड योजना, गोनेर, सांगानेर, जयपुर का आवंटन पत्र क्रमांक डी-24726, दिनांक 15.07.2015 को व कब्जा पत्र क्रमांक डी-24726, दिनांक 15.07.2015 को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सत्यनारायण शर्मा पुत्र बंशी उर्फ बंशीधर के नाम जारी किया गया था जो जयपुर में कही खो गया हैं मिलने पर सूचित करें (सत्यनारायण शर्मा 9829066682)

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2175 दिनांक-31.10.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या DWT/A-303, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 52.340 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री हरिसिंह यादव पुत्र श्री रघुवीर सिंह यादव को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1190 दिनांक 13.08.2019 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 20.09.2019 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 553 दिनांक 16.09.2019 के द्वारा श्री हरिसिंह यादव पुत्र श्री रघुवीर सिंह यादव के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 28.11.2019 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री हरिसिंह यादव पुत्र श्री रघुवीर सिंह यादव की मृत्यु दिनांक 09.06.2021 को हो जाने के कारण इनकी पुत्री शीतल यादव पुत्री स्व.श्री हरिसिंह यादव की मृत्यु पश्चात नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक शीतल यादव पुत्री स्व.श्री हरिसिंह यादव के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर


| योजना का शुभारंभ 07.11.2023 | रिचवैल एन्टरप्राईजेज प्रा. लि. जी-1, वेस्टर्न हाईट्स, एस-21, श्याम नगर, जयपुर। | आवेदन की अन्तिम तिथि 22.11.2023 |
|---|---|---|

**योजना का नाम : "किंग्स कोर्ट"**

खसरा नं. 58, ग्राम धावास, तहसील जयपुर, जिला जयपुर रिचवैल एन्टरप्राईजेज प्रा.लि. (विकासकर्ता) द्वारा विकसित की जा रही ग्रुप हाउसिगं परियोजना के 5% BAR के एवज में मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के अन्तर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं अल्प आय वर्ग के लिये फ्लैट्स की लॉटरी की आवंटन की सूचना :-

| क्र.सं. | विवरण | कमजोर आय वर्ग (EWS) श्रेणी | | | अल्प आय वर्ग (LIG) श्रेणी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रेरा पंजीयन क्रमांक | RAJ/P/2021/1473 | | | | | |
| 2. | योजना में फ्लैट्स की संख्या | 39 फ्लैट्स (EWS) | | | 39 फ्लैट्स (LIG) | | |
| 3. | योजना में फ्लैट्स का क्षेत्रफल (सुपर बिल्टअप वर्गमीटर में) | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| | | 521 | 574 | 516 | 1017 | 1025 | 1111 |
| 4. | आवंटन दर | 2020 रूपये ( प्रति वर्गफीट सुपर बिल्टअप एरिया पर) (आवंटन दर में 50/- प्रति वर्गफीट संबंधित नगरीय निकाय (ULB Charges), 50/- प्रति वर्गफीट संधारण मद (Maintenance Corpus) तथा 75/- प्रति वर्गफीट लिफ्ट चार्जेज के सम्मिलित हैं) | | | | | |
| 5. | आवेदनकर्ताओं की सूची का प्रकाशन | दिनांक 23.11.2023 | | | | | |
| 6. | प्राप्त आवेदन के निस्तारण की अवधि | दिनांक 24.11.2023 से 25.11.2023 | | | | | |
| 7. | विकासकर्ता का नाम एवं कार्यालय का पता : | रिचवैल एन्टरप्राईजेज प्रा.लि जी-1, वेस्टर्न हाईट्स, एस-21, श्याम नगर, जयपुर-302019 | | | | | |
| 8. | निर्माणकर्ता का नाम एवं कार्यालय का पता : | रिचवैल एन्टरप्राईजेज प्रा.लि जी-1, वेस्टर्न हाईट्स, एस-21, श्याम नगर, जयपुर-302019 | | | | | |
| 9. | पात्र आवेदकों की लॉटरी तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक 27.11.2023, समय : सुबह 11:30 बजे, स्थान : किंग्स कोर्ट साईट कार्यालय, पता : खसरा नं. 58, ग्राम धावास, तहसील जयपुर, जिला जयपुर, राजस्थान। | | | | | |

योजना से संबंधित अधिक जानकारी, नियम एवं शर्ते इत्यादि साईट आफिस या मुख्य कार्यालय पर देखी जा सकती है।। नोटः आवेदनकर्ता आवेदन से संबंधित दस्तावेजों को रिचवेल एन्टरप्राईजेज के कार्यालय में जमा करावें।
विकासकर्ता के हस्ताक्षर

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेम्पो की भिड़ंत में तीन की मौत, पांच घायल

## टेंपो में सवार लोग अपने गांव जा रहे थे, मासलपुर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई

**करौली, (निसं)।** करौली-मासलपुर सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली और टेंपो में हुई आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। अस्पताल में गंभीर घायलों को चिकित्सकों ने उपचार देकर जयपुर रैफर किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्म सिंह पुत्र शिवचरण जाटव धर्मवीर पुत्र भंवर सिंह जाटव धर्मेंद्र पुत्र शिवचरण शिवा पुत्र कैलाश संजीव पुत्र विनोदराज पुत्र रामदयाल निवासी चैनपुर यह सभी लोग करौली से टेंपो में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे उधर मासलपुर की ओर से ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी। दीपपूरा पेट्रोल पंप के पास दोनों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टेंपो सवारी सहित ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दब गया जिससे राज पुत्र रामदयाल जाटव, धर्मवीर पुत्र भंवरलाल जाटव, धर्मेंद्र पुत्र शिवचरण जाटव,की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इनके अलावा पिंटू पुत्र पूरन जाटव, धर्म सिंह पुत्र शिवचरण, शिवा पुत्र कैलाश जाता व संजीव पुत्र विनोद कुमार सेवा पुत्र अशोक, अजय पुत्र अमर सिंह जाटव निवासी चैनपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे के सूचना मिलने पर परिवारजन बिलख पड़े और महिलाओं में कोहराम मच गया।

सूचना पर मौके पर एंबुलेंस पहुंची, जहां से मृतक और घायलों को सामान्य चिकित्सालय करौली लाया गया और चिकित्सकों ने मृत घोषित कर पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखा और घायलों का उपचार किया। घटना की सूचना क्षेत्र में हवा की तरह फैल गई। उधर परिजनों को सूचना मिलने पर चिकित्सालय पहुंचे जहां मृतकों की सूचना और घायलों को देख परिवारजन बिलख पड़े। महिलाओं में कोहराम मच गया। सूचना पर करौली मासलपुर तहसीलदार सहित सदर थाना प्रभारी और पुलिस उपअधीक्षक मय पुलिस जाप्ता के साथ अस्पताल पहुंचे। जहां अस्पताल में घटना की सूचना पर भीड़ को हटाकर उपचार में चिकित्सा प्रशासन को मदद की। उधर सूचना मिलते ही कांग्रेस प्रत्याशी विधायक लाखन सिंह कटकड और भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह गुर्जर अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने घायलों के हाल जाने परिवारजनों को ढांडस बंधाया।

■ अस्पताल में गंभीर घायलों को चिकित्सकों ने उपचार देकर जयपुर रैफर किया

# 27.67 लाख रुपये का गांजा सहित एक गिरफ्तार

## 55 किलो गांजा सहित एक लाख रुपये भी बरामद किये

**सांभरझील, (निसं)।** रेनवाल पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ रखने व बेचने वाले व राजकार्य में बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शांतनू कुमार सिंह जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण के निर्देशन में एवं डॉ. हरिप्रसाद सोमानी अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं अनूप सिंह वृत्ताधिकारी जोबनेर के सुपरविजन में सुरेश सिंह थानाधिकारी रेनवाल मय सीएसटी टीम जयपुर आयुक्तालय जयपुर द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये कस्बा रेनवाल में अवैध गांजा रखने व बेचने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये भोलुराम उर्फ बंटी पुत्र सीताराम सांसी उम्र 30 साल निवासी वार्ड नम्बर 16 रीको एरिया किशनगढ़ रेनवाल द्वारा गांजा बेचने के ठिकानों व समय का पता लगाकर मुल्जिम के कब्जे से 55.350 क्रि.ग्रा. जिसकी बाजार कीमत 27 लाख 67 हजार 500 रुपए व बिक्री के 1 लाख 9 हजार 900 रुपये नकद बरामद कर आरोपी भोलुराम उर्फ बंटी सांसी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया।

एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार अभियुक्त भोलाराम उर्फ बंटी ने पूछताछ पर बताया गया था कि मुझे गांजा (मादक पदार्थ) महेन्द्र, सुरेन्द्र, कमलेश निवासी मुण्डली तीनों अपनी कार से देकर गये हैं। आरोपी भोलूराम उर्फ बंटी की सूचना पर कार्यवाही हेतु पुलिस जाप्ता महेन्द्र के घर पर जा रहे थे कि वह अपने घर के जाने वाले रास्ते पर चलता हुआ दिखाई दिया जिसका टीम द्वारा पीछा किया गया तो कार को तेज गति से भगाकर खेतों की तरफ भागने लगा तो टीम द्वारा पीछा किया गया तो वह कार को खेत में दौड़ाता हुआ अपने परिवार जनों को आवाज लगाता रहा कि इनको पकड़ों व मारों की आवाजें लगाई।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गांजा और नगदी जब्त की।

जिस पर उसके परिवारजनों द्वारा पुलिस के राजकार्य में बाधा पहुंचाई और मौका देखकर भागने लगा तो पुलिस जाब्ता अपने प्राईवेट वाहन में बैठकर पीछा करने लगे तो उसने अपनी कार से पुलिस जाब्ते की कार को टक्कर मार दी, फिर भी पुलिस द्वारा पीछा जारी रखा तो सामने से भाई सुरेन्द्र खेत में खड़े ट्रेक्टर को तेज गति से चलाकर लाया और पुलिस टीम को जान से मारने की नियत से पुलिस की प्राईवेट कार को सामने से टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। उस के परिवारजन द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर राजकार्य मे बाधा पहुचाई है। आदि पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस की ओर से इन्वेस्टिगेशन किया जा रहा है।

# युवक ने जिम में सिलेंडर से विस्फोट किया

**बीकानेर (निसं)।** जिले के गजनेर रोड स्थित एक जिम में युवक ने सिलेंडर से विस्फोट कर दिया। इससे जिम की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई और काफी सामान भी टूट फूट गया।

वहीं सिलेंडर भी विस्फोट के बाद लोहे की लुगदी में बदल गया। रात हुए इस विस्फोट से आसपास के लोग दहशत में आ गए। फिलहाल मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस ने कुछ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़ने की मशक्कत शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संस्थान के सचिव राज रंगा गली निवासी मंगलचंद रंगा ने मुक्ता प्रसाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रंगा का आरोप है कि पुरानी चुंगी निवासी सरणजीत ने तीन नवम्बर की रात में संस्थान को आग के हवाले करने के उद्देश्य से अपने साथ गैस सिलेंडर लेकर आया और संस्थान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसा और अंदर हॉल में गैस सिलेंडर में आग लगाकर ब्लास्ट कर दिया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दशहत में आ गये। ये पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही संस्थान के संचालकों ने आरोपी से बात करनी चाही। लेकिन वो नशे की हालत में था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाधिकारी ने बताया की मामले की छानबीन कर रहे हैं।

# अवैध खनन परिवहन करते चार डम्पर जब्त

**मालपुरा, (निसं)।** आचार संहिता के दौरान अवैध खनन कर चैजा पत्थर व रोडी परिवहन करते पांच डम्पर मोर थाना पुलिस ने जब्त किये। थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि माईनिंग अधिकारी देवेन्द्र कुमार चौधरी की सूचना पर थाना पुलिस ने माईनिंग टीम की मौजूदगी में थाना क्षेत्र से एक बरसाती नाले में अवैध रूप से खनन कर गिट्टी रोडी व चैजा पत्थर भरकर परिवहन करते पाये जाने पर चार डम्पर जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाया। माईनिंग अधिकारियों ने तीन डम्परों पर 3 लाख 24 हजार 80०रूपये तथा रोडी से भरे डम्पर पर एक लाख रूपये की जुर्माना राशि की रसीद भरी।

# संदीप दायमा की भाजपा ने सदस्यता निष्कासित की

**तिजारा, (निसं)।** भाजपा ने पार्टी की विचारधारा के विपरीत बयान देने पर भिवाड़ी पूर्व सभापति व भाजपा नेता संदीप दायमा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया है।

पिछले दिनों तिजारा भाजपा प्रत्याशी महंत योगी बालकनाथ के नामांकन दाखिल करने व सभा को संबोधित करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में भिवाड़ी पूर्व सभापति व भाजपा नेता संदीप दायमा ने गुरुद्वारा को लेकर विवादित बयान दिया था। पूर्व सभापति संदीप दायमा के बयानों को लेकर सिख समाज ने रोष प्रकट किया और जिले भर में प्रदर्शन कर नाराजगी जहिर की। प्रशासन की ओर से संदीप दायमा को नोटिस दिया गया।

■ सभा में दायमा के विवादित बयान पर सिख समाज में थी नाराजगी

दायमा ने गलती स्वीकार करते हुए गुरुद्वारा पहुंचकर गुरुद्वारे में सेवा की। रविवार को प्रदेश अनुशासन समिति भाजपा अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की आज्ञा से पिछले दिनों तिजारा में पार्टी की विचारधारा के विपरीत दिए गए बयानों के आरोप में संदीप दायमा को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किए जाने के आदेश जारी किए हैं।

# छत पर सो रही महिला से बलात्कार

**बीकानेर, (निसं)।** जामसर थाना इलाके में बच्चों के साथ सो रही महिला के साथ डरा-धमका कर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने थाने में फरसाराम पुत्र केसराराम कुकणा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

एसएचओ इन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़िता के मुताबिक उसका पति मजदूरी करता है। करीब दो महीने पहले उसका पति मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ था। रात करीब डेढ़ बजे आरोपी फरसाराम अनधिकृत रूप से छत के रास्ते घर में घुस आया। तब वह अपने दो बच्चों के साथ सो रही थी। आरोपी उसे नींद में उठाकर नीचे चौक में ले गया और वहां डरा-धमका कर बलात्कार किया। आरोपी ने इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने, बच्चों को उठा ले जाने की धमकी दी।

एसएचओ के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि कुछ दिनों पहले परिवार में जागरण था। वह रात को जागरण कार्यक्रम में जा रही थी। तब आरोपी ने बीच रास्ते में उसे रोक लिया और मोबाइल नंबर मांगे। उसने मोबाइल नंबर नहीं दिए और जागरण में चली गई। 27 अक्टूबर को उसके बच्चे स्कूल जा रहे थे, तब आरोपी ने उन्हें मोबाइल देते हुए कहा कि यह मम्मी को दे देना। बच्चों ने मोबाइल लेने से इनकार कर दिया। स्कूल से आने के बाद बच्चों ने उसे और अपने पिता को घटना की जानकारी दी। तब पीड़िता ने पति को आपबीती बताई। एसएचओ ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार को पीड़िता का मेडिकल कराया गया।

# नामांकन रैली में आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कांग्रेस प्रत्याशी जुबेर खान को नोटिस जारी

**अलवर, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविचल चतुर्वेदी ने चार नवम्बर को कांग्रेस प्रत्याशी जुबेर खान की नामांकन रैली में अखाड़ाबाजी/पट्टेबाजी के दौरान धारदार हथियारों का प्रदर्शन करने की वीडियो क्लिप के संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक अलवर एवं रिटर्निंग अधिकारी रामगढ को अविलम्ब मामले की जांच हेतु निर्देशित किया।

इस पर रिटर्निंग अधिकारी रामगढ़ द्वारा नामांकन रैली में आचार संहिता व धारा 144 का उल्लंघन होना पाए जाने पर विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जुबेर खान को नोटिस जारी कर दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

■ नामांकन रैली में अखाड़ाबाजी/पट्टेबाजी के दौरान धारदार हथियारों का प्रदर्शन करने की वीडियो क्लिप की जांच हेतु निर्देशित किया

■ मेरा व मेरे कार्यकर्ताओं का इस मामले से कोई लेना देना नहीं, सार्वजनिक स्थान पर कोई भी अपनी कला का प्रदर्शन कर सकता है यह साजिश है मुझे बदनाम करने की : जुबेर खान

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस थाना रामगढ द्वारा वीडियो क्लिप की जांच के आधार पर नामांकन रैली के दौरान अखाड़ाबाजी/पट्टेबाजी के दौरान धारदार हथियारों का प्रदर्शन करने पर आर्म्स एक्ट एवं धारा-144 का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों को चिन्हित कर आईपीसी की धारा 188 व आर्म्स एक्ट 4/25 में ललतादास पुत्र राधा विहारी दास महात्मा निवासी वृंदावन ठटरिया स्थान मथुरा चौकी पुलिस थाना वृंदावन कोतवाली यूपी, छबीलादास पुत्र मिठ्ठन जाट निवासी हाठ गांव पुलिस थाना गोवर्धन यूपी, बृजराज दास पुत्र राधेश्याम महंत निर्वाणी अखाडा पुलिस थाना वृंदावन यूपी, हनुमानदास पुत्र रामदास मकान नंबर 404 बहोरिकपुर-2 पुलिस थाना जहाँनगंज तहसील फरूखाबाद यूपी एवं चरणदास उर्फ त्यागी महाराज निवासी आश्रम रसगन पुलिस थाना नौगावा जिला अलवर को गिरफ्तार कर एवं अखाडाबाजी/पट्टेबाजी में प्रयुक्त गैर विधिक सामग्री को जब्त किया गया एवं उक्त के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया है।

इधर कांग्रेस प्रत्याशी जुबेर खान से जब इस मामले में जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि यह जो कुछ भी आरोप लगाए गए हैं एवं क्लिप चलाई गई है उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं नामांकन भरने तहसील पर गया था मैं अन्दर चला गया था। कार्यकर्ता सभी बाहर खड़े थे। वहीं सार्वजनिक स्थान होने के कारण अनजान लोग पट्टेबाजी वगैराह कर रहे थे। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता भी बाहर मेरा इंतजार कर रहे थे किसी ने कांग्रेस को बदनाम करने की नीयत से वीडियो को बनाया और उसकी क्लिप वायरल कर दी। इस वीडियो की क्लिप से मेरा और मेरे कार्यकर्ताओं का कोई लेना-देना नहीं है।

# नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

**बीकानेर, (निसं)।** नाबालिग लड़की का घर से अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला नोखा थाना क्षेत्र में सामने आया है। इस आशय की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाने में दी है।

रिपोर्ट में बताया कि रात को उसकी नाबालिग पुत्री दूसरे कमरे में अपने निशक्त भाई के साथ सो रही थी। रात करीब तीन बजे वह और उसकी पत्नी ने उठकर देखा तो पुत्री कमरे में नहीं थी। इधर-उधर उसकी तलाश की तो पड़ोस के मकान की छत से उसकी पुत्री की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। इस पर वे भागकर गए, तो देखा कि अणदाराम के पुत्र कैलाश, महेंद्र, रामचंद्र ढोली के पुत्र देबुराम, बजरंग लाल ढ़ोली के पुत्र विक्की, बजरंगराम के पुत्र श्याम व पप्पू वहां मौजूद थे। उसकी पुत्री से देबुराम उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास कर रहा था और अणदाराम व विक्की मोबाइल से उसके अश्लील वीडियो बना रहे थे। आरोपियों ने उनको पकड़कर मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया। बाद में उसकी पुत्री के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

उन्होंने शोर मचाया, तो आसपास के लोगों ने पहुंचकर छुड़वाया। इस दौरान आरोपी वहां से भाग गए। पुत्री ने बताया कि वह रात्रि को अपने भाई के पास सो रही थी, तो आरोपी देबूराम, विक्की, महेंद्र आदि आए और उसका मुंह बंद कर अपनी छत पर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने विक्की की मां और अन्य आरोपियों के परिजनों को इस घटनाक्रम का ओलमा दिया, तो आरोपी विक्की की मां ने धमकी दी कि उसके बेटे का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। इस मामले में दो दिन तक समाज के मौजिज लोगों ने पंचायती भी की।

# एक ही रात में चोरों ने दो दुकानों के शटर तोड़े




घटना के बाद थाना प्रभारी राजवीर ने मौका मुआयना किया।

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पावटा कस्बे में चोर गिरोह ने पुराने रोड स्थित बाजार में दो दुकानों के शटर तोड़ डाले। चोर एक खाद बीज की दुकान से करीब 1.70 लाख की नकदी लेकर व एक रंग पेंट की दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहे थे। लेकिन पड़ोसियों के जागने पर चोर मौके से भाग गए। दीपावली पर्व के चलते एक ही रात में दो दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की घटना से कस्बे में व्यापारियों में दहशत तथा भय का माहौल है। प्रागपुरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर मामले की छानबीन करके मामला दर्ज कर लिया है। चोरीशुदा माल की बरामदगी और चोरों की तलाश को लेकर पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं।

कस्बे के पुराना रोड स्थित सैनी खाद बीज भंडार दुकान मालिक हनुमान सहाय सैनी ने बताया कि दुकान के गल्ले में दो दिन की सेल 1 लाख 70 हजार की नगद राशि रखी थी। जिसे चोरों ने चुरा लिया। रात्रि तीन बजे पुलिस का फोन आने पर चोरी की वारदात का मालूम चला। दुकान में आकर देखा तो का शटर टूटा हुआ था और दुकान के गल्ले में रखी नगद राशि को चोरों ने चुरा लिया। वहीं कुछ दूरी पर स्थित सुनील पेंट एंड सैनिटरी हाउस पर भी चोरों ने शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया लेकिन पड़ोसियों के जाग जाने पर चोर मौके से फरार हो गए।

वहीं प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर तीन अज्ञात बाइक सवार भागते हुए दिख रहे हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मामले की जांच कर रही है। प्रागपुरा थाना अधिकारी राजवीर ने बताया कि रात्रि में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि चोरी का घटनाओं की बारीकी से छानबीन की जा रही है।

# अजमेर विधानसभा में भाजपा की मुश्किलें बढ़ने लगी

## भंवर सिंह पलाड़ा ने नसीराबाद से तो शिवराज सिंह पलाड़ा ने मसूदा से चुनाव लड़ने की घोषणा की

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पंचायत समिति चुनाव में भाजपा से बगावत करके अपनी पत्नी सुशील कंवर पलाड़ा को कांग्रेस के सहयोग से जिला प्रमुख बनाने के बाद भंवर सिंह पलाड़ा मसूदा से अपने बेटे शिवराज सिंह पलाड़ा के लिए दावेदारी जता रहे थे, लेकिन पलाड़ा ने चेतावनी दी थी कि यदि भाजपा उनके बेटे शिवराज सिंह पलाड़ा को मसूदा से टिकट नहीं देती है तो वह अपनी अलग पार्टी बनाकर अपने उम्मीदवार उतारेंगे।

मसूदा विधानसभा पर टिकट की घोषणा होने के साथ ही भवर सिंह पलाड़ा ने एक बार फिर बगावती तेवर दिखा दिए हैं। भंवर सिह पलाड़ा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वे पिछले 35 साल से भाजपा में सक्रिय है और उन्होंने पुष्कर से चुनाव भी लड़ा इसके बाद मसूदा से भाजपा ने इनकी पत्नी सुशील कँवर पलाड़ा को टिकट दिया और वो विजय हासिल की। पलाड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा संगठन मंत्री चन्द्रशेखर ने पूरे प्रदेश में भाजपा की हालत ख़राब की है। मसूदा से उन्होंने अपने करीबी अभिषेक सिंह को टिकट दिलवाया, जबकि वह कांग्रेस के पार्षद भी रह चुके हैं और पिछला चुनाव निर्दलीय के रूप में लड़े और मात्र दो हजार वोट मिले थे। भंवर सिंह पलाड़ा ने कहा कि अब वह नसीराबाद से और उनके बेटे शिवराज सिंह पलाड़ा मसूदा से सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान उन्होंने मोहन भागवत से चन्द्रशेखर को कार्यमुक्त करने की भी मांग की है। गौरतलब है कि रविवार को भाजपा ने अभिषेक सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। अभिषेक सिंह पिछले चुनाव में ब्यावर से अपनी दावेदारी कर रहे थे, लेकिन टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और मात्र 2828 वोट मिले थे, अभिषेक सिंह भाजपा संगठन मंत्री चन्द्र शेखर के करीबी माने जाते हैं।



भंवर सिंह पलाड़ा व उनके बेटे शिवराज सिंह ने पत्रकार वार्ता की।

# खेतड़ी पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर ने कांग्रेस का दामन थामा

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में दावेदारी कर रही प्रधान मनीषा गुर्जर की टिकट कटने से नाराज होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा की मौजूदगी में मनीषा गुर्जर ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दो दिन पूर्व ही भाजपा की टिकट कटने से नाराज होकर प्रधान मनीषा गुर्जर ने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई थी।

इस दौरान उन्होंने चुनाव को लेकर एक कमेटी का गठन कर जल्द ही बड़ा कदम उठाए जाने की बात कही थी। खेतड़ी में बीजेपी को खड़ा करने में पूर्व विधायक मालाराम के परिवार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सबसे पहले मनीषा गुर्जर के दादा मालाराम गुर्जर 1972 में जनसंघ पार्टी से पहली बार विधायक नीमकाथाना क्षेत्र से चुने गए थे। इसके बाद 1977 में खेतड़ी से विधायक बने थे जो तीन बार लगातार विधायक रहे। इसके बाद उनके पिता दाताराम गुर्जर 2003 में भाजपा की सीट से विधायक चुने गए थे। 2003 के बाद से आज तक बीजेपी की लगातार टिकट वितरण प्रणाली के कारण भाजपा यहां से सीट नहीं जीत पाई है। मनीषा गुर्जर भाजपा की सीट से ही पहली बार 2015 में पहली बार प्रधान चुनी गई थी, लेकिन पिछली बार उनका भी टिकट काट दिया गया था।

■ कांग्रेस की टिकट पर लड़ सकती है चुनाव

जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और पंचायत समिति की प्रधान चुनी गई। मनीषा गुर्जर को यदि कांग्रेस की टिकट मिल जाए तो अब दोनों परिवार आमने-सामने हो गए हैं। भाजपा की टिकट से चाचा धर्मपाल गुर्जर मैदान में लगे हुए हैं तो अब कांग्रेस की टिकट मिलने के साथ चाचा भतीजी आमने-सामने होने से खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में रोचक मुकाबला होने के संकेत मिल रहे हैं। मनीषा गुर्जर ने कार्यकर्ताओं की बैठक में भाजपा पर दो परिवारों को आपस में लड़ने के काम करने का आरोप भी लगाया था। इस मौके पर पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर, शंकर बीलवा, विजय सिंह सेफरागुवार, केवल राम गुर्जर सहित कई सरपंच मौजूद थे।

# कचरा निस्तारण में फेल जयपुर ग्रेटर समेत तमाम नगरीय निकायों पर लगेगा जुर्माना

## एन.जी.टी. ने हर्जाना तय करने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और जयपुर कलक्टर को जिम्मेदारी सौंपी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) ने डंपिंग यार्ड पर जमा कचरे का निस्तारण नहीं करने पर जयपुर ग्रेटर नगर निगम समेत राज्य के सभी नगरीय निकायों को तय जुर्माना राशि अदा करने का आदेश दिया है। करोड़ों रुपये की इस हर्जाने राशि की गणना राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और जिला कलक्टर जयपुर करेंगे।

अगर देखा जाए तो अकेले जयपुर नगर निगम पर अब तक करीब सवा 4 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना बनता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इस भारी भरकम जुर्माने के लिए आखिर कौन उत्तरदायी है, क्योंकि स्वायत्त शासन विभाग में कार्यरत अधिशाषी अभियंता ओ.पी.काला. के पास "लिजेसी वेस्ट" के निस्तारण की जिम्मेदारी है। इन्होंने ही जनवरी 2023 से लेकर अब तक करीब 316 करोड़ रुपये के कचरा निस्तारण के टैंडर राजस्थान की छोटी-बड़ी नगरपालिकाओं में किए हैं। कचरा निस्तारण की कछुआ चाल से काम कर रही निजी कंपनियों पर कार्रवाई के बजाय ओ.पी.काला. इन कंपनियों की तरफदारी करने में जुटे हैं।

दरअसल, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 के अनुसार सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सभी नगरीय निकायों को डंपिंग यार्ड पर जमा "कचरे के पहाड़" (लिगेसी वेस्ट) को तय समयावधि में निस्तारित करने (हटाने) के लिए कहा था, लेकिन अब तक यह काम नहीं हो सका है। इसलिए एन.जी.टी. के सेंट्रल जोन भोपाल कोर्ट ने अजमेर निवासी अशोक मलिक बनाम कमिश्नर, जयपुर नगर निगम ग्रेटर के मामले में आदेश सुनाते हुए यह जुर्माना लगाया है।



हरमाड़ा के नजदीक सेवापुरा डंपिंग यार्ड पर लगा हुआ कचरे का पहाड़।

परिवादी ने याचिका में बताया कि जयपुर ग्रेटर नगर निगम, कचरा निस्तारण में पूरी तरह से फेल रहा है। यहां पर कचरे को उठाने से लेकर डंप करने और निस्तारण का कार्य समय पर नहीं किया गया है। नियमों के मुताबिक कचरा निस्तारण नहीं करने पर 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए 10 लाख रुपए, पांच से 10 लाख के बीच आबादी के लिए प्रति स्थानीय निकाय को 5 लाख रुपए और अन्य निकायों को 1 लाख रुपए प्रति माह जुर्माने का प्रावधान है। यदि इससे निकायों पर वित्तीय बोझ बढ़ता है तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी होगी। ऐसा नहीं करने पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

एन.जी.टी. ने अपने फैसले में कचरा निस्तारण नहीं करने वाले निकायों के जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। उनकी ए.सी.आर. में नेगेटिव रिपोर्ट के लिए कहा गया है।

ज्ञात रहे कि जयपुर समेत राजस्थान के तमाम छोटे-बड़े शहरों में डंपिंग यार्ड पर जमा कचरे (लिजेसी वेस्ट) का निस्तारण करना था, लेकिन स्वायत्त शासन विभाग के अफसरों की नींद देरी से खुली। इन अधिकारियों ने अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनवरी-2023 में प्रदेश की तमाम नगरीय निकायों का अलग-अलग क्लस्टर बनाकर टैंडर किए, और अपनी जिम्मेदारी निजी कंपनियों के माथे पर थोप दी।

स्वच्छ भारत मिशन (अरबन) 2.0 की गाइडलाइन के मुताबिक, सभी नगरीय निकायों को पुराने कचरे का निस्तारण मार्च-2024 तक करना है, लेकिन राजधानी जयपुर में मैसर्स सौराष्ट्र एन्वायरो कंपनी यह कार्य अब तक 20 फीसदी भी पूरा नहीं कर पाई है। बहरहाल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने आदेश दिए हैं कि सभी निकायों को तय अवधि में कचरे का निस्तारण करना है, ऐसा नहीं करने पर उन्हें तय मुआवजा अदा करना पडेगा। प्रदूषण नियंत्रण मंडल इसके लिए स्वतंत्र कार्रवाई करेगा।

- **आदेश के मुताबिक 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों पर 10 लाख रुपए, पांच से 10 लाख के बीच आबादी वाले शहरों पर 5 लाख रुपए और अन्य छोटी निकायों पर 1 लाख रुपए प्रति माह के हिसाब से जुर्माना लगेगा**
- **ज्ञात रहे कि स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश शर्मा और अधिशाषी अभियंता ओ.पी.काला ने प्रदेशभर की तमाम निकायों के कचरा निस्तारण के चार टैंडर जनवरी-2023 और एक टैंडर 22 सितंबर 2023 को दिया, इन दोनों अफसरों की लेटलतीफी के कारण यह काम देरी से शुरू हुआ**

अब सवाल यह उठता है कि स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश शर्मा और अधिशाषी अभियंता ओ.पी.काला ने कचरा निस्तारण के टैंडर में देरी क्यों की, अब जो जुर्माना जयपुर ग्रेटर नगर निगम समेत तमाम नगरीय निकायों पर लगेगा, उसके लिए उत्तरदायी कौन होगा? ज्ञात रहे कि इन दोनों अधिकारियों ने जनवरी में मैसर्स आकांक्षा एंटरप्राइजेज, मैसर्स डी.एच.पटेल और मैसर्स सौराष्ट्र एन्वायरो प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को जयपुर-जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर व बीकानेर जैसे बड़े शहरों के कचरे के निस्तारण का ठेका दिया, यह टैंडर 300 से 400 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की दर पर दिया गया। इसके बाद गत 22 सितंबर 2023 को करीब 117 छोटे शहरों में कचरे निस्तारण का ठेका मैसर्स एम.के.जी. कम्प्यूटर्स को 550 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की दर पर दिया गया, जो कि 126 करोड़ 43 लाख रुपये का था।

यह कीमतें बढ़ने का सीधा कारण यह था कि मार्च-2024 तक स्वच्छ भारत मिशन (अरबन) 2.0 की गाइडलाइन के मुताबिक लिजेसी वेस्ट का निस्तारण (पुराने कचरे का निस्तारण) करना है। अब यक्ष प्रश्न यह है कि देरी से हुए इस टैंडर के कारण राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की जो चपत लगी, और अब एन.जी.टी. द्वारा करोड़ों रुपये का जुर्माना लगने वाला है, उसका जिम्मेदार कौन है। अगर यही काम इन नगर पालिकाओं के जिम्मे करवाई जाती तो यह दर 550 रु. के बजाय काफी कम आती। ऐसे में यह साफ तौर पर माना जा रहा है कि स्वायत्त शासन विभाग के अफसरों ने अपनी नाकामी और टैंडर प्रक्रिया में देरी को छिपाने के लिए महंगी दरों पर निजी कंपनियों को काम दे दिया।

# 30 लाख रु. का 200 किलो डोडा-चूरा जब्त

## सी.एस.टी. टीम ने 55 किलो 260 ग्राम गांजे के साथ तस्कर दबोचा



सांगानेर सदर पुलिस ने रविवार को 200 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा और कार के साथ शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया।

**जयपुर (कासं)।** सांगानेर सदर पुलिस ने "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ से भरी एक लग्जरी कार को जब्त कर 200 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा-चुरा बरामद किया है। जिसकी बाजार कीमत 30 लाख रुपये बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि तस्करी करने वाले दो तस्कर पुलिस को देख जंगल के रास्ते से फरार हो गए। जिनको तलाश किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दौ सौ किलों अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा से भरी एक चौपहिया वाहन को सीताराम टोल प्लाजा के पास से जब्त किया गया है।

वहीं दूसरी ओर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ थाना रेनवाल जयपुर ग्रामीण में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर भोलूराम उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से 55 किलो 260 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं बिक्री राशि 1 लाख 9 हजार 900 रुपये भी बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपित भोलूराम उर्फ बंटी एवं अन्य साथी बडे पैडलर है जो छोटे-छोटे पैडलरों को अवैध मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई करते है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित भोलूराम उर्फ बन्टी अवैध मादक पदार्थ गांजा का बड़ा पैडलर है। आरोपित को एक स्वीफ्ट कार में तीन व्यक्ति महेन्द्र ताखर, सुरेन्द्र एवं कमलेश आये थे और उसे यह अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने के लिये देकर गये थे। आरोपित स्वंय और महेन्द्र ताखर, सुरेन्द्र एवं कमलेश मिलकर बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी अलग-अलग स्थानों से करते है। जिसके लिये रेनवाल में एक गोदाम बना रखा है। गोदाम से 10-15 किलो गांजा की तस्करी छोटे-छोटे पैडलरों को बेचने के लिये देते है, जो जयपुर शहर में सप्लाई करते है। गिरफ्तार आरोपित से अवैध मादक पदार्थ गांजा के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# घोड़े पर सवार शिवाजी की पहली प्रतिमा मुंबई में जल्द होगी स्थापित

**जयपुर (कासं)।** धातु के विश्व प्रसिद्ध मूर्तिकार जयपुर निवासी राजकुमार पंडित द्वारा करीब 2 साल में तैयार की गई देश की पहली घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी सबसे बड़ी प्रतिमा इसी साल मुंबई में स्थापित की जाएगी। लगभग 12 टन वजनी इस मूर्ति को बनाने में 30 कारीगरों की कड़ी मेहनत का परिणाम है कि घोड़े पर सवार शिवाजी की देश में सबसे बड़ी मूर्ति होगी।

इसके अलावा राजकुमार पंडित द्वारा जयपुर के आकेड़ा डूंगर में 108 फुट ऊंची भगवान परशुराम की मूर्ति भी बनाई जा रही है, जिसका वजन करीब 40 टन होगा। यह मूर्ति उतरप्रदेश में स्थापित होगी। साथ ही जयपुर में ही रामायण का लेखन करते हुए स्वामी तुलसीदास की 12 फुट की बैठक मुद्रा में मूर्ति बनाई जा रही है, जो कि यूपी के चित्रकूट जिले में लगेगी। अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी देते हुए राजकुमार पंडित ने बताया कि यूपी के कानपुर देहात में रानी लक्ष्मीबाई, आगरा में महाराजा सूरजमल व हाथरस जिले में स्वतंत्रता सेनानी मलखान सिंह की 12-12 फीट की धातु से बनीं मूर्तियां लगाई जाएंगी। इनका निर्माण राजकुमार पंडित व उनकी 30 सदस्यीय टीम कर रही है।

ज्ञात रहे कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई पॉपुलर लीडर की मेटल स्टैच्यू बनाने वाले राजकुमार पंडित ने जीवन की विपरीत परिस्थितियों के बाद भी अपने हुनर की चमक पूरी दुनिया में बिखेरी है। राजकुमार पंडित को 18 देशों से धातु की मूर्तियों के प्रोजेक्ट मिले हैं। अमेरिका में अरबपति चार्ली मुंगर और अरबपति बिजनेसमैन वारेन वफेट की 10-10 मूर्तियां बनाकर भेजने के बाद अब इन दोनों की 10-10 और मूर्तियां बनाने का दुबारा आर्डर मिला है। ये मूर्तियां इनके 10 देशों में संचालित कार्यालयों में लगेंगी। यही नहीं धातु की मूर्तियों में प्रसिद्ध इटली जैसे देश में भी राजकुमार पंडित की कला के मुरीद हैं। इन्होंने इटली में धातु की मूर्तियां बनाकर भेजी हैं।

ज्ञात रहे कि राजस्थान सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में उनकी बनाई गई स्टैच्यू लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। राजस्थान विधानसभा का अशोक स्तंभ, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के बाहर अर्जुन की प्रतिमा, घोड़े पर विराजमान छत्रपति शिवाजी, जयपुर का ही पीकॉक गार्डन, कोटा में पंडित जवाहरलाल नेहरू का 42 फीट का मास्क सहित अनेक उपलब्धियां इनके खाते में हैं। मूर्तिकार राजकुमार पंडित अब सबसे ऊंची मूर्ति भगवान परशुराम की बना रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 108 फीट की है। यह मूर्ति लखनऊ में लगेगी। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की लखनऊ, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के बाहर अर्जुन की मूर्ति, घोड़े पर विराजमान छत्रपति शिवाजी, भारत माता, शहीद-ए-आजम भगत, राजगुरु, सुखदेव, बप्पा रावल, राणा पूंजा, डॉ. बीआर अंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, महाराणा प्रताप, वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद, चाणक्य की मूर्तियां राजकुमार ने ही बनाई हैं।



ज्ञात रहे कि कोटा में लगा पंडित जवाहरलाल नेहरू का 42 फीट का मास्क विश्व का सबसे बड़ा है। इसके अलावा कोटा में ही 45 फीट का फाउंटेन, 18 फीट की स्वामी विवेकानंद की मूर्ति, 12 फीट की महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू व सरदार पटेल की समूह चर्चा की मुद्रा में मूर्तियां स्थापित की हैं।

# बदमाशों के 411 ठिकानों पर दबिश, 101 गिरफ्तार

**जयपुर ।** जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने विधानसभा चुनावों को देखते हुए सोने की चेन, पर्स व मोबाइल स्नैचिंग के चालानशुदा 411 बदमाशों के ठिकानों पर रविवार सुबह 5 बजे एक साथ दबिश दी गई। पुलिस ने कार्रवाई में करते हुए 101 बदमाशों को गिरफ्तार किया। कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि इस दौरान 121 स्थाई वारंटियों को पकड़कर वारंटो को निस्तारण करवाया। उन्होंने बताया एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई के निगरानी और सभी जिला डीसीपी के नेतृत्व में 2200 पुलिसकर्मियों ने सुबह 5 बजे सभी बदमाशों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। पूरी कार्रवाई गोपनीय रखी गई, ताकि बदमाशों को कार्रवाई की भनक लगने पर भागने का मौका नहीं मिल सके।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि चुनावों के साथ त्योहारी सीजन है। धीरे-धीरे अब बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। सोने की चेन, पर्स व मोबाइल स्नैचरों से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए यह कार्रवाई की गई। ऐसे बदमाशों को गोपनीय रूप से चिह्नित किया गया, जो वांटेड चल रहे थे। इन बदमाशों के छिपने के ठिकानों को भी चिह्नित किया गया। सबसे अधिक उत्तर क्षेत्र में 199 स्थानों पर दबिश दी गई।

कमिश्नरेट पूर्व में 63 जगह, पश्चिम में 88 जगह, उत्तर में 199 और दक्षिण क्षेत्र के 61 स्थानों पर दबिश की कार्रवाई की गई।

# हवालात में बंद हिस्ट्रीशीटर ने सुसाइड का प्रयास किया

## जयपुर के सोड़ाला थाने का मामला

- **हिस्ट्रीशीटर ने रात को हवालात में ओढ़ने के लिए दिए कंबल को दांतों से फाड़कर फंदा बना लिया।**
- **संतरी ने उसे सुसाइड का प्रयास करते हुए देख लिया और अन्य पुलिसकर्मियों को आवाज लगाई, जिस पर उन्होंने दौड़कर उसे बचा लिया।**
- **आरोपी ने कहा कि उसने इतने अपराध किए हैं, जिससे उसका छुटकारा नहीं होगा, वह जिदंगी से परेशान हो चुका हूं, इसलिए मरना चाहता है।**

**जयपुर ।** सोडाला थाने में बंद एक हिस्ट्रीशीटर ने सुसाइड का प्रसास किया। हिस्ट्रीशीटर ने रात को हवालात में ओढ़ने के लिए दिए कंबल को दांतों से फाड़कर फंदा बना लिया। इस दौरान एक संतरी ने उसको देखा तो अन्य पुलिसकर्मियों को आवाज लगाई। पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे बचा लिया। पुलिसकर्मियों के बचाने पर आरोपी ने कहा कि उसने इतने अपराध किए हैं, जिससे उसका छुटकारा नहीं होगा। वह जिदंगी से परेशान हो चुका हूं, इसलिए मरना चाहता है। पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ आत्महत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने उसका मेडिकल करवाकर अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि दीपक बिहारी उर्फ दीपक राय (25) पुत्र ब्रिजलाल निवासी आजाद नगर राकड़ी सोडाला हिस्ट्रीशीटर है। हाईकोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट पर 3 नवंबर की रात करीब 8 बजे उसे घर से हिरासत में लेकर थाने के हवालात में रखा था। रात में ठंड होने के कारण बिछाने और ओढ़ने के लिए कंबल दिया था। रात को दीपक ने कंबल को दांतों से फाड़ लिया और हवालात के सरियों से कंबल का फंदा बनाकर सुसाइड करने की कोशिश की। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात संतरी रविन्द्र ने उसको देख लिया और अन्य पुलिसकर्मियों को आवाज लगाई। इस पर थाने में मौजूद साथी पुलिसकर्मियों दौड़कर पहुंचे और दीपक को फंदे से उतारकर हवालात से बाहर निकाला। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल करवाया और इसके बाद उसे अदालत मे पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 14 मुकदमें दर्ज है। इनमें सोडाला और श्याम नगर में हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, आबकारी व आर्म्स एक्ट के मामले शामिल है।

# पौने 2 लाख रु.के नकली नोट जब्त

**जयपुर ।** पुलिस कमिश्नरेट की ईस्ट जिला स्पेशल टीम और सांगानेर थाना पुलिस ने नकली नोटों की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख 73 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सांगानेर इलाके में नकली नोटों को खपाने की तैयारी कर रहे थे। आरोपी इससे पहले भी दो बार नकली नोट खपा चुके है।

डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि 4 नवंबर को सांगानेर इलाके में नकली नोट चलाने की सूचना मिली। इस पर एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी, एसीपी विनोद शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 लाख 73 हजार 400 रुपए के नकली नोट बरामद कर लिए। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी विजय मालव (26) दिगोत कोटा हाल गली नम्बर तीन निवाई टोंक और भरत (29) शिवाड चौथ का बरवाड़ा सवाईमाधोपुर हाल गली नम्बर तीन निवाई टोंक का रहने वाला हैं। थानाप्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पकड़े गए सभी नोट दो-दो सौ रुपए के है। आरोपी विजय और भरत धोबी ने बताया कि वह इन रुपयों को शिव उर्फ शिवचरण सोनी निवाई से लेकर आए है। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सार-समाचार

### नकबजन से सोने-चांदी के जेवर बरामद

**जयपुर ।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराए हुए सोने चांदी के जेवर बरामद किए है। डीसीपी (पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शंकर लाल नायक दीपक मार्ग मोतीडूंगरी का रहने वाला हैं। डीसीपी ने बताया कि 2 नवंबर को परिवादी राकेश कुमार टेलर ने मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि 1 नवंबर को उसके घर परिवार में कोई नहीं था। वहां पर चार पांच किराएदार रहते है। वह और उसकी पत्नी काम से बाहर गए थे। साम को मकान पर पहुंचे। पत्नी ने करवाचौथ की पूजा के लिए जेवर संभाल तो बक्शे का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखे जेवर गायब थे। इस पर एसीपी रणवीर सिंह, थानाप्रभारी कमल नयन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर लाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चुराया हुआ सोने का गले का हार, मंगल सूत्र, अंगूठियां, कानों के टॉप्स, माथे का टीका, नाक की नथ, चांदी की कनकती, पायजेब, बिछिया, कड़े और सिक्के बरामद किए। पुलिस ने बताया कि आरोपी शंकर लाल नायक परिवादी के गांव का रहने वाला है। उसका परिवादी के घर आना जाना है। आरोपी परिवादी के 13 साल के नाबालिग पुत्र से घर में रखे जेवरात रखने के स्थान के बारे में जानकारी जुटाकर वारदात को अंजाम दिया।

### ईडी उपनिदेशक व ईओ पर एफआईआर

**जयपुर ।** एसीबी ने मणिपुर के इंफाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उपनिदेशक एम. शिबानंद और प्रवर्तन अधिकारी हिमांशु गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसीबी ने यह मामला हाल ही में 15 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में ईडी के ईओ नवल किशोर मीणा की गिरफ्तारी के बाद उनके मोबाइल में मिली वाट्सएप चैट के आधार पर किया है। सूत्रों के मुताबिक वाट्सएप चैट के परीक्षण से प्रवर्तन अधिकारी हिमांशु गौतम की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जबकि उपनिदेशक एम. शिबानंद चिटफंड प्रकरण के अनुसंधान अधिकारी हैं। अनुसंधान के बाद ही दोनों अधिकारियों की रिश्वत प्रकरण में भूमिका स्पष्ट हो सकेगी। गौरतलब है कि एसीबी ने इंफाल ईडी के ईओ नवल किशोर मीणा व खैरथल के मण्डावर पंजीयन विभाग के कनिष्ठ सहायक बाबूलाल मीणा को हरियाणा निवासी परिवादी से 15 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपी नवल किशोर रिश्वत की राशि लेने इंफाल से जयपुर आया था और यहां आने के बाद परिवादी को रिश्वत की राशि अपने दोस्त बाबूलाल मीणा को नीमराना में दिलवाई थी। एसीबी ने भारतीय मुद्रा के 4 लाख रुपए और डमी करेंसी के 11 लाख रुपए आरोपियों को रिश्वत में दिलवाए थे।

### छात्रा ने मावठा में कूदकर जान दी

**जयपुर ।** आमेर इलाके में चचेरे भाई-बहन से किसी बात को लेकर झगड़े से गुस्से में आकर एक छात्रा ने आमेर मावठा में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जानकारी में सामने आया कि भाई-बहन से झगड़ा होने पर वह घर से भाग कर चली गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पडताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मृतका सुमरन (15) पुत्री अजीत निवासी ठाठर रोड आमेर की रहने वाली थी और वह प्राइवेट स्कूल में 9वीं क्लास में स्टडी करती थी। जिसका शनिवार देर रात चचेरे भाई-बहन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। गुस्से में सुमरन घर छोड़कर दौड़ते हुए चली गई। घरवाले भी उसके पीछे-पीछे ढूंढने निकल गए, लेकिन सुमरन का पता नहीं चला। रात 1 बजे आमेर मावठा में निगरानी रख रहे मछली ठेकेदार ने पुलिस को सूचना दी कि एक लड़की दौड़ते हुए आई और आमेर मावठा में छलांग लगा दी। इस पर पुलिस ने तुरंत सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाया। आमेर मावठा में उतरी सिविल डिफेंस टीम ने करीब सवा घंटे की मशक्कत कर सुमरन का शव पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आमेर सैटेलाइट हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है।

### श्याम बाबा की भक्ति में झूमे श्रद्धालु

**जयपुर ।** श्री श्याम सेवा संघ समिति, हसनपुरा के सैंतीसवा वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को दोपहर में सामूहिक सुंदरकांड के पाठ किए गए। सायंकाल हसनपुरा स्थित शान्तिनगर पार्क में भजन गायक कलाकारों ने ब्रह्म मुहूर्त तक श्याम बाबा का गुण गान किया। जहां एक और भजन गायक कलाकार बाबा के भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे वहीं दूसरी ओर श्रद्धालु भक्ति में भाव विभोर होकर अपने स्थान पर खड़े होकर नृत्य कर रहे थे। संस्था के अनिल अग्रवाल एवं प्रचार मंत्री रवि गुप्ता ने बताया की विशाल पांडाल मे खाटूनरेश बाबा श्याम का विशाल एवं मनोहारी दरबार सजा। संस्था के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर अष्ठप्रहरी भजनामृत रस प्रवाह का आयोजन रखा गया है जिसमें राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन प्रवाहक अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुतियों दे रहे हैं। भजन गायक कलाकार हरमहेन्द्र पाल सिंह (रोमी) और रेशमी शर्मा (समस्तीपुर) ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओ का मन मोह लिया।

# सरकारी नजूल संपत्ति का पट्टा निरस्त करने के बजाय पीड़ित को दर-दर घुमा रहे अफसर

## हैरिटेज निगम प्रशासन ने "प्रशासन शहरों के संग" अभियान में जारी किया था पट्टा

**जयपुर (कासं)।** हैरिटेज नगर निगम के अफसरों ने "प्रशासन शहरों के संग" अभियान की आड़ में सरकारी संपत्तियों के पट्टे भी जारी कर दिया। ताजा मामला जौहरी बाजार के ताराचंद नायाब की गली में एक नजूल संपत्ति का पट्टा देने का सामने आया है। आयोजना शाखा के अफसरों ने 22 सितंबर 2022 को जारी हुए इस पट्टे को निरस्त करने के लिए संपदा निदेशालय ने भी हैरिटेज नगर निगम कमिश्नर को कई बार पत्र लिखे, लेकिन पट्टा निरस्त करने के बजाय अधिकारी चुप्पी साधे बैठे है। हालात ऐसे हैं कि नगर निगम के अधिकारी पीड़ित पक्षकार की शिकायत पर सुनवाई तक नहीं कर रहे, कभी उसे किशनपोल जोन भेजा जाता है तो कभी मुख्यालय। आयुक्त राजेन्द्र सिंह से लेकर जोन उपायुक्त से कई बार मिलने के बावजूद भी पीड़ित की सुनवाई कहीं नहीं हो रही।

जानकारी के मुताबिक राजकीय नजूल संपत्ति संख्या पी-15 चौकड़ी विश्वेश्वरजी, चांदपुर हाऊस नंबर 1415 ताराचंद नायाब की गली जौहरी बाजार का पट्टा 22 सितंबर 2022 को हैरिटेज नगर निगम प्रशासन ने जारी किया। नरेन्द्र कुमार जैन, प्रदीप जैन और विनीत जैन ने तथ्य छिपाते हुए पट्टा संख्या 585 जारी करवा लिया। नगर निगम के अधिकारियों ने भी ना तो मौका सर्वे किया और ना ही मौके पर बसे हुए परिवारजनों का कोई पक्ष सुना। जैसा इन तीनों लोगों ने कहा, उनकी बात मानते हुए पट्टा जारी भी कर दिया, जबकि पट्टा जारी होने से पूर्व ही पीड़ित पक्षकार नरेन्द्र सिंह नरूका ने नगर निगम के अफसरों को शिकायत भी कर दी थी।

- **संपदा निदेशालय ने हैरिटेज नगर निगम के आयुक्त को पत्र लिखकर इस नजूल संपत्ति का पट्टा निरस्त करने के लिए कहा था, इसके बावजूद जिम्मेदार अफसर फाइल को दबाए बैठे हैं।**
- **पीड़ित पक्षकार ने महापौर मुनेश गुर्जर, आयुक्त राजेन्द्र सिंह से लेकर जोन उपायुक्त के पास कई चक्कर काटे, लेकिन वह भी पीड़ित को इधर-उधर घुमाने में लगे हुए हैं।**

संपदा निदेशक डॉ. आभा जैन ने 22 अगस्त 2023 को हैरिटेज नगर निगम को पत्र लिखकर नजूल संपत्ति के इस पट्टे को निरस्त करने के लिए कहा। पीड़ित पक्षकार भी आयुक्त राजेन्द्र सिंह से मिला, लेकिन उन्होंने जोन उपायुक्त से बात करने के लिए कहकर मामला टाल दिया। संपदा निदेशालय ने अपने पत्र में साफ लिखा है कि नरेन्द्र कुमार जैन, प्रदीप जैन और विनीत जैन ने तथ्य छिपाते हुए नजूल संपत्ति का पट्टा संख्या 585 जारी करवाया है, जिसे तुरंत निरस्त किया जाए। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि अतिक्रमी महेन्द्र सिंह और नरेन्द्र सिंह के विरूद्ध बेदखली के आदेश वर्ष 1964 में तत्कालीन अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर ने पारित किए थे, इसके बावजूद महेन्द्र सिंह व अन्य लोगों ने इस संपत्ति का अवैध बेचान इन पट्टा लेने वाले लोगों को कर दिया।

ज्ञात रहे कि इस मामले में हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के विशिष्ठ सहायक उम्मेद सिंह ने भी 2 अगस्त 2023 को किशनपोल जोन उपायुक्त को पत्र लिखकर इस नजूल संपत्ति का पट्टा देने के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। जिसके बाद 17 अगस्त 2023 को किशनपोल जोन के उपायुक्त ने नरेन्द्र, प्रदीप व विनीत जैन को नोटिस जारी किया था। जिसमें उन्होंने गलत तथ्य और झूठ शपथ पत्र पेश कर नजूल संपत्ति का पट्टा उठाने के मामले में 7 दिन में जवाब पेश करने को कहा था। इस पूरे प्रकरण में अब हैरिटेज नगर निगम के अधिकारी फाइल इधर-उधर घुमाने में लगे हुए है। पीड़ित पक्षकार नरेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि हैरिटेज नगर निगम के अधिकारियों ने कभी मौका निरीक्षण किया ही नहीं, पट्टे में जो पता दिया गया है, वह भी गलत है। नरेन्द्र, प्रदीप व विनीत जैन पर पूरी मेहरबानी दिखाते हुए नगर निगम के अधिकारियों ने पट्टा जारी किया।




## Job Action Day

Job Action Day was created with the purpose of encouraging job seekers to think outside the box, and to focus on getting a job that fits their ambitions, but also one that reasonably pays the bills.There's a common belief that people should follow their passions when looking for work, to find a job that truly brings them satisfaction and fulfillment, and not to settle for anything less.The reality of the situation is that sometimes this doesn't work.Discovering vocations that perfectly align with ambitions, where aspirations meet reality, is like uncovering a treasure trove of purpose.



#J'ADORE

# Best Diwali Outfit Ideas

Considering the needs of the modern generation, we have collaborated the traditional styles with a modern touch, that are sure to buzz up this Diwali!





Diwali is just around the corner, and so are the festive vibes roaming around! But wait. Are you ready for this Diwali? Diwali is not just celebrated with lights and sweets. It is also a good opportunity to showcase your traditional styles. Come, and get some of the latest and best Diwali outfit ideas!

### Dhoti Pants With Crop Top

Crop tops and lehengas have been fashionable, as has the appearance when coupled with dhoti or palazzo trousers. Many young women who enjoy experimenting with fashion have been interested in dhoti pants. Dhoti-style costumes are often worn for festivals, weddings, parties, and other events.

### Ruffle saree

Sarees appear to be the best Diwali costume options when it comes to appearing classy and fierce on Diwali day without sacrificing the traditional way of dressing. To nail your festive appearance, choose from a variety of saree styles including Silk, Banarasi, Bengali, Pure, and Chiffon Sarees.



### Sharara

Sharara suits were popular a few years ago, and they have made a comeback in the fashion business with new variations. So, whether you want to dress up for Lakshmipoojan or take lovely photographs with your siblings on Bhaidooj, you may choose Sharara outfits and appear charming on the festive occasion.





### Chikankari Anarkali Suit

If you are in search of simple Diwali outfits, then you should go for the traditional chikankari work. It looks sober yet elegant. Traditional Anarkali suits might be one of the greatest Diwali outfit ideas if you want to wear regal attire for the holiday.

### Ethnic Co-Ord Set

Express your unique style with the ethnic co-ord set, a personalized fashion narrative for Diwali celebrations. Whether it's an embroidered kurta with palazzo pants or a long skirt with a crop top, it's a symphony of comfort and style.

# The Making of Cyclic

PART I






My dad was a very systematic man and read my end of term reports with much interest. Once he asked me, "what did you do with four pairs of shoes?". I told him very truthfully, "I ate it Sir". He was very angry with me and did not speak to me for many days, thinking I had turned supercilious after joining RIMC. Because fathers are enemies during one's teen age years, I did not bother to explain. After I had joined the NDA, RIMC sent the final accounts to my father, with a cheque for around Rs 1214, balance accrued after debiting all my expenses at RIMC. It made him a very rich man. At that time, my thoughts were, "I wish I knew there was balance in my account, I could have eaten some more shoes".

## It's been a Long Road...

Writing an obituary for a great writer is an impossible task. On 27 Oct 2023, we lost a great man - a loving friend, mentor, father, husband, test pilot for the IAF, prolific writer, prankster, life of the party, and frequent contributor to Arbit - the number of hats Wg. Cdr. Unni Kartha, fondly known as "Cyclic", wore are too many to count. If you are a frequent reader of these pages, you would be well versed with his adventures - be it catching teeters in his helicopter, stealing bicycles in France or the price of salt - his written word was a beautifully strung together cocktail of humor, wit and the drama of everyday life.

I spoke to him a few weeks before he left us. He knew he was flying his last sortie, but seemed to have no regrets. Adamantly refusing any treatment for the cancer that was eating away at him, he dictated his final days just as he wanted them to be - peaceful. He mentioned that he had written his own story - his early years spent at RIMC - glorious, mischievous years that shaped him into who he was for the rest of his life. He gave free permission for his early autobiography to be printed in these pages once he was on his way to Valhalla. From all your friends, family, fans of your writing and the readers of Arbit, "...till we see you again".



**Late Wg Cdr Unni Kartha (Retd)**
*aka Cyclic is a retired IAF pilot with a penchant for storytelling*

I started my journey to RIMC, each term, from a small coastal village called Ambalapuzha in Kerala, by a rickety bus. The bus had an outstanding nose, about as long as the cabin at the rear. Used to remind me of Pinocchio and his awful nose when he told lies. The same bus did shuttle service, and one had to wait by the roadside many hours if one 'missed the bus'. There were no bus stops, it stopped often, even when there was no reason to stop, and no passengers to get on or off. My impractical luggage consisted of all my worldly processions packed into an unnecessarily large, standard issue, steel trunk and a holdall bedding roll, both of which I could never lift, at least till I was 15. At 15 I started weight lifting and body building just so that I could lift my own luggage. Travelling light was impractical those days. My father would accompany me on the first leg of my journey each term. We had to cross several ferries and it took all day to reach Cochin Harbour Terminus about 79 km from my village. My father would turn around and go back home.

I would then board a special RIMC compartment attached to Cochin Exp, that got attached and detached to several other trains enroute, and which travelled all the way to D Dun in about 5 ½ days. The compartment was an old British army hospital carrier, with doors and windows like a standard compartment now-a-days, but with a large, wall to wall, empty hall inside. It had three tier padded retracting bunks, much like seamen quarters in a submarine, to accommodate around 60 passengers. There were about ten odd boys who boarded from Trivandrum and Cochin and the rest would board enroute, all the way to Delhi. With the seats folded and retracted, we often played hockey, a national feverish pastime those days, all the way to D Dun. During meal timing, the train would have one hour long "meal stops" at wayside stations where a delicious hot meal would be served to us by a spotlessly liveried waiter wearing a tall 'Safa' along with crisply ironed napkins, silver cutlery and bone china crockery, all at the station cafeteria or in the train as per our fancy. The station master would usually come by to "pay respect" as was the custom in Railways those days, to courtesy the man in uniform, a legacy from British Raj. There were times in my pre-teens that I wanted to be an engine driver or a Station Master.

> Sometimes, in my childish fantasies, I even thought of becoming a waiter, taking a fancy to wearing a crisply ironed white uniform with a Safa. In later years, as a young IAF officer, I invited the wrath of the Supreme Commander, the then President of India, Sanjeeva Reddy, by turning down his invitation to be his ADC, because I did not like wearing a Safa, but in my youth I did contemplate being a waiter !!

Sometimes, in my childish fantasies, I even thought of becoming a waiter, taking a fancy to wearing a crisply ironed white uniform with a Safa. In later years, as a young IAF officer, I invited the wrath of the Supreme Commander, the then President of India, Sanjeeva Reddy, by turning down his invitation to be his ADC, because I did not like wearing a Safa, but in my youth I did contemplate being a waiter !! From pre-teen years, as time went by, I have wanted to be many things in my life, but not once in all the years at RIMC did I ever imagined that I would be an IAF officer or a pilot. In RIMC, sadly, I had no idea of service life. I joined NDA as an IAF cadet by default, simply because of the fear of a Dr / Capt Sharma who did Army medical at Meerut SSB, and insisted on checking all cadets for piles, using an unusually large hollow pipe. There was no other way to avoid him, other than to join the IAF. Amongst all the happy memories of school, there is none that I remember with greater fondness than the travel up and down every term, especially the prolonged excitement of going home and the short-lived sadness of coming back.

Pre-teens, and as a teenager, returning to school every term, my mother always quartered a 'Hamam' soap and gave me four pieces of soap and one large Colgate toothpaste. She also would give me a small bottle of herbal coconut oil and a very large biscuit tin with delicious victuals. Other accessories that she provided every term were buttons, needle & thread, and a roll of black 3 mm thick hosiery rope which I could cut to length and use as shoe laces when in crisis. The rope also came in handy when the shoe uppers and sole parted company frequently as a result of much shuffling and drilling. The oil smelled awful and I would throw it away on the first day at school. The biscuit tin of victuals would be confiscated and eaten by senior boys. In those years one first spread a bit of toothpaste on one's fingers and brushed afterwards, mainly to save toothpaste. One bathed twice a day and hence applying soap was not considered necessary, except to wash my hands after a crap.



### Growing up has it's tribulations

I did not start shaving till I reached NDA [4] and that too only because of compulsion from then 18 Div Sgt Cdt Koshy (later Lt Gen). Every morning, around 0430 hrs, standing at attention in front of his cabin, I had to mimic an elaborate shaving ritual with soap, brush and a spoon, all of which were meant to start my day in good humour. I have thereafter, never had to use a mirror to shave and the shaving ritual peps up my morale - makes me laugh thinking of doing it with a spoon. One of my first recollections of RIMC (in my first term) is a scraping sound that I heard when sitting on the toilet and contemplating my plight. The sound was acrimonious, like using a hack saw. That was one of my very hirsute classmates from Bihar (Madhu Kumar) shaving, and who insisted that he was only 10 yrs, younger than I. In RIMC, I rarely if ever used any form of cosmetic. The four quarter soaps and a tube of toothpaste usually lasted through a whole term. I now shudder to think of my hygiene habits in my teen age years. However, compared to other cadets, I was not an unacceptable freak, we were all like that. A soap was not considered necessary to bathe. I rarely required tailor/mochi backup, I did it all myself. However, I did requisition many additional uniforms and shoes, all of it were bartered at the school canteen for 'Samosa'[6] and Cola (a local brew which defies description). During first two terms in RIMC, I could not stand the food, lost approx 42% body weight, and survived on Canteen products. Afterwards, after acclimatisation, I could never have enough of RIMC food, especially the cutlets, liver curry and Scotch Eggs.

I never ever bought any of the things that I was supposed to buy with my pocket money, I ate every bit of it, mostly cakes, pastries and chicken patties when Samosa was not available. In later years, at NDA, the single purpose sense of entertainment for every occasion was to eat crispy hotdogs and drink Mangola. The ubiquitous Samosa, deep fried frankfurters, encased within fried bread loaf, and the Mangola, remain my fantasy food even today at 60. At RIMC those days, pocket money was unnecessary, everything was free, excellent food, very good living conditions, two in house movies a week in the auditorium, there was really nothing to spend on.

## #THE MEN WE LOVE



Rimcollian shine at NDA.

> The total pocket money that was charged to our parent in a term was 30 Rupees and since there was rarely a term with more than 26-28 weeks, it was a common childish perception amongst cadets that the house master stole our money. In retrospect, I think the venerable house masters had impeccable character and it was a grossly unjust juvenile perception.

In later years, when I got to know girls and knew of their monthly mood swings, I have been reminded of my own mood swings because of pocket money, or the lack of it. Inadequate PM has been my PMS for major part of my life. As a cadet in RIMC, a weekly pocket money was given to me, usually to buy shoe polish & brasso, personal cosmetics (basically toothpaste, brush, soap and hair oil), other personal accessories (shoe laces mainly), repair our clothing (mainly shoes). And I never bought any of those things. In RIMC, in my preteen years, the PM was a princely sum of "One Rupee". Instead of currency note or coin, we were given chits (printed slips), which we could then use at the canteen, tailor or mochi shops. Currency (rather 12 of brown and blackish One Anna Brass coins) were given to us, usually after breakfast on Sunday mornings, only when we had been given "Weekend Liberty" permission to go out of the camp, much like parole for a convict. When the One Rupee Chit was not fully spent, we used to record the credit balance in a ledger kept in the canteen, tailor or mochi shop and come back to claim it on another occasion.

The total pocket money that was charged to our parent in a term was 30 Rupees and since there was rarely a term with more than 26-28 weeks, it was a common childish perception amongst cadets that the house master stole our money. In retrospect, I think the venerable house masters had impeccable character and it was a grossly unjust juvenile perception. Out Pass, or 'Liberty' was given infrequently, only when one matured to the middle or senior dormitory and one had to apply for it well in advance with a special reason for seeking Liberty. The reasons for seeking liberty may now sound most incredible, mind blowing and incredulous, but at that time I am proud to say that I did not lack zestful and very fertile imagination. Once given liberty, we would gulp down the sumptuous breakfast, seek packed lunch from 'Thopley' the Butler, and run off to Ghari village next door where one could hire a cycle. The greatest pleasure in my child hood was to cycle. It became a burden only after joining NDA. In NDA, more often than not, I had to carry the cycle on my head. At Ghari, we had to pay only a ¼ Anna, a copper coin with a big hole, for every hour that we used a cycle. The first time I went on Liberty, I never got past Cambrian Hall before the chain came out, got entangled into the wheel and I went for a toss. For next two days I was administered by Matron's foul yellow concoction for cuts, bruises and muscular damage. The real damage was to my ego and I never went on liberty for quite a while. However, I do recollect that one could drink a beer mug with cold coffee in Paltan Bazar for one Anna, see three movies, one after another, each for an Anna, and still have money left when I returned to RIMC. One Rupee could fetch a lot of entertainment those days. Whether on Liberty, or 'cutting bounds' (unauthorised visits to the town), which we did quite regularly, seeing a movie and drinking a mug of cold coffee was the sum total of our democratic existence, the raison d'etre. The total school fee at that time was around Rs 750 per term. Since my father's salary around that time, as a Commissioner of the Devaswom Board was only about Rs 266. My total annual expenditure to him was 47% of his annual salary. He actually did not have to spend anything on me since I earned an annual scholarship of Rs 1500 from Kerala Govt from the first year after I joined RIMC. Most of the boys were on scholarship. Ever since I joined RIMC, I had some kind of scholarship all through my teenage years till I was commissioned in IAF. Therefore, I had a very just juvenile perception, and carried this throughout my life, that my body and soul belonged to the Govt of India. That my spine has an Ordnance stamp on it, as a result of eating free rations from the age of 10.

My dad was a very systematic man and read my end of term reports with much interest. Once he asked me, "what did you do with four pairs of shoes?". I told him very truthfully, "I ate it Sir". He was very angry with me and did not speak to me for many days, thinking I had turned supercilious after joining RIMC. Because fathers are enemies during one's teen age years, I did not bother to explain. After I had joined the NDA, RIMC sent the final accounts to my father, with a cheque for around Rs 1214, balance accrued after debiting all my expenses at RIMC. It made him a very rich man. At that time, my thoughts were, "I wish I knew there was balance in my account, I could have eaten some more shoes".

Before I joined RIMC, there was great pressure from my dad to study, to perform, to do homework, to excel. Any other activity without books or homework was anathema to him, specially playing any game. In the initial years at RIMC, I found great solace, there was absolutely no pressure on me to study, and on the contrary plenty of encouragement to play games, do co-curricular activity, debate and read. We used to have a self-study "Prep Period" before dinner, where we sat by ourselves in our class rooms, pretending to do home work. I never did any homework, except when there was a threat of caning or punches from the masters.

I would spend most of the prep period writing compulsory weekly letters to my mother in "Inland letters" that never closed or sealed, no matter how much I licked on it. "I am well, I hope you are well, it is cold here, I hope it is cold there, it is raining, I hope it is raining there, my socks have got a hole, I hope your socks has a hole too" ...........that kind of letters which made my mother, sad, furious, hysterical and made her write long replies that told me how to write nice informative and loving letters. I loved getting letters, but hated writing them. The only subject in which I excelled at RIMC was carpentry, only because it was a genetically inherited trait. A large number of my maternal uncles, though they were nuclear scientists, engineers, bankers and doctors, they all had one uncanny common trait - they were all very gifted carpenters, it ran in our blood. Otherwise my academic performance in RIMC was so meritorious that, in every end of term merit list, my name was always above that of SP Sharma, the principal.


"Can't you do any better?", asked my father once out of exasperation. "Sure", I replied in the monosyllables conversation that takes place between teens and their fathers. And to prove a point, the next term, I came second in class. "Ah" exclaimed my dad, noticing that I had distanced myself from SP the principal, "Now I want you to come first". "No", I said to my father emphatically, 'I did not promise that, you just told me to do it once, to prove that I am not a duffer". Next term I was back to being SP's collaborator on the merit list. Till I was 30, except for the NDA entrance which I wanted to do well, and hence came 4th in the merit list, I was a brilliant student. In every examination, I always passed, never failed, I never scored more than 40, never less than 40, always 40% because that was the pass mark. I was so brilliant that I knew precisely how much to answer so that I would get 40%, and not one mark more or less. In retrospect I was punishing my dad, god only knows why, I was in awe of him and loved him very much. My zest to make something out of myself sadly came only after he died.

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com





## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# खेतड़ी में कांग्रेस की टिकट वितरण से पहले बगावत शुरू

## 'मनीषा गुर्जर को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया तो कार्यकर्ता सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे'

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी में कांग्रेस की टिकट वितरण होने से पहले अब बगावत के स्वर उठने लगे हैं। पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर के कांग्रेस में शामिल होने के साथ ही खेतड़ी से कांग्रेस की टिकट मिलने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में वर्तमान विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह के समर्थकों ने उनके टिकट काटने पर पार्टी को सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की चेतावनी दी है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खेतड़ी में उपखंड कार्यालय के सामने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खेतड़ी में उपखंड कार्यालय के सामने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया।

पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर ने कहा कि डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने खेतड़ी क्षेत्र में कांग्रेस से विधायक रहते हुए विकास के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में ले जाने का काम किया था, जिससे कार्यकर्ता काफी उत्साहित होकर पार्टी को मजबूत दिशा में ले जाने का काम भी कर रहे थे। मनीषा गुर्जर कांग्रेस पार्टी में आने से पहले भाजपा की सीट से पंचायत समिति की प्रधान बनी हुई है। ऐसे में मनीषा गुर्जर को पार्टी में शामिल कर खेतड़ी में प्रत्याशी बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कांग्रेस के कार्यकर्ता कभी भी सहन नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने वर्तमान विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह को टिकट देकर प्रत्याशी नहीं बनाया तो यहां से पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ सकता है।

यदि मनीषा गुर्जर को कांग्रेस की सीट से प्रत्याशी बनाया गया तो कार्यकर्ता सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे। पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट के लिए दावेदारी कर रही थी, लेकिन भाजपा ने उनको टिकट नहीं देकर इंजी. धर्मपाल गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है। टिकट कटने से नाराज प्रधान मनीषा गुर्जर ने जयपुर मे मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। अब खेतड़ी से मनीषा गुर्जर को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित करने की चर्चा चल रही है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने इस्तीफे मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष को भेजने की बात कही है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रभू दयाल कुमावत, ब्लॉक महासचिव निकेश पारीक, चंदगीराम, महावीर प्रसाद, भरत, कपिल, योगेश कुमार, सुधीर गुप्ता, बाबूलाल नायक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

■ खेतड़ी से मनीषा गुर्जर को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित करने की चर्चा चल रही है

# कबाड़ के गोदाम में लगी आग से तफरा-तफरी मची



गंगापुर सिटी में कबाड़ के गोदाम में लगी आग दमकलकर्मियों ने बुझाई।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कोतवाली थाना इलाके के गांधीनगर क्षेत्र में शनिवार शाम को एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस के एएसआई नौशाद खान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नगर परिषद की फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया।

गंगापुर सिटी की गांधीनगर स्थित कबाड़ी के एक गोदाम में शनिवार शाम को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते आग ने कबाड़ के साथ-साथ आसपास के मकानों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। आग लगने की सूचना पर काफी संख्या में लोग मौके पर जमा हुए। लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली थाने से एएसआई नौशाद खान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाली थाना के एएसआई नौशाद खान ने बताया कि अज्ञात कारणों से कबाडी के गोदाम में आग लग गई। फिलहाल नुकसान का कोई आंकलन नहीं लगाया जा सका है।

# पांच लाख की अवैध शराब सहित कार जब्त

## चालक कार को रोक खेतों में छोड़कर फरार हो गया

**उदयपुर,** (कासं)। पारनवा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान पांच लाख रूपये की अवैध शराब से भरी कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के सुपरविजन में पानरवा थानाधिकारी उमेश चन्द्र के नेतृत्व में गठित दल ने नाकाबंदी के दौरान अम्बासा नाकाबंदी पोईंट पर कार को रूकने का इशारा किया। इस पर चालक कार को रोक खेतों में छोड़कर फरार हो गया। इस पर कार की तलाशी ली तो उसमें पांच लाख रूपये मूल्य की अवैध शराब के 60 कार्टन पाए गए। इस पर कार व शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

■ नाकाबंदी में अम्बासा नाकाबंदी पोईंट पर शराब पकड़ी

## मारपीट कर युवक से नगदी छीनी

**बीकानेर** (निसं)। युवक के साथ मारपीट कर 50 हजार रुपये छीनने का मामला बज्जू पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। इस आशय की रिपोर्ट पीड़ित की मां बांगड़सर गांव निवासी बन्नू देवी ने थाने में दी है।

आरोप लगाया है कि एक सितम्बर को एकराय होकर आरोपियों ने उसके बेटे के साथ मारपीट की तथा उसकी कैम्पर गाड़ी में पड़े 50 हजार रुपये छीनकर ले गए। आरोप है कि आरोपी उनको खरीदशुदा गाड़ी के दस्तावेज नहीं दे रहे है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर दो भाई फूसाराम व कोजाराम पुत्र पदमाराम तथा 5-7 अन्य के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से कंपाउण्डर की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के पाल देवल के पास निर्माणाधीन पुलिया पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से कंपाउंडर की मौत हो गई। कंपाउंडर साढ़े चार लाख रुपए में सेकंड हैंड ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदकर खुद लेकर जा रहा रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

सदर थाने के एसआई ने बताया कि लोडवाडा निवासी प्रभुलाल लबाना सरकारी अस्पताल में कंपाउंडर है तथा वह खेतीबाड़ी का काम भी करता है। उदयपुर के आडीवली से सेकंड हैंड ट्रैक्टर खरीदा। इसके बाद प्रभुलाल खुद ट्रैक्टर चलाते हुए घर जा रहा था। पीछे बाइक लेकर लोडवाडा गांव का ही रतनलाल चल रहा था। पाल देवल निर्माणाधीन पुलिया के पास जाते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। इससे ड्राइवर प्रभुलाल नीचे गिरा और आगे के टॉयर के नीचे आ गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रभुलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस ने प्रभुलाल के शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सुपर्द कर दिया है। मृतक प्रभुलाल के एक ही पुत्र है।

■ सैकंड हैंड ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदकर खुद लेकर जा रहा रहा था

## वनकर्मी पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की रामसागडा पुलिस ने वनकर्मी के साथ जानलेवा हमले के मामले में गत 16 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थानाधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देशन में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाने की विशेष टीम ने वनकर्मी के साथ जानलेवा हमले के मामले 16 साल से फरार चल रहे आरोपी ढीकवा थाना ईसरी जिला अरवल्ली गुजरात निवासी काला उर्फ कावा कटारा को मुखबीर सूचना और ईसरी थाने की मदद से ढीकवा से डिटेन कर पूछताछ करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कार्यालय में पेश किया जाएगा।

# 15 तोला सोना व चांदी सहित नगदी चोरी

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र के ज्ञान विहार कॉलोनी स्थित एक बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोर छत के रास्ते घुसे और 15 तोला सोना, आधा किलो चांदी व 20 हजार रुपए चुराकर फरार हो गए। मकान मालिक परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। पीड़ित ने क्रिश्चियनगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र के ज्ञान विहार कॉलोनी में रहने वाले पीडित् मकान मालिक हिमांशु राठौड़ ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। पीछे से घर बंद था। चार नवंबर को आया। उस वक्त घर का सामान बिखरा हुआ मिला। आलमारी के ताले टूटे हुए थे। चोर छत के रास्ते घर में घुसे। अलमारी में रखा 15 तोला सोना, आधा किलो चांदी व 20 हजार रुपए चोरी कर ले गए। लाखों रुपए की चोरी का पता चलते ही क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मकान मालिक व आसपास के लोगों से वारदात के बारे जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू की

## विद्युत करंट से युवक की मौत

**बीकानेर** (निसं)। गांवों में विद्युत लाइन की समस्या का चिरस्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते हादसे हो रहे हैं। गांवों में आलम ये है कि विद्युत तार लटक रहे, ढीले पड़े है यहां तक कि ऊंट व बैल गाड़ों पर बैठकर भी नहीं जा सकते।

खड़ा आदमी आराम से इन ढीले व लटकते तारों को छू सकता है। कालू पुलिस थाना क्षेत्र में एक युवक पर 11 केवी विद्युत लाइन का तार टूटकर उस पर आ गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। इस आशय की रिपोर्ट कालू पुलिस थानान्तर्गत राजपुरा हुडान गांव में रहने वाले मांगीलाल मेघवाल ने थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक तीन नवम्बर को रात को करीब आठ बजे के आसपास 11 केवी विद्युत लाइन का तार टूटकर उसके चचेरे भाई रामस्वरूप पर आ गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई।

# ऑनलाइन ठगी की वारदात सामने आई, केस दर्ज

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ना कोई फोन, ना ओटीपी, ना कोई लिंक और खाते से 96 हज़ार की राशि साफ। मामला भीलवाड़ा के प्रताप नगर थाने से जुड़ा हुआ है। आज़ाद नगर में रहने वाले युवक प्रवीण कुमार शर्मा ने थाने में शिकायत दी, जिसमें बताया कि उसके खाते से 31 अक्टुबर को बिना किसी मैसेज , ओटीपी या कोई लिंक आए हुए 96000 की राशि निकल गई।

प्रताप नगर थाने में उसकी शिकायत तो दर्ज कर ली है साथ ही बैंक में जाकर शिकायत दर्ज करने की सलाह भी दी। युवक ने बैंककर्मियों रुपये कटने की जानकारी दी तो बैंक कर्मियों ने किसी भी तरह की सहायता करने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि उसके खाते से यूपीआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से 96000 की राशि कटी है, ऐसे में बैंक इसके लिए उत्तरदाई नहीं है। अपने खाते से पैसे कटने के बाद परेशान युवक ने पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत दी है।

## युवक का शव मिला

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के सादुलशहर में सरकारी अस्पताल के मुख्य द्वार पर एक व्यक्ति का शव मिला है। हालांकि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया। हाल फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त करने में जुटी है।

## दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। तीन नवंबर सांय मनोरिया किराणा स्टोर उदयसागर चौराहा निवास हिरालाल पुत्र केसुलाल कीरव सनी उर्फ जसन्तसिंह राणा पुत्र राजेन्द्र, बाबू नेपाली, पूरण नेपाली के बीच किसी बात को लेकर कहासूनी होने पर मारपीट हो गई। जिससे हिरालाल व सनी दोनों गंभीर घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस मामले में हिरालाल ने सनी व साथियों के खिलाफ व सनी ने हिरालाल व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि हिरालाल का पालतु कुत्ता है जो आने-जाने वालों को परेशान करता है। इसको लेकर सनी ने एतराज किया था। इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। प्रकरण की जांच एएसआई पर्वतसिंह कर रहे है।

# जे.पी. चंदेलिया ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया

**चिड़ावा,** (निसं)। पिलानी विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान कांग्रेसी विधायक जेपी चंदेलिया ने इस बार चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने ये फैसला अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद लिया। उन्होंने कहा कि वे अन्य नेताओं की तरह नहीं है जो कि टिकट नहीं मिलने पर पार्टी छोड़कर या तो दूसरी पार्टी की टिकट या फिर निर्दलीय चुनाव लड़ने पार्टी के खिलाफ खड़े हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी का फैसला शिरोधार्य है। इस बार वे चुनाव मैदान में नहीं उतरेंगे। पार्टी के आदेश का वे पालन करेंगे। उन्होंने पितराम काला को टिकट दिए जाने पर कहा कि काला अच्छे अधिकारी रहे हैं। पार्टी ने जातिगत आधार और कुछ अन्य आधारों को देखते हुए उनको टिकट दी है। अब वे भी पार्टी के फैसले के साथ हैं और पार्टी को पिलानी विधानसभा क्षेत्र में जिताने का प्रयास करेंगे। चंदेलिया ने पांच साल के कार्यकाल के दौरान उनका साथ देने वाले सभी समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता से उनको भरपूर प्यार मिला है और आगे भी वे जनता का सेवक बनकर उनके लिए कार्य करते रहेंगे।



वर्तमान कांग्रेस विधायक जे.पी. चंदेलिया ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली।

# छात्राओं ने श्रृंखला बनाकर "वोट फॉर नेशन" का संदेश दिया

## एक हजार छात्र-छात्राओं ने मैदान में छात्र श्रृंखला बनाई



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुभाष नगर में बालक बालिकाओं द्वारा श्रृंखला बनाकर "वोट फॉर नेशन" का संदेश दिया गया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के तत्वावधान में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुभाष नगर में बालक बालिकाओं द्वारा श्रृंखला बनाकर "वोट फॉर नेशन" का संदेश दिया गया।

प्रधानाचार्य, उर्मिला जोशी ने बताया कि लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं ने मैदान में छात्र श्रृंखला से वोट फॉर नेशन की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। छात्र श्रृंखला से स्काउट प्रभारी एवं सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट) प्रेमशंकर जोशी ने मतदाता जागरूकता के नारे लगवाये। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु संकल्प पत्र भरवा कर प्राप्त किये एवं अपने-अपने गली मोहल्ले में सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का आव्हान किया। सुभाष नगर विद्यालय द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत पूर्व में भी मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली, शपथ दिलाना, संकल्प पत्र, प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों द्वारा मतदाता जागरूकता के सराहनीय कार्य किए गए।

छात्र श्रृंखला बनवाने में पारी प्रभारी सुषमा पालीवाल, प्रेम भण्डिया, कौशल्या लाठी, मंजू शर्मा, संगीता व्यास, जया पी. लालवानी, मीनाक्षी शर्मा, परमेश्वर शर्मा, इंदिरा शर्मा, ममता रानी चौधरी, ज्वाला प्रसाद शर्मा, रेखा पोडेल ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# ब्राह्मण समाज को राजनैतिक पार्टियां केवल वोटबैंक मानकर उपयोग कर रही हैं : हरितवाल

## शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रही गौड़ ब्राह्मण समाज की 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**चूरू,** (कासं)। गौड़ ब्राह्मण महासभा चूरू जिला ईकाई के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय दादाबाड़ी में समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चूरू तहसील के शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रहे 70 प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष विजय हरितवाल थे।

समारोह की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि टीडीयासर के संत विशंभरनाथ महाराज, महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नटवरलाल शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय वासोतिया व रतनलाल शर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर धर्मसंघ ब्रह्मचार्य आश्रम के ब्रह्मचार्यों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष हरितवाल ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज को राजनीतिक पार्टियां केवल वोट बैंक मानकर उपयोग कर रही है, जिसको ब्रह्मण समाज कभी भी बर्दास्त नहीं करेगा।



गौड़ ब्राह्मण महासभा चूरू जिला ईकाई के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में समाज का शत् प्रतिशत मतदान समर्थक पार्टी को होगा। जो पार्टी हमारे समाज की अनदेखी करेगी, उसका बहिष्कार करेंगे। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नटवरलाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज अपने संस्कारों के साथ परोपकार कार्य कर सभी समाज को साथ लेकर उनकी दिशा में सकारात्मक बदलाव करें। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय वासोतिया ने कहा कि ब्राह्मण समाज एक अग्रणी समाज है। राजनैतिक पार्टियों को ललकारते हुए कहा कि जिसके साथ ब्राह्मण समाज रहेगा, वहीं पार्टी सफलता हासिल कर सकेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस ओर समाज दिशा निर्देश तैयार कर रहा है। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा सीकर के जिलाध्यक्ष रतनलाल शर्मा ने प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी भावी सरकारी अधिकारी है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा आगे रहा है और भविष्य में भी रहेगा। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल ने सभी का स्वागत किया।

इस अवसर पर विजय हरितवाल का जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल, बजरंग लाल शर्मा एड्वोकेट, बाबूलाल शर्मा, विश्वनाथ शर्मा राजगुरु, विजय शर्मा पूर्व सभापति, रामप्रसाद शर्मा, डॉ. सांवरमल शर्मा, डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा, सूर्य प्रकाश त्रिवेदी, गिरधारी लाल हारित, महेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा एडवोकेट, नरेंद्र चतुर्वेदी, योगेश शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नटवर लाल शर्मा का डॉ. महेश शर्मा, हुकुमचंद गौड़, शंकर महर्षि, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मुरलीधर शर्मा, सांवरमल शर्मा, दामोदर गौतम, योगेश गोग्यान, बनवारी लाल इंदौरिया, अरविन्द शर्मा एडवाकेट, पुनित लाटा, हरीश शर्मा, जगमोहन तिवाड़ी द्वारा व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय वासोतिया का मोहन त्रिवेदी, डॉ. मनोज योगाचार्य, कन्हैयालाल महर्षि, योगेश गौड़, शिव कुमार शर्मा पूर्व पार्षद, नवीन शर्मा, महेश मिश्रा, किशन लाल शर्मा, सुरेंद बावलिया, केदार मल शर्मा, किशन भैड़ा द्वारा व सीकर जिलाध्यक्ष रतनलाल शर्मा का बाल किशन बावलिया, बनवारी लाल गोग्यान, नारायण प्रसाद महर्षि, अरविंद शर्मा एडवोकेट, देवकांत शर्मा, संदीप पाटिल आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद प्रो. सरोज हारित ने किया।

## शिविर में 120 यूनिट रक्त संग्रहित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। ग्राम पंचायत बागरियावास के गांव नावलाई में स्थित नागेश्वर शिक्षण संस्थान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजन समिति के डॉ. बाबूलाल सैनी एवं विजय कुमार सैनी के ने बताया कि शिविर में युवाओं एवं महिलाओं ने बढचढ कर भाग लिया। बलराम शर्मा एवं सतीश शर्मा ने बताया कि शिविर में कुल 120 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिवपाल जाखड़ एवं रतनलाल सैनी ने बताया कि रक्त संग्रहण हेतु जनहित ब्लड सेंटर जयपुर से टीम आई, जिसका नेतृत्व डॉ मोहित खींची एवं नरेंद्र यादव ने किया। कमलेश सैनी एवं रामप्रसाद सैनी ने बताया कि महिला रक्तदाताओं में कोमल सैनी, कमला सैनी, अनिता सैनी सहित अनेक महिलाओं ने भी रक्तदान किया। सुनील सैनी, रोहिताश मावलिया एवं घनश्याम मीणा ने बताया कि रक्तदाताओं को हेलमेट और टीशर्ट उपहार में दिये गए। पुरुष रक्तदाताओं में दिनेश मन्नाडे, मोहित सैनी, मनोज सैनी, मुकेश सैनी, महेंद्र सैनी, सुरेंद्र सैनी, मदन लाल सैनी, रामकरण सैनी सहित अनेक युवा मूंडरू, नाथूसर, अरनिया, बागरियावास, रतनपुरा आदि से पधारे अनेक युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। इस अवसर पर कैलाश तिवारी, रामजीलाल सैनी सरपंच, सुरेश सैनी आदि कई ग्रामीण व आसपास के रक्तदाता उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी धनकड़ के जनसंपर्क में उमड़ा जनसैलाब

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड़ ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भांकरी व अन्य गांवों में घर-घर जाकर ग्रामवासियों से मिलकर भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए उनका आशीर्वाद लिया, जहां ग्रामवासियों ने उनका का पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया।

कुलदीप धनकड़ के साथ जन संपर्क अभियान में सैंकड़ों ग्रामवासी शामिल होकर उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए नजर आए। धनकड ने कहा

■ भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड़ आज भरेंगे नामांकन

कि इस बार आप सभी भाजपा पार्टी को जिताकर सेवा का एक मौका दें और भाजपा पार्टी निश्चित रूप से क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएगी क्योंकि भाजपा की सरकार का केंद्र में होना व आने वाले समय में प्रदेश में भी भाजपा सरकार का बनना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डबल इंजन से काम करना तय करेगा। ऐसे समय इस क्षेत्र में भी भाजपा का विधायक होने से इस क्षेत्र का विकास होना सुनिश्चित है।



विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड़ ने गांवों में घर-घर जाकर ग्रामवासियों से भाजपा को वोट देने की अपील की।

वहीं विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड आज अपना दमखम दिखाते हुए नामांकन भरेंगे। इस मौके पर भाजपा के कई नेता मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही बीजेपी के दिग्गज नेता आज जनता से रूबरू भी होंगे। इससे पूर्व धनकड की नामांकन रैली सोमवार प्रातः 10 बजे विराटनगर स्थित रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई विराटनगर उपखण्ड कार्यालय पहुंचेगी। जहां धनकड द्वारा अपना नामांकन फॉर्म भरा जायेगा। भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों का काफिला रामलीला मैदान में एकत्रित होगा। वहा भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड द्वारा नामांकन सभा को संबोधित करने के बाद नामांकन के लिए रामलीला मैदान से एक विशाल जन सैलाब के साथ विराटनगर से उपखंड कार्यालय पहुचेंगे। इस दौरान विधानसभा प्रभारी मिथिलेश सिंह की अध्यक्षता में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी विराटनगर के पांचो मण्डलों के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने नामांकन सभा की तैयारी को लेकर अपनें-अपने विचार रखें। सभी कार्यकर्त्तागण व पदाधिकारियों को मण्डल अध्यक्षों द्वारा नामांकन कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई।


## सुदामा चरित्र की कथा सुनाई

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा कस्बे स्थित मुरली मनोहर नागाजी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन रविवार को सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ।

कथाव्यास आचार्य पंडित बृज भूषण महाराज द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास आचार्य पंडित बृज भूषण महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो।सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है।

## सार-समाचार

### राजेन्द्र सिंह यादव ने जनसभा की



**कोटपूतली,** (निसं)। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा चौथी बार प्रत्याशी बनाये गये गहलोत सरकार के निवर्तमान उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने रविवार को ग्राम गोरधनपुरा की चौपाल पर जनसभा की। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका स्वागत करते हुए विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने के लिए समर्थन दिया। यादव ने जनसभा में कोटपूतली का एक जिले के रूप में सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि कोटपूतली के विकास में प्रत्येक गांव, ढ़ाणी को साथ लेकर चलेंगे। कस्बे के वार्डो से लेकर गांव के घरों तक समान रूप से विकास पहुंचेगा। इस दौरान उन्होंने ठाकुर जी के मंदिर में दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद ग्रहण किया। साथ ही यादव ने ग्राम गोरधनपुरा की एससी बस्ती में भी जनसम्पर्क कर बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया एवं युवाओं व माता-बहनों का अभिवादन भी किया। वहीं दूसरी ओर यादव की ओर से पीसीसी मेम्बर मधुर यादव ने ग्राम देवता में जनसम्पर्क कर ग्रामीणों से आशीर्वाद मांगा।

### चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने स्टेशन रोड पर जीण माता मंदिर के पास स्थित खंडेलवाल वैश्य धर्मशाला में अपने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया है। शेखावत ने पूर्व पंडितों द्वारा मंत्रोचार व पूर्ण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद कार्यालय का शुभारंभ किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को शेखावत व अन्य लोगों ने संबोधित भी किया और एकजुट होकर अशोक गहलोत की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व भारी बहुमत से कांग्रेस को जीताने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष सालिगराम चौधरी, अग्रवाल समाज के बाबूलाल चौधरी, अजीतगढ़ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हरिप्रकाश शर्मा, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि घासीराम यादव, श्रीमाधोपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम प्रकाश सैनी थोई, अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद स्वामी, श्रीमाधोपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रक्षपाल दास स्वामी, पूर्व पीसीसी सचिव बालेंदु सिंह शेखावत, उप प्रधान रिछपाल निठारवाल, पार्षद जगदीश मीणा, उमेश चूलेट ,सरपंच सुनील जांगिड़ कंचनपुर, छुट्टन कुरैशी, हरिप्रसाद गोकुलका ,मनोहर सिंह ,विजय सैनी,अनेकों सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### शिविर में 156 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। मधुमेह जागरूकता अभियान के अंतर्गत लायंन क्लब श्रीमाधोपुर ने ज्योति डेंटल एंड हेल्थ केयर के सहयोग से मधुमेह जांच एवं परामर्श निशुल्क शिविर का आयोजन रविवार को किया। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि यह शिविर शहर के दो अलग-अलग स्थानों, थोक सब्जी मंडी एवं मजदूर नाका पर आयोजित किया गया जिसमें शहर और आसपास के 156 लोगों ने इसका लाभ उठाया। जांच में महेंद्र कुमार शर्मा, मनीष कुमार, राकेश कुमार सैनी, विनेश कुमार सैनी और नितिन कुमावत ने सहयोग प्रदान किया और डॉक्टर शुभम सैनी ने परामर्श दिया। इस मौके पर क्लब के सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई , ललित कुमार सैनी, सागर मल सैनी, मनोज मालपानी और अनिल कुमार मारवाल आदि उपस्थित रहे।

### करंट से झुलसे लंगूर का उपचार किया

**शाहपुरा,** (निसं)। ग्राम भौनावास में एक लंगूर पेड़ पर बैठा हुआ था इस दौरान उसका शरीर अचानक विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया जिससे वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। पूर्व सरपंच राजपाल सिंह ने घटना की सूचना एलएसए गोविन्द भारद्वाज को दी। सूचना मिलते ही भारद्वाज ने रात को ही मौके पर पहुंचकर घायल लंगूर का उपचार किया। भारद्वाज ने बताया कि लंगूर का दांया हाथ एवं पूंछ झुलस गई थी जिसकी ड्रेसिंग करके मालिस की। उपचार के बाद लंगूर को दूध पिलाया गया।

### रंगोली बनाकर जागरूक किया

**निवाई,** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिपुरा में शनिवार को नो बेग डे कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधाना अध्यापक पदमचन्द सोगानी ने बताया की स्थानीय विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगोली बनाकर एवं दीप सजाकर 25 नवम्बर को अधिक से अधिक मतदान कसे के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यापन दिनेश विजयए रुमाली मीणाए अनिता जैन व पूजा वर्मा उपस्थित रही।

### चांदा प्रीमियर लीग शुरू

**निवाई,** (निसं)। जय मातादी किक्रेट क्लब के तत्वावधान में चांदा प्रीमियर लीग का आयोजन गांव प्रतापपुरा में किया गया। चांदा प्रीमियर लीग का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि तीर अंदाज एसोसिएशन के सचिव दिपेन्द्रसिंह खंगारोत ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि खंगारोत ने खिलाडियों से परिचय किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाडियों को अपना प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। इसके साथ ही प्रतिभाओं को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।

# कांग्रेस प्रत्याशी जूली ने गांवों में जनसंपर्क किया

**अलवर,** (निसं)। कांग्रेस प्रत्याशी टीकाराम जूली ने आज अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव ककराली, जाजोर बास, जाजोर जनसम्पर्क किया।

उन्होंने कहा कि, विधानसभा चुनाव में जनसंपर्क कार्यक्रम में महिला पुरुषों की इतनी बड़ी भागीदारी कांग्रेस पार्टी की जीत की ओर इंगित कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला पुरुषों द्वारा इस ऐतिहासिक भव्य स्वागत से अभिभूत हूं आपका स्नेह और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। मातृस्वरूप की इतनी बड़ी संख्या मुझे आशीर्वाद देने पहुंची है यह मेरी ताकत है। बड़ी संख्या में युवाओं ने ट्रैक्टर व बाइक रैली से जनसभा स्थल तक मंत्री जूली का स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में महंगाई व बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। ऐसे में लोगों के पास कांग्रेस पार्टी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों ने जनमानस के पटल पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में मॉडल राजस्थान की मिसाल पेश की है।




युवाओं ने ट्रैक्टर व बाइक रैली से टीकाराम जूली का स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया।

## दीपोत्सव मिलन समारोह आज

**मंडावरी,** (निसं)। उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आज सोमवार को मातृ सम्मेलन एवं दीपोत्सव मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य रामेश्वर शर्मा ने बताया कि आज 6 नवंबर को दोपहर सवा बजे विद्यालय परिसर में मातृ सम्मेलन एवं दीपोत्सव स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मातृ सम्मेलन एवं दीपोत्सव स्नेह मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता ममता अग्रवाल करेंगी एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गिरिराज खारवाल विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अर्चना मीणा स्वदेशी जागरण मंच प्रांतीय महिला प्रमुख व विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला सचिव आदर्श शिक्षा समिति दोसा कमलेश कुमार गौतम भी मौजूद रहेंगे। इस स्नेह मिलन मातृ सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर समिति के स्थानीय संरक्षक मुरारी लाल गोयल, अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल आदि भी मौजूद रहेंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन

**अलवर,** (निसं)। अलवर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अजय अग्रवाल के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यालय का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह ने रिबन काटकर किया।

इस कार्यक्रम में कांग्रेस के सभी पार्षद सहित जिले भर के दिग्गज नेताओं ने भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर मुखय अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि अलवर नगर परिषद में सभापति रहे अजय अग्रवाल ने जो कार्य किए हैं, उन्हें आज तक याद किया जाता है। शहर में हुए सर्वे और आम जन की मांग के अनुसार ही अजय अग्रवाल को कांग्रेस ने टिकट दिया है। हर मतदाता अब अजय अग्रवाल बनकर शहर का विकास करवाएगा। शहर में समस्याओं के निराकरण के लिए अजय अग्रवाल का विधायक बनना आवश्यक है। इसी प्रकार सिंह ने कहा कि अलवर शहर में पानी की समस्या है जिसके समाधान की मांग मैं इनसे कर रहा हूं जो यहां की मांग जोरदार तरीके से उठाएंगे।कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत ने कहा कि अलवर शहर की अब तक बड़े शहरों में गिनती हो जानी चाहिए लेकिन 15 साल तक यहां काम ही नहीं हुए। भाजपा विधायकों ने शहर के विकास को कोसो दूर कर दिया है। कार्यक्रम में कांग्रेस नेत्री श्वेता सैनी ने कहा कि अलवर में पूरी कांग्रेस एक जाजम पर आकर पूरजोर तरीके से चुनाव लड़ रही है। शहर में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि सर्वे के आधार पर अजय अग्रवाल का नाम प्रथम स्थान पर था जिसके बाद इनको टिकट मिला है। अब पूरे शहर का कर्तव्य है कि वे भारी मतों से इन्हें विजयी बनाए। कार्यक्रम में प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने कहा कि मैं शहर वासियों के प्रेम से बहुत अभिभूत हूं। मैं आप सभी की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार रहूंगा।

# दीपावली पर्व को लेकर सजने लगा बाजार

**निवाई,** (निसं)। दीपावली के तीन दिवसीय पावन त्यौहार को लेकर युवक युवतियों सहित लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है। वहीं बाजार में दुकानदार अपनी दुकानों एवं शोरूमों को ईलेक्ट्रिोनिक स्वचलित रंगीन लाइटों से सजाने में लगे हुए हैं।

दीपावली के तीन दिवसीय पावन त्यौहार को लेकर 12 नवम्बर को लक्ष्मी पूजन व 14 नवम्बर को गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव है। जिसको लेकर लोग अपने घरों को रंगरोगन व साफ सफाई करके सजाने में जुटे हुए हैं वहीं व्यापारी भी अपने प्रतिष्ठानों की सजावट कर रहे हैं। दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर में बडा बाजार, चौहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, बिलाला मार्केट, सब्जी मंडी, पटेल रोड, झिलाय रोड, बस स्टेण्ड व जमात सहित टोंग्या कटला, पाटनी कटला व बाजारों में

■ 12 को लक्ष्मी पूजन व 14 को गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव

दिनभर ईलेक्ट्रिोनिक दुकानों सहित पोस्टर, कलम खाता-बही, मोबाईल, कपडे, जूते-चप्पल, मिट्टी के ढीबे-मांगलिक कलश, रंग-रोंगन व पटाखों की दुकानों पर भीड रहने लगी है। व्यापारी मिष्ठान भण्डारों के बाहर बडे-बडे काउंटर लगाकर उन पर विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी मिठाईयां सजाकर ग्राहकों को आकर्षित करने में जुटे हुए हैं। शहर के बाजारों में ग्राहकों की रेलमपेल लगी हुई हैं। दुकानों पर ग्राहकों की भीड लगी रहती हैं जिससे पैदल निकलने में भी परेशानी उठानी पड रही है।

## ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र शुरू

**निवाई,** (निसं)। कल्प सेंटर फॉर अनफोल्डिंग लर्निंग पोटेंशियल एवं एवं देसाई फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से रानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय में बालिकाओं के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केन्द्रों का विधिवत उद्घाटन किया गया। कल्प कार्यकर्ता मुकेश शर्मा ने बताया कि निवाई व झिलाय में दो प्रशिक्षण केंद्र खोले गए हैं। केंद्र पर एक समय में 40 बालिकाएं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगी। इन प्रशिक्षण केंद्रों को संचालित करने का उद्देश्य बालिकाओं को व्यवसायोंनमुख् शिक्षा देना है ताकि वे आगे आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खडी हो सके। रानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालिकाएं प्रशिक्षक एवं कल्प के सचिव डॉ. ओमप्रकाश कुलहरी एवं निदेशक सुधीर उपाध्याय कल्प कार्यकर्ता मुकेश शर्मा, माफिया खान व धनराज शर्मा भी उपस्थित रहे।

# विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों से अवगत कराया

**पावटा,** (निसं)। स्थानीय उपखंड कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में अनुविभागीय अधीकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लुणीया, पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी, अधिशासी अधिकारी मनीषा यादव, विराटनगर वृत्ताधिकारी रोहित सांखला, पावटा तहसीलदार अजय सिंह यादव ने पत्रकारों को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रशासन द्वारा की जारही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 6 नवंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे। जिसमें सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक फॉर्म भरने का समय रहेगा। वहीं 5 तारीख को रविवार होने के कारण छुट्टी रहेगी। 7 तारीख को फॉर्म की चेकिंग की जाएगी। 9 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकते हैं। 9 नवंबर को 3 बजे बाद बचे हुए प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी कि कौन-कौन प्रत्याशी मैदान में है। सभी को आदर्श आचार संहिता की पालना सख्ती से करवानी है। 200 मीटर के परिसर में पांच व्यक्ति अपने तीन व्हीकल नॉमिनेशन फॉर्म भरने के लिए ला सकते है और जो प्रत्याशी ऑनलाइन फॉर्म भरेंगे उनको अपने ऑनलाइन फॉर्म की हार्ड कॉपी यहां कार्यालय में जमा करनी होगी। तभी उनका नॉमिनेशन मान्य होगा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 220 मतदान केंद्र व अधिक मतदाता होने के कारण 6 सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 8 सहेली बूथ (पिंक), 8 युवा मतदान केंद्र, एक दिव्यांग बूथ, 77 संवेदनशील मतदान केन्द्र बनाये गए है। संपुर्ण विधानसभा क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग कुल 160 मतदाताओ ने डाक मत पत्र से मतदान की सुविधा मांगी है। मतदान दलों के द्वारा उनके घर जाकर मतदान प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। किसी तरह की कोई भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत हो तो तुरंत निर्वाचन अधिकारी को इसकी सूचना दी जाए। इसको लेकर भी मीडिया कर्मियों के सामने निर्वाचन अधिकारी ने यह बात कही वहीं आगे कहा कि हम सब को एक दूसरे के सहयोग से विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण करवाने हैं। और सभी का सहयोग इसमें अपेक्षित है। वही अन्य बिंदुओं को लेकर भी निर्वाचन अधिकारी ने संपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने शक्ति प्रदर्शन रैली निकाली

**निवाई,** (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर निवाई-पीपलू सुरक्षित विधानसभा सीट के लिए आम आदमी पार्टी प्रत्याशी महेश बैरवा पराणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ विशाल शक्ति प्रदर्शन रैली शक्ति निकाली गई।

जिसमें शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदर्शन रैली जमात में स्थित हाउसिंग बोर्ड के सामने शिवमंगल पैराडाईज से रवाना होकर जमात, दामोदर गौशाला, राधा दामोदरजी के कुण्ड होते हुए पुलिस थाना, हरीजन बस्ती, गांधी पार्क, अहिंसा सर्किल, कृषि उपज मंडी व झिलाय रोड होते हुए एसडीएम कार्यालय तक पहुंची। शक्ति प्रदर्शन रैली में युवा कार्यकर्ता महेश बैरवा पराणा जिन्दाबाद, केजरीवाल हैं तो मुमकिन है के नारे लगाते हुए एवं हाथों में पार्टी का झण्डा लेकर चल रहे थे। रैली के दौरान प्रत्याशी महेश बैरवा पराणा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रत्याशी महेश बैरवा पराणा ने हाथ जोडकर लोगों का अभिनन्दन किया। इससे पूर्व शिवमंगल



निवाई में आम आदमी पार्टी की रैली में प्रत्याशी महेश बैरवा पराणा ने लोगों का अभिनन्दन किया।

पैराडाईज में आम सभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी महेश बैरवा पराणा ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव लड रहा हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने आमजन के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इस अवसर पर पार्टी प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा, जिला अध्यक्ष हनुमान सेन, बिगबॉस फैन गोरी नागोरी, लादूलाल मीणा, जगदीश बैरवा, नंदकिशोर चौधरी, महेंद्र खुरेडा, द्वारका प्रसाद, धर्मराज गोठवाल, जितेंद्र चौधरी, गणेश बहड, हुकमचंद मीणा, लक्ष्मीनारायण चोरपुरा, शंकर जगसरा, देवलाल जोधपुरिया, सत्यनारायण पासरोटियां, पप्पू पासरोटियां एवं अजय योगी पीपलू व कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## भित्ती चित्रण प्रीतियोगिता हुई

**निवाई,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीन्दरा में विधानसभा आम चुनाव 2023 मतदाता जागरूकता हेतु रिटर्निंग अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानाचार्य कृतिका शर्मा ने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु विद्यालय की छात्राओं द्वारा दीवार सज्जा भित्ती चित्रण प्रीतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के स्वीप कार्यक्रम प्रभारी सम्पति मीणा के मार्गदर्शन मे सभी छात्र छात्राओं को मतदान की शपथ व सी विजिल एप्प की जानकारी दी गई। सभी बच्चों को मतदान जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों ने अभिभावकों को मतदान करने के लिए पाती लिखी तथा गांव मे मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मतदान के समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा के लिए ग्रामीणों को रैली के माध्यम से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृतिका शर्मा, अनुसुईया शर्मा, बद्रीलाल बैरवा, मोनिका सोनी, सम्पति मीणा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, मीरा वर्मा, देवराज ठागरिया, कुलदीप जांगिड मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी ने मंदिरों में धोक लगाकर संतों से आशीर्वाद लिया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। भाजपा प्रत्याशी रामहेत यादव ने किशनगढ़ बास के गांव इस्माइलपुर में सिंधी समाज के दरबार साहिब व शेरपुर के बाबा मोहन राम मंदिर और कतोपुर में दुर्बल नाथ मंदिर में धोक लगाकर संत महात्माओं से आशीर्वाद लेकर गांव की पंचायत में लोगों से वोट की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी रामहेत यादव ने रविवार को किशनगढ़ बास के गांव इस्माइलपुर में पूज्य दरबार साहिब मंदिर

■ गांव-गांव में हुआ स्वागत, लोगों से मांगे वोट

में पहुंचकर मत्था टेका और पूज्य संत साई कल्याण भगत से आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार भाजपा प्रत्याशी ने कोटकासिम क्षेत्र के गांव शेरपुर में बाबा मोहन राम मंदिर व कतोपुर में बाबा दुर्बल नाथ मंदिर पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया। संत महात्माओं का आशीर्वाद लेने के उपरांत गांव में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी का ग्रामीणों ने माला में साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने अपने पिछले 10 साल के विकास कार्य को बताते हुए लोगों से वोट की अपील की वहीं उन्होंने विधायक व कांग्रेस सरकार पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में मंजूर कराए गए कार्यों को अटका कर रखने का आरोप लगाया। इस दौरान खैरथल नगर पालिका सभापति हरीश रोघा सहित भाजपा के कार्यकर्ता नेता मौजूद रहे।



किशनगढ़ बास के गांव इस्माइलपुर में पूज्य दरबार साहिब मंदिर में भाजपा प्रत्याशी रामहेत यादव का सिंधी समाज के लोगों ने स्वागत किया।

## संक्षिप्त

### पेंशनर समाज की बैठक संपन्न

**फागी, (निसं)।** पेंशनर समाज उपशाखा माधोराजपुरा की बैठक ओमप्रकाश हरित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मिटिंग में सर्वप्रथम जयपुर ग्रामीण के पदाधिकारियों महासचिव ओमप्रकाश हरित, जिला महिला संयोजक अनुसुइया कुमावत, सदस्य उदाराम मोर्य का सम्मान किया गया। तत्पश्चात जीवित प्रमाण पत्र 75 पर मिलने वाले 10 प्रतिशत अतिक्ति लाभ आर जी एच एस के बारे में जानकारी दी गई।संगठन की रीतिनीतियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मीटिंग में लल्लू लाल कुमावत कानसिंह सिसोदिया कल्याण सिंह पवन गिरदावर रूपनारायण सोनी सहित क्षैत्र के पेंषनकर्मी मौजूद रहे।

### रोजगार कार्यक्रम 7 नवम्बर को

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय पाना देवी मोरीजावाला कन्या महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउन्सिलिंग सैल द्वारा पी. जी. छात्राओं व पूर्व छात्राओं के रोजगार को लेकर कैम्पस प्लेसमेंट फैसिलिटी स्कीम के अन्तर्गत एक दिवसीय रोजगार कार्यक्रम का आयोजन आगामी 07 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से महाविधालय के कमरा नं. 34 (स्मार्ट रूम) में किया जायेगा। रोजगार हेतु इच्छुक छात्रायें 10 वीं, 12 वीं व स्नात्तक की अंक तालिका, आधार कार्ड की प्रति, नवीनतम फोटो अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें।

### पांच साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत डिग्गी थानाधिकारी अय्युब खान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारीशुदा स्थाई गिरफ्तारी वारंटों पर कार्यवाही करते हुए पांच साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी श्याम सिंह पुत्र भारत सिंह राजपूत निवासी सदीनसर थाना रामगढ जिला सीकर को गिरफ्तार किया।


# कांग्रेस प्रत्याशी ने ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया

**लालसोट, (निसं)।** कांग्रेस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा श्री रामपुर सहित दर्जनों गांवों का दौराकर ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर दस्तक देकर ग्रामीण मतदाताओं से रूबरू हुए। कांग्रेस प्रत्याशी मीणा द्वारा चुनावी जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करने के साथ भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों को भी मतदाताओं के सामने सार्वजनिक किया।

जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी मीणा द्वारा कई जगहों पर

■ भाजपा को जन विरोधी पार्टी करार दिया

नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि, भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार द्वारा किसानों के लिए ऐसे काले कानून को आजाद किया जिसको कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा विरोध करने के बाद वापस लिया गया। कांग्रेस प्रत्याशी मीणा ने कहा कि, यह भारतीय जनता पार्टी की किसान एवं जन विरोधी नीतियों का प्रमाण है। कांग्रेस प्रत्याशी मीणा का कई जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आम ग्रामीणों द्वारा फल फूल आदि से तोलकर वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं द्वारा स्थानीय संगीत गाकर स्वागत किया गया।



**लालसोट से कांग्रेस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा ने दर्जनों गांव-ढाणियों का दौरा कर मतदाताओं से जनसंपर्क किया।**

वहीं दूसरी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य कमल मीणा द्वारा भी लालसोट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों का तूफानी दौरा कर युवाओं को कांग्रेस पार्टी के पक्ष में संगठित कर मतदान करने की अपील की गई। इस जनसंपर्क के दौरान नुक्कड़ सभाओं को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पालिका के पूर्व अध्यक्ष दिनेश मिश्रा प्रधान नाथूलाल मीणा जगदीश राडा ईश्वर मीणा कवरपाल मीणा सहित कई कांग्रेस नेताओं द्वारा संबोधित किया गया।

## पूर्व विधायक तंवर आज नामांकन भरेंगे

**चाकसू, (निसं)।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर 25 नवंबर को मतदान होगा। सभी राजनीतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन कर रही हैं। नामांकन की अंतिम तारीख 6 नवंबर है। इसलिए प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में निर्वाचन आयोग के कार्यालय में नामांकन दाखिल कर रहे हैं इस बीच जानकारी मिली है कि, कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं दो बार निर्दलीय चुनाव लड़ चुके अशोक तंवर नामांकन के अंतिम दिन 6 नवंबर को नामांकन भरेंगे। इस मौके पर प्रातः 10 बजे टोंक रोड स्थित बड़े बालाजी मंदिर के सामने जन सेवा कार्यालय पर समर्थकों के साथ पूजा अर्चना करेंगे। पूजा संपन्न होने के बाद एकत्रित समर्थकों के साथ नामांकन भरने के लिए उपखंड कार्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं देर रात तक चाकसू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने के चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी असमंजस का माहौल चल रहा है। समर्थक सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के कांग्रेस टिकट दावेदारों पर निशाना साध रहे हैं। वहीं पूर्व विधायक अशोक तंवर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी होने को लेकर पूरी तरीके से आस्वस्त नजर आ रहे हैं।

## सार-समाचार

### युवा नामांकन रैली में शामिल हुए



**मंडावरी, (निसं)।** कस्बे से भारी संख्या में युवाओं द्वारा ई रिक्सा के माध्यम से रैली निकालते हुए लालसोट कांग्रेस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा की नामांकन रैली में शामिल हुए। कांग्रेस के युवा नेता सोमराज मीरोठा आदि के नेतृत्व में युवाओं द्वारा सैकड़ो ई रिक्शे आदि अन्य वाहनों में सवार होकर नामांकन रैली एवं नामांकन आम सभा में भाग लिया। इस दौरान युवाओं द्वारा कांग्रेस के पक्ष में नारेबाजी करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा के पक्ष में नारेबाजी की गई। कस्बे से बड़ी संख्या में लोग नगर पालिका के सामने एकत्र हुए एवं सैकड़ो ई रिक्शा व ट्रैक्टर आदि में सवार होकर लालसोट एसडीएम कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी के वहां प्रत्याशी परसादी लाल मीणा द्वारा किए जाने वाले नामांकन दाखिले को लेकर पहुंचे।

### जनसंपर्क अभियान आज से पुनः शुरू

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा के आगामी चुनाव को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 6 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से जनसंपर्क



अभियान वार्ड नम्बर 19 इन्दिरा मार्केट से पुनः प्रारंभ किया जाएगा। कमेटी के पदाधिकारी शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के सभी वर्डों में मतदाताओं के घर घर जाकर पार्टी के प्रत्याशी जनसेवक विद्याधर सिंह चौधरी के पक्ष अधिक से अधिक मतदान करने की अपील एवं आग्रह किया जाएगा। वहीं आगे बताया कि अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने व माल्यार्पण अपनी भागीदारी निभाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्तागण से आज प्रातः 10:30 बजे हलवाई बाजार पधार कर उपस्थित हो जाए। इसी क्रम में आगे बताया कि हमने अभियान प्रचार अभियान जहां छोड़ा था वहीं से हम प्रारंभ करेंगे।

### जजपा प्रत्याशी ने जनसम्पर्क किया

**कोटपूतली, (निसं)।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) प्रत्याशी रामनिवास यादव ने रविवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान ग्राम खड़ब में सर्वसमाज के लोगों ने यादव को पूर्ण समर्थन एवं बहुमत के साथ जीत का आशीर्वाद दिया। इसी प्रकार उन्होंने ग्राम भैसलाना गांव में जनसम्पर्क कर एक गृह प्रवेश कार्यक्रम में शिरकत भी की। जिसके बाद रामनिवास यादव ने ग्राम भूरी भड़ाज में डोर टु डोर जनसम्पर्क कर जननायक जनता पार्टी को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से भारी मतों से जिताने की अपील की। रामनिवास यादव ने कहा कि कोटपूतली को भय, भूख व भ्रष्टाचार से निजात दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान कुशल बिदारिया, अशोक बिदारिया, सचिन गौड़, पं. अशोक शर्मा, ब्रह्मानंद गौड़ विशम्भर दयाल सैनी, राकेश, योगेन्द्र यादव, शेरसिंह यादव, प्रकाश कुमावत, अशोक यादव, रत्तिराम यादव, अशोक योगी, धर्मेन्द्र योगी, महेश योगी, दीपचंद जैन व अनिल अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**टोंक, (निसं)।** थाना देवली क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन/परिवहन के विरूद्ध थाना पुलिस देवली द्वारा कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त किया गया, साथ ही चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। देवली थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि आगामीविधान सभा चुनावों को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त सम्पन्न करवाने हेतु देवली थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं लॉकल एवं माईनर एक्ट की कार्यवाही हेतु गठित टीम द्वारा दौराने गश्त अम्बेडकर छात्रावास दौलता मोड पहुंचकर नाकाबंदी शुरू की गई तो एक ट्रैक्टर- ट्रॉली जो देवली की तरफ से आया। जिसमें अवैध चुनाई पत्थर भरा था जिसको जप्त किया जाकर चालक राजेश मीणा पुत्र स्व. केसरलाल मीणा जाति मीणा उम्र 39 साल निवासी बिलेटा थाना जहाजपुर जिला शाहपुरा को गिरफ्तार किया गया।

### सुरक्षा सखी की बैठक आयोजित

**फलेरा, (निसं)।** स्थानीय जीआरपी थाने के स्वागत कक्ष में दोपहर 1:30 बजे सुरक्षा सखी की एक आवश्यक बैठक का आयोजन थानाधिकारी गुलजारी लाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के प्रारंभ में सभी आगन्तुकों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात बैठक की शुरुआत की गई। इस दौरान थानाधिकारी द्वारा राज्य की महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा जारी निर्देशों की विस्तृत जानकारी बताई गई। साथ ही महिलाओं को अपने तथा अपने आस पास में किसी महिला पर हो रहे अत्याचार की सूचना तुरंत स्थानीय थाने पर देने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं आगामी त्यौहार दीपावली के मध्य नजर रखते हुए फुलेरा रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की भी सूचना थाने पर देने की बात कही। इस अवसर पर पार्षद पूजा भाटी, कुसुमल देवी, ममता देवी, मंजू कुमावत, लाली देवी, विमला देवी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान किया

**कोटपूतली, (निसं)।** सामाजिक संगठन स्वच्छता सेवा दल के कार्यकर्ता मनोज गुप्ता ने रविवार को राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी रक्त की आवश्यकता पडने पर रक्तमणि अभियान के तत्वाधान में रक्तदान किया। संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि कोटपूतली क्षेत्र में समाज सेवा के रूप में टीम स्वच्छता सेवा दल पिछले कई वर्षो से सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। बंसल ने बताया कि जनसेवक मुकेश गोयल द्वारा पिछले 08 वर्षो से रक्तमणि अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान ललित सैनी, जिला पार्षद अमीचंद धानका, मनोज सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

## रिटर्निंग अधिकारियों एवं पुलिस उपाधीक्षकों की बैठक

**टोंक, (निसं)।** विधानसभा चुनाव-2023 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. ओमप्रकाश बैरवा एवं पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में रिटर्निंग अधिकारियों एवं पुलिस उपाधीक्षकों की बैठक ली। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर भय मुक्त और निष्पक्ष रूप से मतदान कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप जिले में सभी मतदाता निडर होकर स्वतंत्र रूप से अपने मतदान का प्रयोग कर सके, इसके लिए शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाने की सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः पालना की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों पर वेबकास्टिंग, माइक्रो ऑब्जर्वर और केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए त्रुटिरहित एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके इसके लिए पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। अधिकारी समय-समय पर क्षेत्र भ्रमण करते हुए गतिविधियों पर नजर रखें। अवांछनीय गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सूरज सिंह नेगी ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदान केंद्रों के बाहर बूथ सूचना लिखी हो। जिसमें भाग संख्या, बूथ का नाम, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर, पुरूष एवं महिला मतदाताओं की संख्या स्पष्ट रूप से लिखी हो।

# कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी आज नामांकन भरेंगे

**मालपुरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कन्हैयालाल चौधरी व कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

कार्यालय से मिली जानकारी में सामने आया कि कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी घाटी रोड आंवला फार्म हाऊस पर विशाल जनसभा के पश्चात हजारों की संख्या में रैली के रूप में शक्ति प्रदर्शन कर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष 11 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कन्हैयालाल चौधरी घाटी रोड जैन नसियां में विशाल जनसभा कर समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर रैली के रूप में कोर्ट परिसर पहुंच निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों के मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से अधिकृत प्रत्याशी द्वारा 25 से 30 हजार की



**कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी का मालपुरा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने गमजोशी से स्वागत किया।**

संख्या में समर्थकों की भीड़ जुटाने का दावा किया है। वहीं कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी घासीलाल चौधरी ने डिग्गी कल्याण जी महाराज व मां सिंधोलिया के दरबार में ढोक लगा जीत के आशीर्वाद की अरदास लगाई। कार्यकर्ता व समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

# तेरह अभ्यार्थियों ने सत्रह नामांकन पत्र दाखिल किए

**दौसा, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र भरने के दिन से अब तक जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों से 13 अभ्यार्थियों ने 17 नामांकन पत्र दाखिल किये गए।

■ नाम निर्देशन पत्र भरने के दिन से अब तक जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों से 13 अभ्यार्थियों ने 17 नामांकन पत्र दाखिल किये हैं

खास तौर पर लालसोट से परसादी लाल मीणा व सिकराय से ममता भूपेश, बांदीकुई से गजराज खटाना, दौसा से शंकर लाल शर्मा ने पर्चा दाखिल किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र दौसा से तीन अभ्यार्थियों ने चार नामांकन पत्र तथा विधान सभा क्षेत्र सिकराय से एक अभ्यर्थी ने एक नामांकन पत्र एवं विधान सभा क्षेत्र बांदीकुई से पांच अभ्यार्थियों ने छह नामांकन पत्र तथा विधान सभा क्षेत्र महवा से दो अभ्यार्थियों ने तीन नामांकन पत्र तथा विधान सभा क्षेत्र लालसोट से दो अभ्यार्थियों ने तीन नामांकन पत्र दाखिल किये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र दौसा से अभ्यर्थी रामेश्वर प्रसाद गुर्जर ने बहुजन समाज पार्टी से एक नामांकन पत्र ,अभ्यर्थी मोहन लाल शर्मा ने निर्दलीय रूप में एक नामांकन पत्र एवं अभ्यर्थी शंकर लाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी से दो नामांकन पत्र दाखिल किये। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र सिकराय से अभ्यर्थी विक्रम बंशीवाल ने भारतीय जनता पार्टी से एक नामांकन पत्र दाखिल किया। बाँदीकुई से अभ्यर्थी गजराज खटाना ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से दो नामांकन पत्र, अभ्यर्थी जमालूदीन ने निर्दलीय रूप से एक नामांकन पत्र एवं अभ्यर्थी जसवन्त सिंह चौहान ने निर्दलीय रूप में एक नामांकन पत्र एवं अभ्यर्थी आकाश ने निर्दलीय रूप में एक नामांकन पत्र तथा अभ्यर्थी भौरीलाल ने निर्दलीय रूप में एक नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र महवा से अभ्यर्थी रामनिवास ने निर्दलीय रूप में दो नामांकन पत्र एवं अभ्यर्थी राजेन्द्र ने भारतीय जनता पार्टी से एक नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र लालसोट से अभ्यर्थी द्वारका प्रसाद ने बहुजन समाज पार्टी से एक नामांकन पत्र तथा अभ्यर्थी परसादीलाल मीना ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से दो नामांकन पत्र दाखिल किये।

## भाजपा प्रत्याशी मेहता आज नामांकन भरेंगे

**टोंक, (निसं)।** टोंक विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता सोमवार, 6 नवम्बर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मेहता प्रातः 10.15 बजे मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे, तत्पश्चात सभा होगी, सभा के बाद हजारों कार्यकर्ताओं के साथ अजीत सिंह मेहता सवाई माधोपुर चौराहा से बड़ा कुआ, मुख्य बाजार घंटाघर, पटेल सर्किल होते हुए रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन रैली में राजेश गुर्जर प्रदेश संयोजक विस्तारक योजना एवं पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी भी मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार मालपुरा विधानसभा के प्रत्याशी कन्हैयालाल चौधरी के नामांकन में बबिता फोगाट मौजूद रहेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने बताया कि टोंक भाजपा प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता व मालपुरा प्रत्याशी कन्हैया लाल चौधरी के नामांकन में भाजपा के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता, आमजन भाग लेंगे।

## आंखों का निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को द्वारिकपुरा के पूर्व सरपंच स्व. सूरजमल यादव की पुण्य स्मृति में समाजसेवी कृष्ण सांपला द्वारा आंखों के पंचम विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन दाऊधाम कालाकोटा के महंत अन्नत विभुषित श्रीमद् जगतगुरू बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज द्वारा बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया गया। इस मौके पर आशीर्वचन देते हुए उन्होंने कहा कि, जनता जर्नादन की सेवा ही परमपिता परमेश्वर की सच्ची सेवा है। इससे पुण्य आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि व शांति मिलती है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर पहुंचे युवा नेता त्रिभुवन सिंह यादव ने भी मरीजों के हाल चाल जानते हुए आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। वहीं पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव, जी एल यादव,

■ 940 मरीजों की आंखों की जांच, 195 का होगा ऑपरेशन

शिवराम डीईओ, विरेन्द्र घोघड़ ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व सरपंच स्व. सूरजमल यादव के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस दौरान राजस्थान के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव, बहरोड़ व उनकी टीम ने आंखों के कुल 940 मरीजों की जांच करते हुए उपचार प्रदान किया। साथ ही 195 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। उक्त मरीजों का ऑपरेशन बहरोड़ स्थित मिश्री देवी आई हॉस्पिटल में निःशुल्क किया जायेगा। इस दौरान आयोजन समिति के कृष्ण सांपला, जगदीश यादव, रोहिताश यादव, संदीप यादव, भारत यादव, सतीश यादव, अनूप सांपला, रोहित सांपला व राहुल सांपला ने अतिथियों का स्वागत किया।

# चाकसू में समाज के लोगों से मिले कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री

**चाकसू, (निसं)।** जम्मू कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह ने भाजपा की नामांकन रैली को संबोधित करने के बाद कस्बे में राजपूत समाज के लोगों से शिष्टाचार मुलाकात की।

शिष्टाचार मुलाकात भाजपा के कार्यकर्ता एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया के घर हुई। वहीं जब इस बात का पता चाकसू भाजपा कार्यकर्ताओं

■ भाजपा कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की

को लगा तो वो भी बड़ी संख्या में राजावत के निज निवास पहुंच गए। इस दौरान राजावत ने उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह व साथ में मौजूद जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर का राजस्थानी साफा व माला पहनाते हुए संविधान का स्मृति चिन्ह, गीता पुस्तक, राम मंदिर का स्मृति चिन्ह व तलवार भेंट कर कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान निर्मल सिंह ने



**चाकसू विधानसभा क्षेत्र में कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह ने भाजपा के पक्ष में वोट मांगे।**

राजावत के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान भंवर कंवर, सज्जन कंवर, आदिति राजावत, चंद्रभान सिंह के द्वारा राम मंदिर स्मृति चिन्ह उपमुख्यमंत्री निर्मल कुमार सिंह जी को सप्रेम भेंट किया। इस दौरान भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला दक्षिण देहात संयोजक अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया, हेम सिंह राठौड़ पूर्व मंडल अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह राजावत श्री राजपूत सभा चाकसूअध्यक्ष, हरिमोहन शर्मा जिला मंत्री, केदार शर्मा भाजपा नगर अध्यक्ष, अजीत सिंह झराणा उपप्रधान, महेंद्र सिंह राजावत, राजेंद्र सिंह राजावत, लालू बागड़ा, संजय सिंह नगर प्रभारी, सुरेंद्र सिंह महामंत्री, लाला राम सैनी भाजपा नगर महामंत्री, मांगीलाल सैनी बूथ अध्यक्ष आदि समाज बंधु एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश रहेगा

**खैरथल, (निसं)।** विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान 25 नवंबर, शनिवार को मतदान दिवस पर निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में कार्यरत कामगार कर्मचारियों को संवैतनिक अवकाश के लिए जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने आदेश जारी किए है। जिला कलेक्टर ढाका ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ख) के प्रावधान अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोक सभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन उनका अवकाश मंजूर किया जायेगा। उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने पर किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कोई कमी नहीं की जायेगी। यदि कोई नियोजक उपबंधों का उल्लघंन करेगा तो ऐसे नियोजक पर 500 रूपयों तक का जुर्माना दण्डनीय होगा। इन प्रावधानों के अनुसार समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित निजी व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस 25 नवम्बर के लिए संवैतनिक अवकाश के लिए विनिर्दिष्ट किया गया है।

# 15 से अधिक नाट्य प्रस्तुतियां दे मतदाताओं को जागरूक किया

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रशासन टोंक एवं कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा टोंक शहर में जगह-जगह पर मतदान जागरूकता के लिए प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक के मंचन किए जा रहे हैं। जिसमें पहले दिन शहर के घंटाघर चौराहे तथा दूसरे दिन सवाई माधोपुर चौराहे पर नाटक मंचित किया।

समूह द्वारा प्रस्तुत इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य है कि लोकतंत्र में मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। लोकतन्त्र की जड़ मजबूत बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों के सभी सदस्यों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी अदा करना हमारा दायित्व है। मतदान भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें सभी लोगों की भागीदारी अहम है। इस दिशा में कम्यूनिटी थियेटर टोंक मतदान एवं सामाजिक सौहार्द जागरूकता अभियान में स्वैच्छिक भागीदारी ले रहा है। मतदान एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने के लिए जन जागरण की दिशा में स्थानीय मोहल्लों में प्रभात फेरियां और नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर रही है। जिसमें कम्यूनिटी थिएटर टोंक के कलाकारों



**जिला प्रशासन एवं कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा मतदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक के मंचन किए जा रहे हैं।**

द्वारा अभी तक टोंक शहर के विभिन्न चौराहों के साथ साथ, पीपलू, टोड़ा, उनियारा, अलीगढ़, डिग्गी, मालपुरा, निवाई, दूनी, सोहेला आदि जगहों पर मंचित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

इस नाट्य प्रस्तुति में बतौर अभिनेता कम्युनिटी थिएटर टोंक के साथी शुभम मेघवंशी, आशीष चावला, आशीष धाप, निलेश तसेरा, राजवंती तामोली, कुसुमलता तमोली, यशवंत सैनी, विजयलक्ष्मी तसेरा, देवराज गौतम तथा मोहित वैष्णव, चितरंजन नामा, अमन तसेरा, रामरतन गुगलिया, राजकुमार रजक, प्राची बुंदेल, प्रांजलि बुंदेल, ज्योति शर्मा, गंगेश्वर तिवारी, आफताब नूर, गर्वित गिदवानी, आदि सहायक भूमिका में रहे।



लड़कों ने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया। हम सभी जानते हैं कि जब फखर चलते हैं तो वह कितना अच्छा खेलते हैं। हम बचे हुए मैचों को जीतने की कोशिश करेंगे। इस जीत से संभवतः आने वाले मैचों के लिए आत्मविश्वास मिलेगा। – **बाबर आजम**

**पाकिस्तान टीम के कप्तान, अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**



## विराट कोहली

**विराट** ने सचिन के 49 वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। यह रिकॉर्ड टूटेगा या नहीं यह तो भविष्य में पता चलेगा लेकिन इससे पहले विराट ने कुछ ऐसे कारनामे जरूर किए हैं जिनसे पार पाना आने वाले क्रिकेटरों के लिए करीब-करीब असंभव होगा। ऐसे ही 9 रिकॉर्ड के बारे में जान लेते हैं। विराट कोहली बिना किसी लीगल डिलेवरी के विकेट लेने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं। 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ करियर का पहला ओवर फेंकने आए विराट कोहली के ओवर की पहली बॉल अंपायर ने वाइड करार दी थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद छह विश्व कपों में भाग लेने वाले प्रथम और एकमात्र खिलाड़ी है।

## जोकोविच, रूबलेव को हराकर रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे

पेरिस, 5 नवंबर। नोवाक जोकोविच रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में आंद्रे रुबलेव पर 5-7, 7-6 (3), 7-5 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में पहुंच गये है। शनिवार को यहां खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में टेनिस में एक नंबर रैंकिंग वाले जोकोविच ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने करियर के रिकॉर्ड-विस्तारित 58वें मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंच गये है। वह अब रिकॉर्ड-विस्तारित 40वें मास्टर्स 1000 खिताब से एक जीत दूर हैं। जोकोविच की इस वर्ष की यह 50वीं जीत है। वह एक ही वर्ष में 50 या अधिक मैच जीते का कारनामा 14 बार कर चुके है। वह ओपन में 14 अलग-अलग सत्र में 50 या अधिक मैच जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं और जिमी कॉनर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जोकोविच ने वर्ष 2007 में (68), 2008 में (64), 2009 में (78), 2010 में (61), 2011 में (70), 2012 में (75), 2013 में (74), 2014 में (61), 2015 में (82), 2016 में (65), 2018 में (53), 2019 में (57) और 2021 (55) जीत दर्ज की थी। जोकोविच अब अपने सातवें रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब से एक जीत दूर हैं। टूर्नामेंट के इतिहास में किसी अन्य खिलाड़ी ने इसे तीन से अधिक बार यह खिताब नहीं जीता है। जबकि जोकोविच छह बार रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब जीत चुके है। इसी के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ जीत प्रतिशत के मामले में राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया है।

## पाक पर धीमे ओवर के लिए लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

बेंगलुरु, 5 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विश्व कप 2023 के कल खेले गये लीग मुकाबले न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने पाकिस्तान गेंदबाजों द्वारा अधिक समय लेने पर पाकिस्तान की टीम पर यह जुर्माना लगाया। आईसीसी की आज यहां जारी विज्ञिप्त में बताया गया है कि खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में धीमी गेंदबाजी करने के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने माफी मांग ली है और दी गई सजा स्वीकार कर ली है इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।

## सचिन ने किया एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हॉफ मैराथन 2023 का उद्घाटन

हैदराबाद, 5 नवंबर। अपने समय के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने रविवार को एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन किया। आज सुबह गाचीबोवली स्टेडियम में आठ हजार उत्साही धावकों के बीच सचिन तेंदुलकर ने एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। सचिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 के लिए लगभग 8,000 उत्साही धावकों को भाग लेते देखना शानदार था। मैं व्यक्तिगत रूप से दृष्टिबाधित धावकों के साहस से प्रभावित हुआ। वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। हमारे ग्रह के स्वास्थ्य की देखभाल करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हमारे स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करना। इस दिशा में एक पहल यह है कि सभी मैराथन प्रतिभागियों की ओर से हमारे द्वारा 10 हजार पेड़ लगाए जा रहे हैं।

## गढ़वाल ने वायुसेना को और ईमी ने सिटी एफसी को हराया


नयी दिल्ली, 4 नवंबर। गढ़वाल हीरोज ने शनिवार को शहीद भगत सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट में भारतीय वायु सेना को 2-1 से हराया। दिन के दूसरे मुकाबले में सीआईएसएफ और सुदेवा मुकाबला ड्रा रहा और दोनों टीमों बराबर अंक बांटे गये। वहीं नेहरू स्टेडियम में सुडेवा ने फ्रंटियर को 4-0 से और ईमी ने सिटी एफसी को चार गोलों से हराया और महिला प्रीमियर लीग में जीत दर्ज की। अंबेडकर स्टेडियम पर खेले जा रहे शहीद भगत सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट में गढ़वाल ने लालरेम के गोल से वायुसेना पर बढ़त बनायी। लेकिन विवेक ने शानदार गोल से हिसाब बराबर कर दिया। अंततः सुमित ने बेहतरीन फ्री किक पर गोल कर वायुसेना को 2-1 से हरा दिया। कीर्ति की शानदार तिकड़ी और देविका के गोल से सुदेवा ने फ्रंटियर को आसानी से परास्त किया।

## बीड बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का रास्ता साफ : शर्मा

शिमला, 4 नवंबर। हिमाचल प्रदेश के कांगडा जिले में पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बीड़ बिलिंग घाटी में छह महीने में अंतरराष्ट्रीय स्तर की दो प्रतियोगिताएं आयोजित होना गर्व की बात है। आयोजक बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने कहा कि एक्यूरेसी प्री वर्ल्ड कप और पैराग्लाइडिंग क्रॉस कंट्री प्री वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के बाद आगामी वर्ष में वर्ल्ड कप के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय जनता पार्टी शासन में पिछले चार वर्षों में यहां कोई भी प्रतियोगिता का आयोजन संभव नहीं हो सका था।

# बर्थडे बॉय कोहली ने 49वीं वनडे सेंचुरी बनाई

## क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बराबरी की





कोलकाता, 5 नवम्बर। बर्थडे बॉय विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले जा रहे वर्ल्ड कप मैच में सेंचुरी जमा दी है। यह विराट के करियर की 49वीं वनडे सेंचुरी है। उन्होंने इस फॉर्मेट में क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। आज हम दोनों खिलाड़ियों के वनडे फॉर्मेट में बनाए 49-49 शतकों का विश्लेषण करेंगे। इसमें हम देखेंगे कि इनकी शतक बनाने की फ्रिक्वेंसी क्या रही, किन टीमों के खिलाफ इन्होंने ज्यादा शतक जमाए और किस देश में बल्लेबाजी इनको सबसे ज्यादा रास आई। साथ ही यह भी देखेंगे कि इन खिलाड़ियों के शतक ने भारत की जीत में कितना कॉन्ट्रीब्यूशन दिया है।

1989 से इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले सचिन तेंदुलकर ने बतौर मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज करियर की शुरुआत की थी। 1994 में उन्हें पहली बार ओपनिंग का मौका मिला। इसी साल उन्होंने वनडे फॉर्मेट में पहला शतक भी जमा दिया। सचिन का पहला शतक उनके 79वें वनडे मैच में आया था। विराट ने बतौर ओपनर वनडे करियर की शुरुआत की। फिर कुछ पारियां नंबर-4 और नंबर-7 पर खेलने के बाद वे रेगुलर तौर पर नंबर-3 पर खेलने लगे। उनका पहला वनडे शतक 14वें मैच में आया। कोई भी इंटरनेशनल क्रिकेटर सबसे ज्यादा मैच अपने घर यानी अपने देश में खेलता है।

सचिन और विराट भी अपवाद नहीं हैं। लिहाजा इनके ज्यादा शतक भी घर में ही आए हैं। सचिन ने भारतीय पिचों पर 20 तो विराट ने 23 शतक जमाए हैं। अगली तस्वीर में दोनों सितारों के घर में, अपोनेंट टीम के घर में और न्यूट्रल ग्राउंड पर बने वनडे शतकों का ब्रेकअप देखिए।

सचिन ने भारत के बाहर जिस देश में सबसे ज्यादा शतक जमाए हैं वह यूएई है। 90 के दशक में शारजाह में नियमित तौर पर क्रिकेट टूर्नामेंट होते थे। सचिन ने यूएई में 7 शतक जमाए हैं। श्रीलंका में उनके नाम 5 शतक हैं। भारत के बाहर यही दो देश हैं जहां सचिन ने वनडे में 5 या इससे ज्यादा शतक जमाए हैं। विराट ने भारत के बाहर तीन देशों में पांच या इससे ज्यादा शतक जमाए हैं। उन्होंने बांग्लादेश में 6 और ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में 5-5 वनडे शतक जमाए हैं। बाकी देशों में दोनों के शतकों का ब्रेकअप आप अगली तस्वीर में देख सकते हैं। शतक बनाने के लिए जहां तक अपोनेंट टीम का सवाल है तो सचिन और विराट दोनों को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका काफी पसंद रहे हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 वनडे शतक जमाए हैं। वहीं, विराट ने इस टीम के खिलाफ 8 शतक जमाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ दोनों के नाम 5-5 शतक हैं।

श्रीलंका के खिलाफ सचिन ने 8 और विराट ने 10 शतक जमाए हैं। विराट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ भी 9 शतक जमाए हैं। इस टीम के सामने सचिन के 4 शतक ही आए हैं। प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ दोनों खिलाड़ियों के शतक का ब्रेकअप अगले ग्राफिक में देखिए। विराट कोहली के पहले 48 वनडे शतकों में से भारत को 40 में जीत मिली। यानी उनके 83 शतक भारत की जीत में आए। वहीं, सचिन के 49 शतकों में से भारत को 33 में जीत मिली थी। यानी सचिन के 67 शतक भारत की जीत में आए।

# पाकिस्तान को हराकर भारत ने हासिल किया जौहर कप में कांस्य पदक

जोहोर बाहरू (मलेशिया), 4 नवंबर। भारत ने 11वें सुल्तान जौहर कप में शनिवार को खेले गये रोमांचक मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को 3-3 (6-5) से हराकर कांस्य पदक जीत लिया। एक्शन से भरपूर इस मुकाबले में भारत के लिए अरुण साहनी (11), पूवन्ना सीबी (42) और कप्तान उत्तम सिंह (52) ने स्कोर किया, जबकि पाकिस्तान के सुफियान खान (33), अब्दुल कय्यूम (50) और कप्तान शाहिद हन्नान (57) ने स्कोर किया। निर्धारित समय दोनो टीमें 3-3 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट में भारत के गोलकीपर मोहित एचएस ने शानदार रक्षक की भूमिका निभायी और यह मुकाबला 6-5 शूटआउट से भारत के पक्ष में हो गया।

खेल की शुरुआत दोनों टीमों ने सावधानी से मौके तलाशने के साथ की लेकिन खेल के 11वें मिनट में अरुण साहनी ने रोहित के पास को गोल में तब्दील करने में कोई गलती नहीं की। दूसरे क्वार्टर में बराबरी की तलाश में पाकिस्तान ने दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन उनमें से किसी का भी फायदा उठाने में असफल रहा। पाकिस्तान की कड़ी मेहनत दूसरे हाफ में रंग लाई जब सूफियान खान ने पेनल्टी कॉर्नर से गेंद को मोहित एचएस के जाल में डाल दिया। क्वार्टर में तीन मिनट पहले पूवन्ना सीबी ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये भारत के लिये दूसरा गोल दागा।

आखिरी क्वार्टर में दोनो टीमों के एक दूसरे पर जबरदस्त प्रहार किये। पाकिस्तान के अब्दुल कय्यूम ने एक और गोल कर मुकाबले को फिर बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया लेकिन कुछ ही मिनटों में कप्तान उत्तम सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-2 कर दिया। पाकिस्तान ने इस बीच कई पेनाल्टी कार्नर अर्जित किये मगर उसे सफलता मैच खत्म होने के तीन मिनट पहले मिली जब कप्तान शाहिद हन्नान ने अपने गोल से स्कोर 3-3 कर दिया और खेल को पेनल्टी शूटआउट में ले गए।

पाकिस्तान के अरशद लियाकत, हन्नान शाहिद, अब्दुल रहमान और अहतिशाम असलम ने पेनल्टी शूटआउट में नेट पर वापसी की, जबकि विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंगद बीर सिंह और उत्तम सिंह ने अपने गोल के साथ जवाब दिया। विष्णुकांत सिंह और अरशद लियाकत ने अपने-अपने मौके को सडन डेथ में बदल दिया, हालांकि, अंगद बीर सिंह द्वारा मौके को बदलने के बाद भारत के गोलकीपर मोहित एचएस ने शाहिद हन्नान से पूरी तरह से निपटकर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए शानदार जीत पक्की कर दी।



### झारखंड वीमेंस एशियन चैम्पियनशिप ट्रॉफी 2023

## चीन ने कोरिया को 2-1 से हराया, भारत बनाम जापान मैच का बेसब्री से इंतजार

रांची, 5 नवम्बर। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में तीसरे और चौथे पोजिशन के लिए एशिया की दो बेहतरीन टीमों के बीच मुकाबला हुआ। यह मुकाबला कोरिया और चीन के बीच खेला गया। हालांकि चैम्पियनशिप में दोनों ही टीमों का परफॉर्मेंस जैसा भी रहा हो पर आज दोनों ही टीमों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने की पुरजोर कोशिश की है।

## हार्दिक की गैर मौजूदगी का टीम इंडिया पर नहीं होगा असर : द्रविड़

कोलकाता, 5 नवंबर। चोट के कारण हरफनमौला हार्दिक पंड्या के विश्व कप से बाहर होने से भारतीय प्रशंसक निराश हैं मगर टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ चिंता मुक्त हैं। उनका मानना है कि छठे गेंदबाज के तौर पर हार्दिक की गैर मौजूदगी का टीम पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि टीम पहले भी पांच गेंदबाजों के साथ बेहतर प्रदर्शन करती आयी है।

द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के साथ रविवार को होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा टीम इस बारे में ज्यादा नहीं सोच रही है कि नंबर आठ उन्हें कितना रन दे सकता है। वैसे भी आप यह नहीं कहते कि बल्लेबाजी सात नंबर पर समाप्त होती है क्योंकि ऐसा कहने पर जसप्रीत बुमराह को आपत्ति होगी।

उन्होने कहा मुझे लगता है कि अब तक विश्व कप में केवल एक ही मौका ऐसा आया है जहां हमें शायद नंबर 8 और 9 की आवश्यकता महसूस हुई है। मुझे लगता है कि हमें अपने 8, 9, 10, 11 पर भरोसा रखना होगा। मुझे लगता है कि वे बहुत कड़ी मेहनत कर रहे हैं और वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि बल्लेबाजों को वास्तव में इसके बारे में सोचने या चिंता करने की ज़रूरत है। अगर आप पूरे 50 ओवरों में अच्छा क्रिकेट खेलते हैं और स्थिति के अनुसार खेलते हैं और खेल की मांग के अनुसार खेलते हैं, तो मुझे लगता है कि शीर्ष सात में खुद की देखभाल करने के लिए पर्याप्त गुणवत्ता है। भारतीय कोच ने कहा जब पंड्या को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैचों के लिए आराम दिया गया था, तो उनके पांच विशेषज्ञ गेंदबाज उन्हें मैच जिताने के लिए पर्याप्त थे और वे अपने सर्वश्रेष्ठ पाँच भी नहीं थे। द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा जिसमें उन्होने कहा था कि भारत के पास अब केवल पांच गेंदबाज हैं, उन्होंने कहा उन्होंने सिर्फ तथ्य कहे। छठा विकल्प वह है जो हार्दिक ने हमें दिया था। लेकिन हम पिछले चार मैच छठे गेंदबाजी विकल्प के बिना खेल रहे हैं। हमने छठे विकल्प के बिना विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में भी कुछ मैच खेले। हमने दो में जीत हासिल की। मोहाली और इंदौर दोनों में हम केवल पांच गेंदबाजी विकल्पों के साथ खेले।

## ओमान ने नेपाल को सुपर ओवर में 11 रन से हराया

कीर्तिपुर, 5 नवंबर। ओमान ने रविवार को पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया क्वालीफायर फाइनल के रोमांचक मुकाबले के सुपरओवर में नेपाल को 11 रन से हरा दिया है। नेपाल ने आज सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोहित पॉडेल के 37 गेंदों में नाबाद 52 रन और गुलशन झा 25 गेंदों में 54 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 184 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके बाद नेपाल कें गेदबाजों ने अंतिम ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओमान को 184 रनों पर रोककर मुकाबले को टाई करा दिया। सुपर ओवर ओमान ने 21 रन बनाये। वहीं नेपाल एक विकेट पर 10 रन ही बना सका और मुकाबला 11 रनों से हार गया।

## राष्ट्रीय खेल : हॉकी मुकाबलों में झारखंड ने पंजाब, हरियाणा ने दिल्ली को हराया

पणजी, 5 नवंबर। राष्ट्रीय खेलों में रविवार को पुरुष हॉकी मुकाबलों में झारखड़ ने पंजाब को, हरियाणा ने दिल्ली को हराया। वहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु तथा झारखंड़ और कर्नाटक के बीच खेले गये मुकाबले ड्रा पर छुटे। झारखंड ने आज सुबह खेले गये मुकाबले में पंजाब को 1-0 से हरा हरा दिया। पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में झारखंड ने गोल दागकर बढ़त ली और उसे मैच के आखिर तक बनाये रखते हुए मुकाबला जीत लिया। वहीं दूसरे मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को 5-1 से हराया। पहले हाफ दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं दूसरे हाफ में हरियाणा ने चार और दिल्ली ने एक गोल किया। तीसरा हाफ गोल रहित रहा। चौथे हाफ में हरियाणा ने एक और गोलकर बढ़त को 5-1 कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच खेले गया तीसरा 2-2 से ड्रा रहा। पहले हाफ में एक गोल हुआ।

## चोटिल हार्दिक पांड्या विश्वकप से हुए बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा टीम में शामिल

नयी दिल्ली, 4 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टखने में लगी चोट के कारण शनिवार को विश्वकप से बाहर हो गए। हार्दिक पांड्या विश्व कप 2023 में बंगलादेश के खिलाफ मैच में चोटिल हो गये थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज यहां जारी विज्ञिप्त के अनुसार पांड्या के स्थान पर तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। हार्दिक पांड्या ने शनिवार को टीम से बाहर होने पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर भावुक होकर लिखा, यद्दिप यह पचा पाना मुश्किल होगा कि मैं इस विश्व कप के बाकी के हिस्से में नहीं खेल पाऊंगा, लेकिन मैं अपनी टीम के साथ रहूंगा, पूरे उत्साह से हर मैच में हर गेंद पर उनका हौसला बढ़ाऊंगा। मुझे मिला प्यार, सहयोग और शुभकामनाएं जबरदस्त रही हैं, इसके लिए धन्यवाद। यह टीम एक खास टीम है और मुझे पूरा विश्वास है कि सभी लोग हम पर गर्व करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया से पार नहीं पा सका इंग्लैंड, 33 रन से हारा

अहमदाबाद, 5 नवंबर। मार्नस लाबुशेन (71) की शानदार पारी के बाद एडम जम्पा (21 रन पर तीन विकेट) के अलावा तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की मदद से आस्ट्रेलिया ने शनिवार को इंग्लैंड को 33 रन से एक और हार झेलने पर मजबूर कर दिया। 2019 के विश्व कप विजेता की सात मैचों में यह छठवीं हार थी जिससे उसका स्थान अंतिम पायदान पर हो गया है।

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 286 रन बनाये जिसके जवाब में गत विजेता इंग्लैंड की पूरी टीम 48.1 ओवर में 253 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की जान माने जाने वाले जो रूट (13) का बल्ला आज भी नहीं चला जबकि सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (0) पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम ने आज जीत का जज्बा दिखाया। डेविड मलान (50) और बेन स्टोक्स (64) ने विकेट पर टिक कर अर्धशतकीय पारी खेली जबकि बाद में मोइन अली (42) और क्रिस वोक्स (32) ने अपेक्षाकृत तेजी से रन बटोर कर लक्ष्य का पीछा करने का भरपूर प्रयास किया मगर नियमित अंतराल पर विकेटों के पतन से लक्ष्य दूर होता चला गया जो अंततः हार का कारक बना।

इंग्लैंड की पारी को कम स्कोर पर समेटने में एडम जम्पा की भूमिका अहम रही जिन्होने न सिर्फ रनो की गति पर अंकुश लगाया बल्कि अपनी टीम के लिये सर्वाधिक तीन विकेट झटके। उनके अलावा मिचेल स्टार्क, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो दो विकेट चटका कर इंग्लैंड के मनोबल को पूरी तरह तोड़ दिया।

इससे पहले स्टीव स्मिथ (44), मार्नस लाबुशेन (71) और कैमरन ग्रीन (47) की टिकाऊ पारियों के बावजूद आस्ट्रेलिया इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 49.3 ओवर में 286 रनों पर ढेर हो गयी।

# फखर ने जमीन पर सिर रखकर सेंचुरी सेलिब्रेट की


## विलियम्सन ने पीछे की ओर दौड़ कैच पकड़ा, चोटिल अंगूठे के साथ 95 रन भी बनाए



बेंगलुरु, 5 नवम्बर। पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने न्यूजीलैंड को मैथड के तहत 21 रन से हराया दिया है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में वर्षा से प्रभावित इस मुकाबले में कीवी टीम ने पाकिस्तान को जीत के लिए 402 रन का टारगेट दिया है। मुकाबले की पहली पारी में कुछ रोमांचक मोमेंट्स देखने को मिले। 402 रन का टारगेट चेज करने उतरी पाकिस्तान के ओपनर फखर जमान ने वर्ल्ड कप की पहली सेंचुरी जमाई। उन्होंने वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की ओर से सबसे तेज शतक जमाया। फखर ने 63 बॉल में सेंचुरी पूरी की। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 9 छक्के जमाए। फखर ने सेंचुरी बनाने के बाद जमीन पर सिर रखकर ऊपर वाले का शुक्रिया अदा किया। पिछले मुकाबले में अफगानिस्तानी खिलाड़ियों ने मैदान पर नमाज अदा की थी। पाकिस्तानी पारी के दूसरे ओवर में केन विलियमसन ने पाकिस्तानी ओपनर अब्दुल्लाह शफीक का शानदार कैच पकड़ा। टिम साउदी की बॉल पर शफीक ने लॉन्ग ऑफ की दिशा में खेला, लेकिन विलियमसन शॉर्ट लॉन्ग ऑफ पर खड़े थे। ऐसे में विलियमसन ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़ा। यहां शफीक 4 रन बनाकर आउट हुए। चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन ने चोटिल अंगूठे के साथ 95 रन की उपयोगी पारी खेली। वे 68 रन पर डेवोन कॉन्वे (35 रन) के आउट होने के बाद खेलने उतरे और रचिन रवींद्र के साथ 142 बॉल पर 180 रनों की पार्टनरशिप की।हसन अली से छूटा सैंटनर का कैच। कीवी पारी के आखिरी ओवर में हसन अली से लॉन्ग ऑन में मिचेल सैंटनर का कैच छूट गया। शाहीन अफरीदी के ओवर की तीसरी बॉल को मिचेल सैंटनर ने लॉन्ग ऑन की ओर स्लॉग किया। बॉल कुछ देर हवा में रही। इसे कैच करने के लिए हसन अली तेजी से आगे आए, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही बॉल जमीन पर गिर गई। हालांकि, उन्होंने 2 रनों का सफल बचाव किया।

## झारखंड महिला एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी रांची : भारत बनाम जापान में होगी खिताबी भिड़ंत

रांची, 5 नवंबर। भारत और जापान के बीच झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में जापान ने चीन को 2-1 से जबकि दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने कोरिया को 2-0 से मात दी। चीन और कोरिया के बीच अब कांस्य पदक मुकाबला खेला जाएगा। मलेशिया ने थाईलैंड को 1-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। फाइनल और कांस्य पदक मुकाबला रविवार को होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार शुरुआत की और पहले हाफ के अंदर ही 2-0 की बढ़त बना ली। मेजबान टीम के लिए पहला गोल सलीमा टेटे ने 11वें मिनट में मैदानी गोल के रूप में किया। इसके बाद विट्टल वैश्नवी फाल्के ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करके मुकाबले में भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया।



*ब्राज़ील मूल की, हॉली ट्री की एक ऐसी छोटी प्रजाति का फिर से पता चला है, जिसे दो सौ साल पहले विलुप्त मान लिया गया था। एक अद्भुत विश्वव्यापी कन्ज़र्वेशन प्रोजैक्ट ''रिटर्न टु लाइट,'' उन प्रजातियों की पहचान करता है जो सैकड़ों वर्षों से नज़र नहीं आई हैं। अभी तक, खोई हुई 25 ''मोस्ट वॉन्टेड'' प्रजातियों में से 9 प्रजातियों की खोज हो चुकी है। ब्राज़ील के इगारास्सू शहर में पेहनमबूको हॉली (सदाबहार वृक्ष शूलपर्णी) के चार पेड़ चिन्हित किए गए। इस पेड़ को, जो 8 से 12 मीटर ऊँचा हो सकता है, उसके छोटे-छोटे सफेद फूलों से पहचाना गया। इसके लिए वनस्पिति विशेषज्ञों की टीम ने कई घंटों तक म्यूज़ियम में मौजूद पेड़ के नमूनों का अध्ययन किया। वैज्ञानिकों ने म्यूज़ियम के उन हरबेरिया कलैक्शन्स को भी देखा जिन्हें डिजिटाइज़ नहीं किया गया था। प्रौजैक्ट की टीम सदस्य जूलिआना अलिंकर ने एक वक्तव्य में कहा, ''प्रकृति हमें चकित करती है। ऐसी प्रजाति, जिसके बारे में लगभग दो सदियों तक कुछ सुना ना हो, का मिलना रोज़ की बात नहीं है। वाकई वो अद्भुत क्षण था।'' टीम के एक अन्य सदस्य, प्रौफेसर मिल्टन ग्रॉपो ने कहा, ''जब हमने पेहनमबूको हॉली का पेड़ देखा तो हम बहुत उत्साहित हो गए। कच्छी सड़क के किनारे एक पेड़ पर कुछ सफेद फूल नज़र आए। ऐसा लगा मानो कोई खोया हुआ ऐसा प्रियजन मिल गया जिसे आपने अभी तक पुरानी पोर्ट्रेट में ही देखा था।'' खोज अभियान का नेतृत्व कर रहे थे गुस्तावो मार्टिनैली, जो नाविया बायोडायवर्सिटी में इकॉलजिस्ट हैं। अनुसंधान को स्पॉन्सर किया था ''रीः वाइल्ड'' संगठन ने। अभी तक यह संगठन विश्वभर में आठ ऐसी प्रजातियों की पुनः खोज को फाइनैंस कर चुका है, जिन्हें विलुप्त मान लिया गया था।*

# जोधपुर में मु.मंत्री के खासमखास पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच ने पार्टी से बगावत की

## रामेश्वर दाधीच ने सूरसागर सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया

जोधपुर, 5 नवम्बर (कासं)। मुख्यमंत्री के खासमखास जोधपुर नगर निगम के पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का शंखनाद कर दिया है। शनिवार को कांग्रेस की सूची जारी होने के बाद जोधपुर की सूरसागर सीट से पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच ने आज पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने रविवार को मीडिया से रुबरू होते हुए अपने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस दौरान उन्होंने भारी गले से कहा कि, अशोक गहलोत से किसी भी प्रकार की नाराजगी नहीं है। लेकिन राजनीति में उन्होंने सूरसागर से कार्यकर्ताओं को अनसुना करके गलत किया है।

दरअसल, रविवार को जारी की गई कांग्रेस की सूची में सूरसागर सीट से पूर्व प्रत्याशी प्रोफेसर अयूब खान के बेटे शहजाद खान को टिकट दिया है। इस बार इस सीट से कांग्रेस के 60 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने दावेदारी पेश की थी। कार्यकर्ताओं ने मांग की थी कि, इस सीट से मेहनती कार्यकर्ता को टिकट दिया जाए, जो इस सीट को जीताकर लेकर आए।

■ **रविवार को जारी की गई कांग्रेस की सूची में सूरसागर सीट से पूर्व प्रत्याशी प्रोफेसर अयूब खान के बेटे शहजाद खान को टिकट मिला है।**

दाधीच ने बताया कि, कांग्रेस की ओर से इस सीट पर दावेदारों के नाम के पैनल भेजे थे। उसमें कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे। पार्टी ने उन सभी मेहनती और पुराने कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज कर दिया और बिना अनुभव वाले को टिकट दे दिया।

दाधीच ने कहा कि, वह पार्टी के इस फैसले से नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है। वहीं किसी अन्य पार्टी का भी सहयोग नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि, अभी कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उनके साथ कितने है यह पता नहीं। लेकिन उन्हें उनके कार्यकर्ता और जनता ने विश्वास दिलवाया है। जिस पर वह चुनाव लड़ रहे है। गौरतलब है कि, टिकट के दावेदारों में सबसे पहला नाम रामेश्वर दाधीच का ही था। क्षेत्र के लोगों में भी यही चर्चा थी कि, इस बार सूरसागर विधानसभा क्षेत्र से रामेश्वर दाधीच को ही टिकट मिलेगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा है कि, बीजेपी की इस परंपरागत सीट पर इस बार कांग्रेस जीत हासिल करे, मगर वे तुष्टिकरण के आगे नतमस्तक हो गए। पिछली बार भी कांग्रेस ने अल्पसंख्यक का कार्ड खेला था, लेकिन उससे सफलता नहीं मिली।

सूरसागर विधानसभा सीट की बात करें तो ये सीट 2008 के सीमांकन के बाद से बीजेपी के पास रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार सूर्यकांता व्यास ने कांग्रेस के अयूब खान को हराकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस हार का मुंह देखने के बाद भी अपनी नीति नहीं बदल पाई। हालांकि यह देखना भी जरूरी है कि, रामेश्वर दाधीच किस पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाएंगे। क्योंकि भाजपा के प्रत्याशी देवेन्द्र जोशी ब्राह्मण हैं और रामेश्वर दाधीच भी ब्राह्मण समाज से है। इस हिसाब से तो रामेश्वर दाधीच भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाकर कांग्रेस प्रत्याशी की राह आसान करने वाले हैं।

गौरतलब है कि, कांग्रेस ने शनिवार देर रात छठी सूची जारी कर जोधपुर की चार विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए। लोहावट से किशनाराम, शेरगढ़ से मीना कंवर को रिपीट किया है। वहीं सूरसागर सीट से इस बार कांग्रेस ने 28 साल के शहजाद खान को मैदान में उतारा है। फलोदी में ब्राह्मण चेहरे के रूप में प्रकाश छंगानी को मौका दिया है। इन चार सीटों पर चेहरे को लेकर काफी समय से चर्चाएं चल रही थीं। जिसमें सूरसागर सीट पर चेहरे को लेकर काफी संशय था। इस सीट पर कांग्रेस ने फिर से मुस्लिम चेहरे को रिपीट कर सभी को चौंका दिया।

## केदारनाथ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की 14 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चुके हैं। वह कैलाश मानसरोवर जाकर भी भगवान शिव के दर्शन कर चुके हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने उज्जैन में महाकाल के दर्शन के साथ ही कई मंदिरों में दर्शन किए। केदार यात्रा को भी भारत जोड़ो यात्रा की आध्यात्मिक यात्रा माना जा रहा है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार गांधी मंगलवार को बाबा केदार के दर्शन के बाद वापस लौटेंगे।

# महुआ मोइत्रा के खिलाफ संसद की एथिक्स कमेटी की जांच पूरी हुई

## एथिक्स कमेटी आगामी 7 नवम्बर को इस मामले में बैठक करेगी जिसमें कमेटी महुआ के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर सकती है

नई दिल्ली, 5 नवम्बर। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़ी जांच की मसौदा रिपोर्ट पर विचार करने के लिए 7 नवंबर को बैठक करेगी। समिति की ओर से मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए बैठक आयोजित करने का मतलब है कि भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अब वह अपनी सिफारिश करेगी। इसके पहले समिति के सदस्य 2 नवंबर को पिछली बैठक के दौरान अपनी-अपनी पार्टी के रुख के तहत बंटे दिखे थे। आचार समिति में 15 सदस्य हैं जिनमें बहुमत भाजपा का है।

■ **एथिक्स कमेटी में 15 सदस्य हैं जिनमें बहुमत भाजपा का है। माना जा रहा है कि, समिति मोइत्रा के आचरण पर गंभीर रुख अपना सकती है, खासकर तब जब उन्होंने पिछली बैठक में सोनकर पर उनसे तुच्छ और व्यक्तिगत सवाल पूछने का आरोप लगाते हुए विपक्षी सदस्यों के साथ बैठक से वॉकआउट किया था।**

समिति मोइत्रा के आचरण पर गंभीर रुख अपना सकती है, खासकर तब जब उन्होंने पिछली बैठक में सोनकर पर उनसे तुच्छ और व्यक्तिगत सवाल पूछने का आरोप लगाते हुए विपक्षी सदस्यों के साथ बैठक से बहिर्गमन किया था।

ऐसे संकेत है कि समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में मोइत्रा के खिलाफ सिफारिश कर सकती है। ऐसी भी संभावना है कि विपक्षी सदस्य असहमति व्यक्त कर सकते हैं। समिति में शामिल 5 विपक्षी सदस्य दो नवंबर की बैठक से यह आरोप लगाते हुए बाहर निकल गए थे कि सोनकर ने मोइत्रा से उनकी यात्रा, होटल में ठहरने और टेलीफोन कॉल को लेकर निजी और अभद्र सवाल किए हैं। मोइत्रा ने बाद में आरोप लगाया कि बैठक में शब्दों से वस्त्रहरण किया गया।

## दिल्ली में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शुक्रवार और शनिवार को सभी प्राथमिक स्कूलों को बंद कर दिया था। उल्लेखनीय है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की सफर-इंडिया वायु गुणवत्ता के अनुसार दिल्ली में औसत एक्यूआई आज 346 है जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण स्तर में कल और बढ़ोत्तरी होकर औसत एक्यूआई 352 रहने की आशंका है। इसके अलावा निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर पहले ही रोक लगा दी गई है। साथ ही बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## दिल्ली शराब घोटाले में मु.मंत्री के.सी.आर. की पुत्री भी शामिल

हैदराबाद, 5 नवंबर (वार्ता)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद (एमएलसी) और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता का नाम दिल्ली शराब घोटाला मामले में है और उन्हें इस पर सफाई देनी होगी।

अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, अगर आप दिल्ली शराब घोटाला मामले को देखें तो एक के बाद एक को जांच के लिए बुलाया गया है। इसमें शामिल लोगों को नोटिस जारी कर दिया गया है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया जेल में है। उन्होंने कहा, उन्हें जमानत नहीं मिली। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी नोटिस जारी किया, जो शराब घोटाले के सरगना हैं। वहीं, कई अन्य लोग भी इस घोटाले में हैं, जो दिल्ली के नहीं बल्कि तेलंगाना राज्य के रहने वाले हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर का पूरा परिवार राज्य में भ्रष्टाचार में शामिल है।

# 'मेरे कितने जोड़ी जूते हैं ये गिनने की बजाय अडानी के 13 हजार करोड़ के स्कैम पर एक्शन ले सरकार'

## तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कैश-फॉर-क्वेरी आरोपों को लेकर रविवार को भाजपा पर निशाना साधा

नई दिल्ली, 5 नवम्बर। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कैश-फॉर-क्वेरी आरोपों को लेकर रविवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने इस मामले को लेकर गठित लोकसभा आचार समिति पर उनसे अपमानजनक सवाल पूछने के भी आरोप लगाए। मोइत्रा ने दावा किया कि उनके पास चेयरमैन के घटिया और अप्रासंगिक सवालों का रिकॉर्ड है। टीएमसी एमपी ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, फर्जी कहानी बनाकर महिला सांसदों को बाहर निकालने से पहले बीजेपी याद रखे कि मेरे पास एथिक्स कमेटी का रिकॉर्ड है। चेयरमैन के घटिया और अप्रसांसगिक सवाल, विपक्ष का विरोध, मेरा विरोध... ये सब आधिकारिक तौर पर ब्लैक एंड व्हाइट हैं। बेशर्म और बेहुदा।

■ **महुआ मोइत्रा ने रविवार को कहा कि, उन्हें पता चला है कि भाजपा उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने की योजना बना रही है। उन्होंने अडानी के मुद्दे को लेकर बीजेपी पर कटाक्ष भी किया। मोइत्रा ने पोस्ट में लिखा, यह जानकर मेरी रूह कांप रही है कि भाजपा मेरे खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज कराने की प्लानिंग कर रही है।**

महुआ मोइत्रा ने रविवार को कहा कि उन्हें पता चला है कि भाजपा उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने की योजना बना रही है। उन्होंने अडानी मुद्दे को लेकर बीजेपी पर कटाक्ष भी किया। मोइत्रा ने पोस्ट में लिखा, यह जानकर मेरी रूह कांप रही है कि भारतीय जनता पार्टी मेरे खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज कराने की प्लानिंग कर रही है। उनका स्वागत है-मैं सिर्फ इतना जानती हूं कि 13,000 करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में सीबीआई और ईडी को अडानी के खिलाफ केस दर्ज करनी चाहिए। इससे पहले कि वे सवाल करें कि मेरे पास कितने जोड़े जूते हैं।

## हैदराबाद में दो रैलियां करेंगे प्र.मंत्री मोदी

हैदराबाद, 5 नवंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 और 11 नवंबर को चुनावी राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दो सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करने वाले हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और ओबीसी मोर्चा के अखिल भारतीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण ने यह जानकारी दी।

पहली सभा बीसी आत्म गौरव सभा, एलबी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जबकि दूसरी 11 नवंबर को परेड ग्राउंड में एक सार्वजनिक सभा होगी, जो मैडिगा समुदाय द्वारा उठाए गए वर्गीकरण मुद्दे पर केंद्रित होगी। बीसी आत्म गौरव सभा का उद्देश्य गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की पुष्टि करना है कि तेलंगाना में भाजपा के सत्ता में आने के बाद एक बीसी को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।लक्ष्मण ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि यदि अवसर मिला तो भाजपा तेलंगाना के लिए बीसी मुख्यमंत्री नियुक्त कर सकती है, एक ऐसी उपलब्धि जिसकी अन्य पार्टियों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

■ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 और 11 नवंबर को चुनावी राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दो सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करने वाले हैं।**

## अखिलेश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में शामिल इन दोनों दलों के बीच राज्य में सीटों के बंटवारे को लेकर आपस में घमासान हुआ और राज्य में दोनों का गठबंधन नहीं हो सका। यादव कई बार इस मामले को लेकर सार्वजनिक मंचों से कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को लेकर बयान भी दे चुके हैं।

# कश्मीर में आतंकियों का सहयोग करने वाले 55 सरकारी कर्मी सेवा से बर्खास्त

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ये आंकड़े शेयर किए हैं

श्रीनगर, 5 नवम्बर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के मामले में 55 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ये आंकड़े शेयर किए हैं। 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। इसके बाद से अब तक सरकार ने इतने कर्मचारियों की सर्विस समाप्त की है। दरअसल, 2021 में ऐसे कर्मचारियों की पहचान के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया था। एलजी ने साफ-साफ कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों की मदद करने वालों को सरकार पैसे नहीं दे सकती।

मनोज सिन्हा शनिवार देर रात राष्ट्रीय दिल्ली में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले करीब 55 सरकारी कर्मचारियों और श्रमिकों को बर्खास्त किया गया है। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहने वाली है जब तक कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती। इन लोगों ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में मदद की है। उपराज्यपाल ने कहा कि कोई भी सरकार ऐसे लोगों को पैसा देने का जोखिम नहीं उठाने वाली है। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि इस तरह का एक्शन आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

मालूम हो कि 2019 में जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को रद्द कर दिया गया और इसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने का फैसला हुआ। मौजूदा प्रशासन संविधान के अनुच्छेद 311(2) (सी) के तहत सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर रहा है। इसके तहत सरकार को कर्मचारियों को बिना जांच के ही बर्खास्त करने का अधिकार मिला हुआ है। अगर राष्ट्रपति या राज्यपाल संतुष्ट हों कि राज्य की सुरक्षा के हित में यह जरूरी है। ऐसे मामलों की पहचान करने के लिए 21 अप्रैल, 2021 में विशेष कार्य बल का गठन किया था। इसका मकसद देश की सुरक्षा के लिए खतरा या राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से जुड़े मामले में शामिल कर्मचारियों को उजागर करना है। अब तक कई हाई प्रोफाइल या अहम सरकारी पदों पर बैठे लोगों को बर्खास्त किया जा चुका है। इसी साल अगस्त में अधिकारियों ने जेएंडके बैंक के मुख्य प्रबंधक की सर्विस को बर्खास्त कर दिया था। मैनेजर पर टेरर इकोसिस्टम के साथ संबंध रखने का आरोप लगा था। वहीं, जुलाई में जम्मू-कश्मीर सरकार ने राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल कश्मीर यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी सहित तीन सरकारी कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी। आर्टिकल 311 के तहत सरकार की ओर से अब तक जिन अन्य लोगों को बर्खास्त किया गया है उनमें रसायन विज्ञान का प्रोफेसर, हिजबुल मुजाहिदीन के चीफ सैयद सलाहुद्दीन का बेटा और जम्मू-कश्मीर जेल विभाग में उपाधीक्षक शामिल हैं।

## सोनिया गाँधी, राहुल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(गहलोत) चुनाव का प्रबंध नहीं कर पायेंगे।

गहलोत ने धारीवाल के टिकट को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया हुआ था तथा अब यह देखना रोचक होगा कि, गाँधी परिवार और अशोक गहलोत के बीच की लड़ाई में गाँधी परिवार की क्या प्रतिक्रिया होगी, जबकि राजस्थान के मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से उनका अपमान किया है। धारीवाल का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं, जिसमें वो 25 सितम्बर के बगावत प्रकरण के बाद यह कहते दिख रहे हैं कि, हाई कमान क्या होता है, राजस्थान में तो एक ही हाई कमान है, अशोक गहलोत।

कांग्रेस द्वारा आज घोषित उम्मीदवारों में कई नाम चर्चित रहे हैं। एन.एस.यू.आई. के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, जो फलौदी से टिकट मांग रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें झोटवाड़ा से उम्मीदवार बनाया है।

भारी विरोध के बावजूद मंत्री जाहिदा खान कामां से कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी। वेद प्रकाश सोलंकी भी चाकसू से टिकट प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। पूर्व मंत्री हरेंद्र मिर्धा अब पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा के सामने नागौर से कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। वहीं लंबी मशक्कत के बाद में अजमेर उत्तर से एक बार फिर महेंद्र सिंह रलावता को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम एक बार फिर कोटा दक्षिण से कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी। वहीं टोडाभीम से वर्तमान विधायक पी.आर. मीणा का टिकट काटकर पूर्व विधायक घनश्याम मैहर को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस में आज ही शामिल हुए प्रशांत सिंह परमार को कांग्रेस ने बाड़ी विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं कांग्रेस में रविवार को ही शामिल होने वाले सोनाराम को पार्टी ने गुढ़ामालानी से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

# महिला सैन्यकर्मियों को भी मिलेगी मैटरनिटी लीव

## रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी महिला सैन्यकर्मियों को समान रूप से मातृत्व, शिशु देखभाल (मैटरनिटी-चाइल्ड केयर लीव) अवकाश देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है

नई दिल्ली, 5 नवम्बर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी महिला सैन्यकर्मियों को समान रूप से मातृत्व, शिशु देखभाल (मैटरनिटी-चाइल्ड केयर लीव) अवकाश देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यह निर्णय सशस्त्र बलों में हर रैंक की महिलाओं की समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करने के सिंह के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उसने कहा कि इस कदम से सेना में महिलाओं को अपने पेशेवर एवं पारिवारिक जीवन को बेहतर तरीके से संतुलित करने में मदद मिलेगी तथा इससे कामकाजी स्थिति में सुधार होगा।

मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों में महिला सैनिकों, नाविकों और वायु सैनिकों के लिए उनकी समकक्ष अधिकारियों के बराबर मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक ग्रहण अवकाश देने संबंधी नियमों को लागू करने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा, इन नियमों के जारी हो जाने से सेना में सभी महिलाओं को समान रूप से ये छुट्टियां मिलेंगी, भले ही वे कोई अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक पर कार्यरत हों। अधिकारियों ने बताया कि इस समय महिला अधिकारियों को हर बच्चे के लिए 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलता है। यह नियम अधिकतम दो बच्चों पर लागू होता है। उन्होंने बताया कि महिला अधिकारियों को संपूर्ण सेवा कार्यालय में 360 दिन का शिशु देखभाल अवकाश मिलता है।

■ **मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अवकाश संबंधी नियमों के विस्तार से सशस्त्र बलों में महिला-विशिष्ट पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं से निपटने में काफी मदद मिलेगी। उसने कहा, इस कदम से सेना में महिलाओं के लिए कामकाजी स्थितियों में सुधार होगा और उन्हें पेशेवर एवं पारिवारिक जीवन में बेहतर तरीके से संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही तीनों सेनाओं ने नारी शक्ति का उपयोग करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप सैनिकों, नाविकों और वायु सैनिकों के रूप में महिलाओं को शामिल करके एक बड़े बदलाव की शुरुआत की है।**

इसके लिए बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की वैध तिथि के बाद 180 दिनों की दत्तक ग्रहण छुट्टी दी जाती है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अवकाश संबंधी नियमों के विस्तार से सशस्त्र बलों में महिला-विशिष्ट पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं से निपटने में काफी मदद मिलेगी। उसने कहा, इस कदम से सेना में महिलाओं के लिए कामकाजी स्थितियों में सुधार होगा और उन्हें पेशेवर एवं पारिवारिक जीवन में बेहतर तरीके से संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि तीनों सेनाओं ने नारी शक्ति का उपयोग करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप सैनिकों, नाविकों और वायु सैनिकों के रूप में महिलाओं को शामिल करके एक बड़े बदलाव की शुरुआत की है।

उसने कहा, महिला अग्निवीरों की भर्ती किए जाने से सशस्त्र बल देश की भूमि, समुद्र और हवाई सीमाओं की रक्षा के लिए महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं की बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति से सशक्त होंगे। मंत्रालय ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनाती से लेकर युद्धपोतों पर तैनात होने के साथ-साथ आसमान में श्रेष्ठता दिखाने तक भारतीय महिलाएं अब सशस्त्र बलों में लगभग हर क्षेत्र में बाधाओं को पार कर रही हैं। उसने कहा, भारतीय सेना में सैन्य पुलिस कोर में सैनिकों के रूप में 2019 में महिलाओं की भर्ती करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई। उसने कहा कि सिंह का हमेशा से मानना रहा है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में अपने पुरुष समकक्षों के बराबर होना चाहिए।

## शरणार्थी कैम्प ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पड़ोसियों के घर को निशाना बनाया, मेरे बगल का घर आंशिक रूप से ढह गया। उन्होंने अलालौल ने खुलासा किया कि हमले में उनके 13 वर्षीय पुत्र, अहमद और उनके चार वर्षीय पौत्र कैस उनके भाई के साथ मारे गये तथा उनकी पत्नी, मां और दो अन्य बच्चे घायल हो गये।

इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि बमबारी के समय इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) क्षेत्र में तैनात थे या नहीं। इजरायली चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलेवी ने शनिवार को गाजा शहर की घेराबंदी पूरी करने के बाद गाजा के अंदर सैनिकों का दौरा किया। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि इजरायली सेना गाजा में लड़ रही है। उन्होंने कहा कि वे दक्षिण और उत्तर (गाजा शहर के) से काम कर रहे थे और आबादी वाले इलाकों में प्रवेश कर गये हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908